सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
09.02.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी/ अमावस्या संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 207




06 तेलंगा खड़िया ने अंग्रेजी हुकूमत की चूल हिला दी

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

## अबुआ आवास सबका आवास

# अबुआ आवास योजना

## के अंतर्गत स्वीकृति पत्र वितरण समारोह

**20 लाख से अधिक लाभुकों को मिलेगा अबुआ आवास**

### मुख्य अतिथि

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

### विशिष्ट अतिथि

**श्री अर्जुन मुण्डा**
माननीय केंद्रीय मंत्री, जनजातीय कार्य एवं कृषि और किसान कल्याण, भारत सरकार

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री
झारखण्ड सरकार

**श्री सत्यानन्द भोक्ता**
माननीय मंत्री
झारखण्ड सरकार

**श्री बिद्युत बरन महतो**
माननीय सांसद, जमशेदपुर
लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, झारखण्ड

**श्रीमती गीता कोड़ा**
माननीय सांसद, सिंहभूम
लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, झारखण्ड

**श्री संजय सेठ**
माननीय सांसद, रांची
लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, झारखण्ड

### सम्मानित अतिथि

**श्री बन्ना गुप्ता** — माननीय विधायक, जमशेदपुर पश्चिम, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र
**श्री सरयू राय** — माननीय विधायक, जमशेदपुर (पूर्वी) , विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र
**श्री रामदास सोरेन** — माननीय विधायक, घाटशिला, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र
**श्री मंगल कालिंदी** — माननीय विधायक, जुगसलाई, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र
**श्री समीर कुमार मोहन्ती** — माननीय विधायक, बहरागोड़ा, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र
**श्री संजीब सरदार** — माननीय विधायक, पोटका, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र
**श्रीमती जोबा माझी** — माननीय विधायक, मनोहरपुर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र
**श्री दीपक बिरुवा** — माननीय विधायक, चाईबासा, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र
**श्री निरल पुरती** — माननीय विधायक, मझगांव, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र
**श्री सुखराम उरांव** — माननीय विधायक, चक्रधरपुर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र
**श्री सोना राम सिंकू** — माननीय विधायक, जगन्नाथपुर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र
**श्रीमती सबिता महतो** — माननीय विधायक, ईचागढ़, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र
**श्री दशरथ गागराई** — माननीय विधायक, खरसावाँ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र

दिनांक: **9 फरवरी 2024** | समय: **दोपहर 12 बजे**
स्थान: **गोपाल मैदान, बिष्टुपुर, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम**

**₹2 लाख** की सहायता प्रति आवास

**तीन कमरों** का पक्का मकान, रसोई घर और शौचालय का भी निर्माण

**वर्ष 2027 तक** सभी जरूरतमंद लोगों को मिलेगा अबुआ आवास



**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PRNO 318379 (IPRD)23-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# जेएसएससी एडमिट कार्ड हेमंत सोरेन के करीबी के यहां बरामद होना गंभीर विषय : संजय सेठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा सांसद संजय सेठ ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके करीबी विनोद सिंह के व्हाट्सएप चैट के खुलासे का मामला गुरुवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान उठाया। श्री सेठ ने लोकसभा में कहा कि झारखंड में झामुमो और कांग्रेस की सरकार को लेकर रोज नये-नये खुलासे हो रहे हैं। झारखंड में पूर्व की जो सरकार चल रही थी, वह व्हाट्सएप पर चलती थी। ट्रांसफर, पोस्टिंग जैसे कार्य व्हाट्सएप पर किये जाते थे। उन्होंने कहा कि इससे भी गंभीर विषय है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री के करीबी विनोद सिंह के यहां जेएसएससी की परीक्षा के एडमिट कार्ड बरामद हुये हैं। यह बहुत गंभीर मामला है। लोकसभा में उन्होंने केंद्र से मांग की कि जेएसएससी के पेपर लीक और व्हाट्सएप चैट मामले की जांच सीबीआई से कराई जाये।

**आदित्य साहू ने राज्यसभा में पूछा था सवाल**

# 257 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण का लक्ष्य : नितिन गडकरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू ने राज्यसभा में झारखंड राज्य में कितने किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण का प्रस्ताव है तथा विगत तीन वर्षों में कितनी धनराशि निर्धारित की गई है, से संबंधित सवाल पूछा। श्री साहू के तारांकित प्रश्नों का जवाब देते हुये केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि वर्ष 2023-24 के दौरान 257 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण का लक्ष्य है। राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के लिए राज्य को विगत तीन वर्षों में 8,588 करोड़ रूपये की राशि मिली है। उन्होंने विगत तीन वर्षों में झारखंड के सभी जिलों से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रख रखाव के लिए 8,588 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। उन्होंने पिछले तीन वर्षों का ब्योरा देते हुये बताया कि वर्ष 2020-21 में झारखंड में 135 किलोमीटर, 2021-22 में 103 किलोमीटर और 2022-23 में 473 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण पूर्ण किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 में राज्य में 257 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण का लक्ष्य है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

**—: रद्द संबंधी सूचना :—**

पत्रांक 155 / ग्रा.वि.वि.प्र., चतरा, दिनांक–7.2.2024

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा डी0एम0एफ0टी0 के तहत ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं.– RDD/SD/CHATRA /17/2023-24/RE-1, नगर परिषद अन्तर्गत (चतरा शहर में) 1950 सोलर एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन कार्य का निविदा आमंत्रित की गई थी जिसका PR No. 311615 Rural Development(23-24):D है। उक्त निविदा को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा

PR 318251 (Rural Development)23-24*D



**कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा।**
**मत्स्य अण्ड बीज (स्पॉन) की आपूर्ति हेतु अति अल्पकालीन निविदा**

**आमंत्रण–सूचना**

एतद् द्वारा निदेशक मत्स्य, झारखंड, रॉंची के पत्रांक– 219 दिनांक 05.02.2024 के आलोक में मत्स्य स्पॉन उत्पादकों/आपूर्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि विभिन्न योजनान्तर्गत भारतीय मेजर कॉर्प (रोहू, कतला, मृगल)/विदेशी कॉर्प (ग्रास कॉर्प, कॉमन कॉर्प) का मत्स्य अण्ड बीज (स्पॉन) की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2024–25 के अंतर्गत किया जाना है। इच्छुक मत्स्य स्पॉन उत्पादकों/आपूर्तिकर्त्ताओं/स्थानीय हैचरी संचालकों से स्पॉन आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 16.02.2024 के अपराह्न 02:00 बजे दिन तक जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा के कार्यालय में स्वीकार किया जाएगा। निविदा हेतु परिमाण विपत्र कार्यालय से क्रय कर उसी परिमाण विपत्र में निविदा/दर स्वीकार किया जाएगा। निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्तें जिला कोडरमा के NIC Website- https://koderma.nic.in/ एवं जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा के सूचना– पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा निष्पादन की तिथि एवं स्थान बाद में सूचित की जायेगी।

1. मत्स्य अण्ड बीज का अधिकतम सरकार द्वारा निर्धारित दर मो0 550/– रूपये प्रति लाख परिवहन व्यय सहित।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य :– मो0 6,000.00 (छः हजार रूपये) मात्र।
3. परिमाण विपत्र क्रय करने की तिथि :– दिनांक 12.02.2024 से 15.02.2024 (कार्यालय कार्य अवधि में)

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 318335 Fish(23-24)D



**कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा।**
**अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 08/2023–24**
**दिनांक 08.02.2024**

| क्र0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सडक परिवहन मद | | | | | | |
| 1 | 01 | साधु यादव के दुकान से दिलीप दास के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1139600.00 | 22800.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2 | 12 | लखीबागी बसुन्धरा पेट्रोल पम्प के पिछे दुर्गा मण्डप के सामने से राजेश यादव के घर तक पी0सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। | 1153410.00 | 23100.00 | 5000.00 | 03 Months |
| नागरिक सुविधा मद | | | | | | |
| 3 | 14 | जय नगर रोड रेलवे पुल से अरघोती नदी तक ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य। | 1654900.00 | 33100.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 4 | 01 | नगर पंचायत कोडरमा कार्यालय के सामने पार्क निर्माण कार्य एवं भगवान बिरसा मुण्डा का प्रतिमा अधिष्ठापन कार्य। | 2047700.00 | 41000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 5 | 05 | अफताब पत्रकार घर के सामने से सोनु डीस वाला के घर तक आर0सी0सी0 नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य। | 1612600.00 | 32300.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 6 | 08 | भवानन्द सिंह के घर से (सरकारी चापाकल) नरेन्द्र पाल के घर होते हुए राजेन्द्र चौक तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण। | 1099300.00 | 22000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 7 | 09 | सहाना रोड लाला बाबु के घर से NH-31 तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 1236400.00 | 24800.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 8 | 11 | राजन साव के घर से NH-31 तक आर0सी0सी0 नाला का निर्माण। | 1484500.00 | 29700.00 | 5000.00 | 03 Months |
| A | | Date of Publication of Tender on website | | | 12-02-2024 | |
| B | | Last Date / Time for receipt bid on online | | | 20-02-2024 | |
| C | | Date of opening Tender | | | 22-02-2024 | |
| D | | Name & Address of office inviting tender | | | Executive Officer Nagar Panchayat Koderma | |
| E | | Helpline No. | | | +91-8434850985 | |

Note :-
- Only E-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in
- E-procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, रॉंची का आदेश ज्ञापांक – 120 दिनांक – 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रॉंची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक – 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

ह0/–
प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा

PR 318253 Urban Development(23-24)D


**इडी की 539 पन्नों की रिपोर्ट में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के व्हाट्सएप चैट पर भाजपा हमलावर**

# मेधा घोटाले में सीएमओ की संलिप्तता की सीबीआई जांच हो: कुणाल षाड्ंगी

**आरोप : पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने राजस्व विभाग से 8.46 एकड़ की विवादित जमीन की जमाबंदी रद्द कर दी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड्ंगी ने मेधा घोटाले में सीएमओ की संलिप्तता का आरोप लगाकर इसकी सीबीआई जांच की मांग की है। श्री षाडंगी गुरूवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जमीन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच में अब मेधा घोटाला सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि जिस 8.46 एकड़ जमीन के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने हिरासत में लिया है, उसमें हेमंत सोरेन अपने आवास से ईडी अधिकारियों के आने के पहले 40 घंटे तक गायब रहे थे, उसी दिन उन्होंने राजस्व विभाग से 8.46 एकड़ की विवादास्पद जमीन की जमाबंदी रद्द कर दी। इसके साथ ही, अब मेधा घोटाले के सामने आने के बाद लाखों युवाओं में निराशा एवं रोष का माहौल है।

उन्होंने कहा कि जमीन घोटाले की जांच में जुटी ईडी ने कोर्ट में जमा 539 पन्नों की व्हाट्सएप चैट में राज्य में पिछले दिनों आयोजित जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा में हुए प्रश्न पत्र लीक के मामले में सीधे तौर पर मुख्यमंत्री कार्यालय की संलिप्तता पाई है। इस 539 पन्नों की रिपोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री का विभिन्न दलालों के साथ सीट बेचने की चैट है। एडमिट कार्ड शेयर करने से स्पष्ट है कि जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक सरकारी संरक्षण एवं मुख्यमंत्री कार्यालय के संज्ञान में कराई गई है। उन्होंने कहा कि मुख्य परीक्षा एकसाथ कराकर अपने छात्रों का चयन कराना सीधे-सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय पर भ्रष्टाचार के संगीन आरोप को इंगित करता है।

उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच सीबीआई से करायी जाये। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने युवाओं को धोखा देकर उनके हितों पर लगातार प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनजाति समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाया, लेकिन झामुमो के गठबंधन के साथी कांग्रेस ने उनका भी विरोध किया। उन्होंने कहा कि इन मामलों में संलिप्त सभी दोषियों को सख्त से सख्त सख्त सजा मिलनी चाहिए जिससे कि भविष्य में कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं हो।

इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक भी उपस्थित थे।

**प्रश्न पत्र लीक को लेकर भाजयुमो ने राजभवन के पास दिया धरना**

# प्रश्न पत्र लीक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भी है संलिप्तता : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजयुमो के तत्वावधान में गुरूवार को जेएसएससी प्रश्न लीक मामले में राजभवन के समीप एकदिवसीय धरना दिया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जेएसएससी की परीक्षा की तिथि घोषणा से 2-3 दिन पहले से ही सूचना थी कि 35 लाख से लेकर 50 लाख तक में सीट बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर कोई पैसा लेकर युवा पदाधिकारी या कर्मचारी बनता है तो यह स्पष्ट है कि करप्शन की बुनियाद पड़ेगी। बाबूलाल ने कहा कि यह पहले भी ऐसी कई तरह की परीक्षाओं में गड़बड़ी सामने आई थी। छात्रों ने जब सड़क पर उतर कर विरोध किया और सारा सबूत दिखाया तो सरकार को स्वीकार करना पड़ा। उन्होंने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मांग की है कि मेधा घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की अनुशंसा करें। मौके पर शशांक राज ने कहा हर युवा छात्र इस भ्रष्ट सरकार से परेशान और तंग हो चुका है। धरना कार्यक्रम में रोमित नारायण सिंह, अशोक बड़ाइक, वरूण साहू, रमेश सिंह, संजीव विजयवर्गीय, रूपेश सिन्हा, भूपेंद्र सिंह, सूर्यप्रभात, नीरज सिंह, जितेंद्र सिंह पटेल, राजू सिंह, रोहित सिंह रानी, पवन पासवान, पूजा सिंह, सुरेश शर्मा, रंजीत नाथ साहदेव, कुंदन कुमार, सचिन साहू, धर्मवीर सिंह, साहित्य पवन, अमित अग्रवाल, राजेश साहू, रविंद्र सिन्हा, विनोद कुमार, अमन यादव, तुषार आरव, उज्जवल मिश्रा, राजू पांडे, बसंत पांडे, सनी सिंह, समुंद्र मिर्धा, मदन साहू, सूरज भान सिंह, राहुल गुप्ता, आयुष सिंह, सिद्धांत राम, तन्मय झा आदि युवा छात्र शामिल हुये।

**जेएसएससी पेपर लीक मामले में अधिकारियों ने एसआइटी पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप**

# सीएस को लिखा- काम में हो रही परेशानी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जेएसएससी पेपर लीक मामले में जेएसएससी के पदाधिकारियों ने एसआईटी पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इसे लेकर जेएसएससी के पदाधिकारियों ने गुरुवार को मुख्य सचिव को पत्र भी लिखा है। इसमें कहा गया है कि 28 जनवरी को जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा ली गई थी। इसमें पेपर लीक होने की घटना आमने आयी है। इसके बाद परीक्षा को रद्द कर दी गई। परीक्षा में संज्ञान में आए अनियमितता में सरकार के द्वारा गठित एआईटी द्वारा जांच की जा रही है। जांच में आयोग के सभी पदाधिकारी/कर्मी सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं लेकिन गुरुवार को परीक्षा से संबंधित पदाधिकारियों को अपराधियों की भांति जोनल आईजी के आवासीय कार्यालय, रांची में बुलाया गया। इसमें दोनों पदाधिकारियों द्वारा ससमय जांच में सहयोग के लिए उपस्थिति दर्ज कराई गई परंतु वरीय पुलिस अधिकारियों द्वारा पूछताछ के क्रम में परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक करने के मामले में संदिग्ध अपराधी का नाम बताने के लिए दबाव बनाया गया तथा अमर्यादित व्यवहार किया गया। इस घटना से आयोग कार्यालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी जो आयोग में प्रतिनियुक्त हैं, कार्य करने में असहज महसूस कर रहे हैं।

**इस कदाचार में आयोग का कोई भी अधिकारी/कर्मी संलिप्त नहीं**

मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा गया है कि आयोग के वर्तमान अध्यक्ष द्वारा मुख्य सचिव, कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग और प्रेस मीडिया को स्पष्ट सूचना दी गई है कि इस कदाचार में आयोग के किसी पदाधिकारी/कर्मी की संलिप्ता नहीं है। उनके द्वारा स्पष्ट किया गया है कि आयोग के तत्वावधान में आयोजित परीक्षाओं में ऑनलाईन आवेदन पत्र प्राप्त करने से लेकर परीक्षाफल तैयार करने तक की सारी प्रकियाएं आउटसोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से संचालित कराई जाती है।

# राष्ट्रीय खेल घोटाले की क्लोजर रिपोर्ट कोर्ट में की गयी दाखिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 34वें राष्ट्रीय खेल घोटाले के एक मामले में सीबीआई ने विशेष अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी है। क्लोजर रिपोर्ट में कहा गया है कि मामले में छानबीन की गई। मगर घोटाले को लेकर छानबीन के दौरान कोई ठोस साक्ष्य हासिल नहीं किये जा सके। इसलिये इस मामले को बंद कर दिया जाये। कोर्ट ने सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट जमा कर ली गई है। मालूम हो कि झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने 25 अप्रैल 2022 को राष्ट्रीय खेल घोटाले को लेकर दो प्राथमिकी दर्ज की थी। पहली प्राथमिकी होटवार स्थित स्पोर्टस कांप्लेक्स निर्माण में हुई गड़बड़ी को लेकर की गई थी। इस मामले में सीबीआई ने जांच प्रारंभ की थी। इसी मामले में सीबीआई ने डेढ़ साल से अधिक समय तक जांच की। दाखिल क्लोजर रिपोर्ट पर अदालत 20 फरवरी को सुनवाई करेगी। बता दें कि 34वें राष्ट्रीय खेल में 28 करोड़ 38 लाख रुपए के घोटाले का आरोप है।

**कोयला खान भविष्य निधि संगठन**

# संशोधित पेंशन पेमेंट ऑर्डर जारी करने की प्रक्रिया शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोयला खान भविष्य निधि संगठन द्वारा दिवंगत सेवानिवृत्त कर्मियों के आश्रित विधवा/विधुर को पेंशन भुगतान की प्रक्रिया को सरल करते हुए संशोधित पेंशन पेमेंट ऑर्डर जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। बता दें कि सेवानिवृत्त कर्मियों के विधवा/विधुर पेंशन भुगतान प्रक्रिया के सरलीकरण तथा परेशानी मुक्त पेंशन प्राप्त करने के उद्देश्य से सीएमपीएफओ द्वारा संशोधित पेंशन पेमेंट ऑर्डर जारी किये जाने की प्रक्रिया अपनायी जा रही है।

संशोधित पेंशन पेमेंट ऑर्डर प्राप्त करने के लिए पेंशन भोगी जिनके जीवनसाथी (पति/पत्नी) जीवित हैं उन्हें कोल इंडिया अनुषंगिक कंपनी के उस क्षेत्र में संपर्क कर निर्धारित फॉर्म में अपनी एवं अपने जीवनसाथी (पति/पत्नी) की जानकारी देनी होगी।

फॉर्म को पूर्णतः भरकर स्वयं एवं जीवनसाथी के आधार कार्ड, पैनकार्ड, संयुक्त बैंक बचत खाता पासबुक (जीवनसाथी के साथ फॉर्मर एवं सर्वाइवर मोड़ में) जिसमें पेंशन प्राप्त हो रही है की स्वसत्यापित प्रतिलिपि, सेवानिवृत्त के समय जारी पेंशन पेमेंट आर्डर की प्रतिलिपि एवं पेंशनर तथा जीवनसाथी के 3 संयुक्त छायाचित्र के साथ उस क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक के पास जमा करना होगा जहाँ से पेंशन भोगी सेवानिवृत्त हुआ है।

सेवानिवृत्त होने के पश्चात कोयला खान पेंशन योजना 1998 के तहत मासिक पेंशन का भुगतान कोयला खान भविष्य निधि संगठन के द्वारा किया जाता है। पेंशन भोगी की मृत्यु के उपरान्त विधवा/विधुर पेंशन भुगतान का प्रावधान है, जिसके लिए विधवा/विधुर को उस इकाई/खान में जाकर अपना पेंशन दावा एवं दस्तावेज जमा करना होता है जहाँ से पेंशन भोगी सेवानिवृत हुआ था।

# कोल इंडिया उत्पादन लक्ष्य से 169.89 एमटी दूर



| कंपनी | लक्ष्य | उत्पादन |
|---|---|---|
| बीसीसीएल | 41.00 | 33.66 |
| सीसीएल | 84.00 | 64.75 |
| ईसीएल | 51.00 | 35.19 |
| एमसीएल | 204.00 | 166.11 |
| एनसीएल | 135.00 | 115.71 |
| एसईसीएल | 197.00 | 142.86 |
| डब्ल्यूसीएल 51.87 | | 68.00 |
| एनईसी | 0.20 | 0.15 |
| कुल | | |
| सीआईएल | 780.20 | 610.31 |

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) उत्पादन लक्ष्य से 169.89 मिलियन टन (एमटी) दूर है। चालू वित्त वर्ष में जनवरी तक की स्थिति में सीआईएल का कुल उत्पादन 610.31 मिलियन टन तक पहुंचा है। टारगेट 780.20 मिलियन टन का है। सीआईएल का कोल डिस्पैच 619.77 मिलियन टन दर्ज हुआ है।

# राज्य सूचना सेवा के 22 अधिकारी बदले, उर्वशी रांची की डीपीआरओ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सूचना सेवा के 22 अधिकारियों का तबादला-पदस्थापन किया गया है। धनबाद की डीपीआरओ उर्वशी पांडेय को रांची का डीपीआरओ बनाया गया है। वहीं रांची डीपीआरओ प्रभात शंकर को रामगढ़ के डीपीआरओ बनाये गये हैं। चाईबासा की डीपीआरओ ईशा खंडेलवाल को कोल्हान प्रमंडल के उप जनसम्पर्क निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं उप जनसम्पर्क निदेशक पलामू प्रमंडल मेदिनीनगर के आनंद को उप जनसंपर्क निदेशक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग बनाया गया है। संजीव कुजूर उप जनसम्पर्क निदेशक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग को उप जनसम्पर्क निदेशक पलामू प्रमंडल मेदिनीनगर के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं रश्मि सिन्हा को गिरिडीह से जामताड़ा तबादला किया गया है। इसी तरह सैयद राशिद अख्तर, डीपीआरओ खूंटी को सहायक निदेशक, जनसम्पर्क निदेशालय, रांची का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। प्रभात शंकर को रामगढ़ का डीपीआरओ बनाया गया है। सुनील कुमार सिंह को सरायकेला-खरसावां से धनबाद भेजा गया है। रवि कुमार को देवघर से कोडरमा, पलटू महतो को लोहरदगा से गुमला, अविनाश कुमार को गोड्डा से सरायकेला-खरसावां, राहुल कुमार भारती को बोकारो से देवघर, पंचानन उरांव को हजारीबाग से जमशेदपुर, शिवनंदन बड़ाईक को कोडरमा से लोहरदगा, रोहित कुमार को जमशेदपुर से हजारीबाग, रोहित कंडुलना को लातेहार से दुमका साकेत कुमार पांडेय को गढ़वा से बोकारो, असीम कुमार को रामगढ़ से पलामू, अंजना भारती को दुमका से गिरिडीह, चंदन को पाकुड़ से लातेहार, शकील अहमद को आदिवासी कार्यालय से स्थानांतरित करते हुए चतरा और शकील अहमद संपादक, आदिवासी कार्यालय रांची के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। इसके अलावा वैसे जिले जहां किसी पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं किया गया है। वैसे जिलों में डीसी अपने स्तर से किसी पदाधिकारी को डीपीआरओ का अतिरिक्त प्रभार देंगे।

# गैर भाजपा शासित राज्यों में राज्यपाल के रवैये के विरोध में सीपीएम ने निकाला आक्रोश मार्च

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** गैर बीजेपी शासित राज्यों में राज्यपाल के भेदभावपूर्ण रवैये के विरोध में गुरुवार को सीपीएम ने रांची में आक्रोश मार्च निकाला और राजभवन के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विरोध प्रदर्शन में शामिल लोगों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध जताया।

मालूम हो कि राज्यों को मिले संवैधानिक अधिकारों का केंद्र सरकार द्वारा हनन किए जाने और गैर बीजेपी शासित राज्यों में राज्यपालों की सरकार विरोधी भूमिका के विरोध में गुरुवार को दिल्ली में केरल के मुख्यमंत्री और उनका पूरा कैबिनेट द्वारा दिये जा रहे धरना के समर्थन में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया मार्क्सवादी (सीपीएम) की झारखंड इकाई ने शहीद चौक से आक्रोश मार्च निकाला और राजभवन पर प्रदर्शन किया।

प्रकाश विप्लव और प्रफुल्ल लिंडा के नेतृत्व में निकले आक्रोश मार्च में केंद्र सरकार विरोधी नारे लगाकर प्रदर्शन किया गया। आक्रोश मार्च में शामिल प्रफुल्ल लिंडा ने कहा कि केरल की आम जनता के वोट से बनी लोकतांत्रिक सरकार ने जनहित के चार कानून विधानसभा से पास कर राजभवन भेजा था लेकिन वहां के राज्यपाल ने लेटलतीफी के साथ सिर्फ एक बिल को पास किया और बाकी के तीन कानूनों को केंद्र के पास भेज दिया। प्रफुल्ल लिंडा ने कहा कि जहां जहां विपक्षी दलों की सरकारें हैं वहां के राज्यपाल तानाशाह के जैसा व्यवहार कर रहे हैं। प्रकाश विप्लव ने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त राज्यों के अधिकारों पर हमला किया जा रहा है। एक ओर जहां जीएसटी लगाकर राज्यों के रेवेन्यू को सीमित कर दिया गया है, तो दूसरी ओर केंद्र द्वारा विपक्षी दलों की सरकार वाले राज्यों की आर्थिक नाकेबंदी की जा रही है। आज मोदी सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग और विपक्ष शासित राज्यों में राज्यपालों की संविधान विरोधी भूमिका सार्वजनिक हो चुकी है।

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
09.02.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी/ अमावस्या संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 207

06 तेलंगा खड़िया ने अंग्रेजी हुकूमत की चूल हिला दी

# श्वेत पत्र : घोटाला, महंगाई, बैंकिंग संकट यूपीए सरकार की देन

- वित्त मंत्री ने यूपीए के कुप्रबंधन पर लोकसभा में रखा श्वेत पत्र
- एनडीए ने देश को उबारा, 2047 तक भारत बनेगा विकसित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने गुरुवार को लोकसभा में यूपीए सरकार के दस साल के कार्यकाल की अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र पेश किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसे लोकसभा में पटल पर रखा। श्वेत पत्र में भ्रष्टाचार, घोटाला, महंगाई और बैंकिंग क्राइसिस के लिए यूपीए सरकार पर ठीकरा फोड़ा। श्वेत पत्र में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के 2004 से 2014 के कार्यकाल में आर्थिक विकास के ठप पड़ने, भ्रष्टाचार के आरोपों के साथ निवेशकों के भरोसे में कमी को लेकर हमला बोला गया। श्वेत पत्र में मोदी सरकार ने कहा, 2014 में उसे बेहद खराब हालत में अर्थव्यवस्था मिली थी पर अपने बेहतर प्रबंधन के जरिये सबसे तेज गति से विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बना दिया है। भरोसा दिया गया है कि अमृतकाल की अभी शुरुआत हुई है और 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य है। हमारी सरकार ने दस वर्षों में यूपीए सरकार के पिछले दस वर्षों के आर्थिक कुप्रबंधन से हुई गड़बड़ियों को दूर कर दिया है। 2024 में, आत्मविश्वास और उद्देश्य ने 2014 के अविश्वास और नकारात्मकता की जगह ले ली है। (शेष पेज 11 पर)



**तीन भागों में चर्चा :** श्वेत पत्र में अर्थव्यवस्था की चर्चा तीन भागों में की गयी है। पहले भाग में यूपीए सरकार के दौरान 2004 से 2014 के बीच देश की अर्थव्यवस्था का जिक्र है। दूसरे भाग में यूपीए सरकार के दौरान हुए घोटालों का जिक्र है और तीसरे भाग में बताया गया है कि कैसे मोदी सरकार ने विरासत में मिली खराब अर्थव्यवस्था को धीरे-धीरे पिछले दस सालों में सुधारा है। अंतरिम बजट के दौरान ही वित्त मंत्री ने श्वेत पत्र लाने की बात कही थी।

**नाजुक हालत में मिली अर्थव्यवस्था :** श्वेत पत्र में सरकार ने बताया है कि कैसे 10 साल पहले 2014 में जब मोदी के नेतृत्व में एनडीए ने सत्ता संभाली, तो उसे अर्थव्यवस्था बेहद नाजुक हालत में मिली थी। पब्लिक फाइनेंस बुरी अवस्था में था, आर्थिक मैनेजमेंट का बुरा हाल था, वित्तीय अनुशासनहीनता व्याप्त थी साथ ही भ्रष्टाचार का तब बोलबाला था। भारत में निवेश करने वाले निवेशकों का भरोसा डगमगा चुका था। ऐसे में मोदी सरकार के सामने अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की सबसे बड़ी चुनौती थी। फिर भी 10 सालों में 2014 से पहले की अवधि की सभी चुनौतियों पर अपने शानदार इकोनॉमिक मैनेजमेंट और गवर्नेंस के जरिए मोदी सरकार उसपर पार पाने में सफल रही। यूपीए के कार्यकाल में 2010 से लेकर 2014 तक पांच साल की अवधि में महंगाई दर दहाई अंकों में जा पहुंची थी।

## मोदी सरकार के 10 साल अन्याय काल : खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 10 साल के कार्यकाल को अन्याय काल करार दिया। उन्होंने कहा कि वह गैर-भाजपा शासित राज्यों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार करती है और उन्हें समय पर पैसा नहीं देती। श्री खडगे ने गुरुवार को यहां अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन में एनडीए सरकार के 10 साल के कार्यकाल पर 57 पेज का ब्लैक पेपर जारी करते हुए इसे अन्याय काल नाम दिया है। कहा कि मोदी सरकार अपनी कामयाबी का बखान करने और नाकामयाबी को छुपाने में महारत हासिल है। सदन में जब हम बोलते हैं, तब उसे महत्व नहीं दिया जाता है। इसलिए हम ब्लैक पेपर निकालकर जनता को सरकार की विफलताओं के बारे में बताना चाहते हैं। श्री खडगे ने कहा- अभी बड़ा मुद्दा बेरोजगारी, महंगाई है, पर मोदी सरकार इसकी बात कभी नहीं करती। वे कभी पंडित नेहरू की उपलब्धियों के बारे में कभी नहीं बताते। पीएम सामाजिक न्याय की सिर्फ बातें करते हैं लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ नहीं करते। पीएसयू की बात करते हैं लेकिन पीएसयू को बर्बाद कर रहे हैं क्योंकि पीएसयू बनते तो वहां एससी, एसटी, ओबीसी और आदिवासियों को रोजगार मिलता। जिस राज्य में भाजपा का शासन नहीं है, वहां मनरेगा का पैसा भी नहीं देती और बाद में कहती है कि पैसा रिलीज किया गया, लेकिन खर्च नहीं किया गया। ब्लैक पेपर में मोदी सरकार के 10 साल में युवाओं, महिलाओं, किसानों, अल्पसंख्यकों और श्रमिकों पर हुए अन्याय का जिक्र किया। भाजपा के इस काल में बेरोजगारी 45 वर्षों में सबसे अधिक पहुंच गयी है। किसान संकट में हैं, पर पीएम के पूंजीपति मित्रों की समृद्ध करने के लिए संसद के माध्यम से तीन कृषि कानूनों को पारित किया गया। इन काले कानूनों के खिलाफ आवाज उठाते हुए 700 किसान शहीद हुए।

## न्यूज डायरी

### सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को उस कानूनी सवाल पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया कि क्या किसी राज्य सरकार को दाखिले और सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने के लिए अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) में उप-वर्गीकरण करने का अधिकार है।

### मोदी जन्म से नहीं हैं ओबीसी : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को पीएम मोदी की जाति को लेकर सवाल उठाया और तीखे अंदाज में देश की जनता को बताया कि श्री मोदी ओबीसी नहीं हैं। कहा कि श्री मोदी जाति से ओबीसी नहीं हैं बल्कि भाजपा की गुजरात इकाई ने उन्हें ओबीसी बनाया है इसलिए वह पिछड़ों के हितों के काम नहीं कर सकते हैं।

### मुठभेड़ में घायल जवान की स्थिति खतरे से बाहर

**रांची।** चतरा जिले में अफीम विनष्टीकरण अभियान से लौट रहे सुरक्षाबलों और नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में घायल आकाश सिंह की स्थिति खतरे से बाहर है। आकाश सिंह का आर्किड अस्पताल में इलाज चल रहा है। लालपुर थाना प्रभारी ने अदिकांत महतो ने बताया कि डॉक्टरों के अनुसार जवान की स्थिति खतरे से बाहर है।

### मॉर्निंग वॉक कर रहे सब इंस्पेक्टर की मौत

**पलामू।** पाटन थाना में छह माह से कार्यरत अवर निरीक्षक राजनंदन यादव (54) मॉर्निंग वॉक के दौरान गिरकर बेहोश हो गये। उन्हें इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती किया गया। यहां करीब 10 मिनट इलाज के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

### तेज रफ्तार कार से भिड़ी ट्रेलर, दो लोगों की मौत

**चाईबासा।** चाईबासा-सरायकेला मुख्य मार्ग पर पुंडीहासा (घाघरी) के पास बुधवार की रात में तेज रफ्तार कार ट्रेलर से टकरा गयी। इस हादसे में कार सवार दो महिलाओं की मौत हो गयी, जबकि दो लोग घायल हैं। कार चालक और उसके साथी को मामूली चोट है।

### कोडरमा : तालाब में डूबने से महिला की मौत

**कोडरमा।** थाना के पीछे राजा तालाब में गुरुवार की सुबह तालाब में डूबने से एक महिला की मौत हो गयी। मृतका की पहचान रूबी देवी (47) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पैर फिसल कर तालाब में डूबने से मौत बतायी जा रही है।

### ट्रेन लूट की योजना बनाते 15 अपराधी गिरफ्तार

**लातेहार।** एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापामारी कर लातेहार से लुटेरा गिरोह के 15 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ट्रेन लूट की योजना बना रहे गिरोह के पास से छह बंदूक और 20 जिंदा गोली भी बरामद हुआ है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## हेमंत प्रकरण में राजभवन की कोई भूमिका नहीं : राज्यपाल

# सभी आरोप गलत, खुद आकर सौंपा इस्तीफा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पहली बार गुरुवार को हेमंत सोरेन के इस्तीफे और गिरफ्तारी पर पर अपनी बात रखी। 31 जनवरी की रात हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी में राजभवन की भूमिका और साजिश से जुड़े आरोपों को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि इस पूरे प्रकरण में राजभवन की कोई भूमिका नहीं थी। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि 31 जनवरी को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के साथ जितने लोग आये थे, वे सभी जानते हैं कि हेमंत सोरेन ने 31 जनवरी को राजभवन आकर खुद इस्तीफा सौंपा था। मैंने उन्हें इस्तीफा देने को नहीं कहा था।

राज्यपाल के अनुसार 31 की शाम इडी की टीम ने उनके प्रधान सचिव को फोन पर सूचित किया था कि हेमंत सोरेन को कस्टडी में लिया गया है। फिर मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने भी उनके प्रधान सचिव को फोन किया और कहा कि इडी ने हेमंत सोरेन को कस्टडी में ले लिया है। अब वह राजभवन आकर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना चाहते हैं। इसी दौरान मुख्य सचिव ने आग्रह किया कि हेमंत सोरेन के साथ पांच लोग राजभवन जाना चाहते हैं, इसकी स्वीकृति भी दे दी गयी।

**खुद इस्तीफा सौंपा था :** राज्यपाल ने कहा कि इडी ने हेमंत सोरेन को हिरासत में ले लिया था, इस बात का जिक्र खुद हेमंत सोरेन ने अपने इस्तीफे में किया है। उन्होंने बताया था कि उन्हें ईडी ने हिरासत में ले लिया है, इसलिए मैं इस्तीफा देना चाहता हूं। मैंने कहा तो ठीक है, मैं मानने को तैयार हूं। इसके बाद मैंने इस्तीफा स्वीकार कर लिया। राज्यपाल ने बताया कि वो तीन घंटे से तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन इंतजार कर रहे थे। जब वह आये और इस्तीफा सौंपा तो उसे स्वीकार कर लिया। ऐसे में राजभवन पर लग रहे आरोपों का कोई आधार नहीं है। यह तो हेमंत सोरेन के बाहर आने के बाद ही साबित हो पायेगा।

**राजभवन संविधान का रक्षक :** उन्होंने कहा कि अगर लोग राजनीतिक लाभ के लिए कुछ करना चाहते हैं, तो हम क्या कर सकते हैं। संवैधानिक प्राधिकारी के रूप में हम यहां संविधान की रक्षा के लिए हैं। और जब वे आरोप लगा रहे हैं, तो सबूत कहा है? कुछ दैनिक समाचार पत्रों ने भी लेख में लिखा है कि राज्यपाल ने राष्ट्रपति शासन की सिफारिश की थी।

### संविधान के तहत किया है कार्य



राज्यपाल ने चंपाई सोरेन को सरकार बनाने के लिए आमंत्रण देने में वक्त लगने की वजह बतायी। उन्होंने कहा कि संविधान के तहत उन्होंने कार्य किया है। उन्हें कई कॉल आये, जिसमें कहा गया कि वे चंपाई सोरेन सरकार को समर्थन नहीं दे रहे हैं। इस पर निर्णय लेने के बाद उन्होंने सरकार बनाने का न्योता भेजा। वहीं झारखंड में वीसी (कुलपति) की नियुक्ति पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि जल्द ही वे इस पर निर्णय लेंगे। उनकी कोशिश है कि अच्छे लोग आयें, ताकि विश्वविद्यालयों की स्थिति और बेहतर हो सके। विवि में शैक्षणिक स्तर उत्कृष्ट हो, इस दिशा में वे कार्य कर रहे हैं।

## आवंटित खनिज ब्लॉकों में जल्द खनन कार्य करें शुरू : सीएम

# जो कंपनी रुचि नहीं ले रहीं शोकॉज कर आवंटन रद करें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गुरुवार को खान एवं भूतत्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि खनन कार्य में रुचि नहीं लेनेवाली कंपनियों को शोकॉज करें उनका आवंटन रद्द करें। सीएम ने कहा कि पूर्व से आवंटित खनिज ब्लॉकों में जल्द से जल्द खनन कार्य शुरू करायें। फॉरेस्ट क्लीयरेंस के कार्य समय से पूरा करें। विभाग द्वारा चिन्हित 10 विभिन्न खनन ब्लॉक को जल्द चालू करायें। उन्होंने कहा कि खनन विभाग राजस्व का एक मुख्य स्रोत माना जाता है।

सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वैसे खनन ब्लॉक जिनकी नीलामी अथवा आवंटन हो चुका है, उन खनन ब्लॉकों को जल्द से जल्द चालू किया जाये। खनन कार्य का जिम्मा जिस कंपनी या संस्थान को आवंटित है, उनके साथ बैठक कर कार्य शीघ्र प्रारंभ करायें। उन्होंने अधिकारियों से राज्य के विभिन्न खनिज ब्लॉकों की नीलामी करने संबंधित कार्य प्रगति की जानकारी ली। साथ ही इस माह के अंत तक खनन विभाग द्वारा चिह्नित 10 विभिन्न खनन ब्लॉक के नीलामी अथवा आवंटन प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। (शेष पेज 11 पर)

खान एवं भूतत्व विभाग की समीक्षा बैठक
- चिह्नित खनन ब्लॉक को जल्द चालू करें
- उपभोक्ताओं को बालू संकट नहीं होने दें



### मार्च तक नीलामी प्रक्रिया पूरी करें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि मार्च माह 2024 तक मेजर तथा माइनर खनिज ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया से संबंधित सभी कार्यवाही पूरा कर ली जाये। वैसे कोल ब्लॉक जिनकी नीलामी हो चुका है पर खनन कार्य शुरू नहीं हुआ है, उन सभी कोल ब्लॉकों में खनन कार्य अविलंब चालू करायें। खनन कार्य विलंब होने से राजस्व का नुकसान होता है। फॉरेस्ट क्लीयरेंस के लिए प्रधान सचिव वन विभाग के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करते हुये सभी प्रक्रिया पूरा करें।

### जल्द नियुक्ति करें जियोलॉजिस्ट

सीएम ने कहा कि खनन विभाग में जियोलॉजिस्ट के स्वीकृत पद के आलोक में कार्यहित को देखते हुए वर्तमान में संविदा पर नियुक्ति करें तथा नियमित नियुक्ति के लिये जेपीएससी को अधियाचना भेजें।

# हल्द्वानी में हिंसा, कर्फ्यू गोली मारने का आदेश

एजेंसी

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में अवैध मस्जिद-मजार के ध्वस्त होने के बाद बवाल हुआ और इस दौरान आगजनी की घटनाओं को देखते हुए कर्फ्यू लागू कर दिया गया है। उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिये गये हैं। वहीं इस घटना को लेकर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उच्च स्तरीय बैठक के बाद यह आदेश जारी कर दिया है। बिगड़ते हालात को देखते हुए उत्तराखंड सरकार ने हल्द्वानी में कर्फ्यू घोषित करते हुए ही दंगा करने वालों के खिलाफ यूएपीए के अंतर्गत कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। वहीं सीएम धामी ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ हालात की समीक्षा की और लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की। उत्तराखंड सरकार ने घटना के बाद इलाके में पैरामिलिट्री फोर्स तैनात कर दी है। थाना बनभूलपुरा के पास मलिक के बगीचे में अवैध मदरसे और नमाज स्थल को तोड़ने के दौरान बवाल हुआ। जब नगर निगम की टीम जेसीबी लेकर पहुंची तो इसी दौरान वहां मौजूद उपद्रवियों ने प्रशासन, पुलिस और पत्रकारों के ऊपर पत्थर बाजी की। इसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गये। उपद्रवियों ने पुलिस, नगर निगम और पत्रकारों की गाड़ियों में भी आग लगा दी। पुलिस की गाड़ी में आग लगा दी। हालात बेकाबू हैं और पुलिस द्वारा कई राउंड की फायरिंग भी की गयी है।

## दिल्ली में जब्त बीएमडब्ल्यू कार का संबंध धीरज साहू से

# कांग्रेस सांसद से पूछताछ करेगी इडी, कल बुलाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की चल रही कार्रवाई की जद में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू भी आ गये हैं। इडी ने उन्हें 10 फरवरी को रांची स्थित रिजनल ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया है। उनका बयान दर्ज होगा। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 29 जनवरी को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के नयी दिल्ली स्थित आवास से बरामद बीएमडब्ल्यू कार के सिलसिले में इडी उनसे पूछताछ करेगी।



बरामद कार का कनेक्शन कांग्रेस के धीरज साहू के साथ सामने आया है। इडी सूत्रों के मुताबिक कार को धीरज साहू ने ही भिजवाया था। छापेमारी के दौरान ईडी की टीम ने एक हरियाणा नंबर की बीएमडब्ल्यू कार जब्त कर साथ ले गयी थी। वह कार कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मानेसर के आवास के पते पर रजिस्टर थी। ईडी की टीम सांसद धीरज साहू के मानेसर स्थित आवास पर पहुंचकर इसकी पुष्टि भी कर चुकी है। इसके बाद ही इस मामले में इडी ने सांसद धीरज साहू को पूछताछ के लिए समन भेजा है। सूत्रों के अनुसार इडी ने 7 फरवरी को गुरुग्राम के करदारपुर गांव में उस परिसर पर छापा मारा, जिसके पते पर यह हरियाणा नंबर प्लेट वाला स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) रजिस्टर्ड था। (शेष पेज 11 पर)

# अब परमानेंट एनडीए में ही रहूंगा : नीतीश

एजेंसी

**पटना।** दो दिन के दिल्ली दौरे के बाद नीतीश कुमार गुरुवार शाम पटना पहुंचे। एयरपोर्ट पर लैंड होते हुए उन्होंने एनडीए में ही स्थायी रूप से रहने को लेकर फिर बयान दिया। उन्होंने कहा कि मैं पहले ही बता चुका हूं कि हम (भाजपा-जदयू) पहले एक साथ थे। बीच में भले ही दो बार मैं इधर-उधर हो गया, लेकिन अब एक बार फिर मैं एनडीए आ गया हूं। अब मैं परमानेंट यहीं रहूंगा। 12 की चिंता मत करिये, सरकार हर हाल में बहुमत सिद्ध कर लेगी। वहीं राजद ने कहा कि देखते जाइए 12 को शक्ति परीक्षण में बड़ा खेला होगा। नीतीश से यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने दिल्ली में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और बीजेपी प्रमुख जेपी नड्डा के साथ हुई बैठक में किसी विशेष पैकेज का मुद्दा उठाया था। इस पर उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के बारे में चिंता न करें। हम इसके लिए काम कर रहे हैं। 2005 से बिहार का विकास हो रहा है।

**राजद बोला-12 को होगा बड़ा खेला होगा :** बिहार में 12 फरवरी को नीतीश सरकार की अग्नि परीक्षा। उसी दिन फ्लोर टेस्ट होने वाला है। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली जाकर पीएम मोदी , लालकृष्ण आडवाणी अमित शाह और जेपी नड्डा से बारी बारी से मिले। इन मुलाकातों के इस सिलसिले पर राजद ने बड़ा हमला किया है। कहा है कि बिहार सीएम को डर है इसलिए दिल्ली दरबार लगा रहे हैं क्योंकि 12 तारीख को बड़ा खेला होने वाला है। पार्टी के विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा है कि अभी राज को राज रहने दीजिये।

# राहत : रेपो रेट यथावत, नहीं बढ़ेगी इएमआइ

## आरबीआइ ने नहीं किया बदलाव, 6.5 फीसदी पर कायम

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद गुरुवार को आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास रेपो रेट घोषणा की कि एमपीसी ने रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया है। रिजर्व बैंक ने स्थिर रुख बरकरार रखते हुए पिछले साल के लिए रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा है। आखिरी बदलाव फरवरी 2023 में हुआ था जब वैश्विक आर्थिक




गतिशीलता से प्रेरित मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए बेंचमार्क दर 6.25 फीसदी से बढ़ा दी गयी थी।

**आर्थिक स्थिरता बढ़ी :** मौजूदा प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच, सार्वजनिक लोन का ऊंचा स्तर उन्नत देशों सहित देशों में व्यापक आर्थिक स्थिरता के मुद्दों को बढ़ा रहा है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि नए आपूर्ति झटकों पर सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस साल हेडलाइन मुद्रास्फीति काफी अस्थिरता के साथ ऊंची बनी हुई है। पारदर्शिता बढ़ाने के लिए, सभी खुदरा और एमएसएमई लोन को कवर करने के लिए फैक्ट डिटेल्स की आवश्यकता को बढ़ाया जा रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा कि बैंकों को इस कार्रवाई का अनुपालन करने के लिए कुछ समय मिलेगा।

श्री दास ने कहा कि आरबीआइ इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के लिए संशोधित नियामक ढांचा जारी करेगा। शक्तिकांत दास ने कहा कि चालू खाता घाटा काफी हद तक प्रबंधनीय होने की उम्मीद है। श्री दास ने मौद्रिक नीति पैनल बैठक के नतीजे की घोषणा करते हुए कहा कि 2 फरवरी, 2024 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 622.5 बिलियन डॉलर था। मौद्रिक नीति घोषणाओं के दौरान 10-वर्षीय बेंचमार्क बांड उपज 1 बीपीएस से अधिक बढ़कर 7.0738 फीसदी हो गयी। (शेष पेज 11 पर)

# हिंदी बेल्ट के दस राज्यों से ही एनडीए बहुमत के करीब

## बोनस मिलाकर 300 पार, लोकसभा चुनाव पूर्व सर्वे रिपोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के ओपिनियन पोल के मुताबिक भाजपा अकेले हिंदी पट्टी के ही 10 राज्यों से 205 सीटें पा सकती है। गुजरात और महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों में भी उसके अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। इंडिया टुडे और सीवोटर का सर्वे के अनुसार, 2024 लोकसभा चुनाव में एनडीए को 56 प्रतिशत वोट शेयर मिल सकता है। सर्वे में इंडिया गठबंधन को वोट शेयर में नुकसान होता हुआ दिखाई दे रहा है। इसके अलावा दूसरी पार्टियों को 14 प्रतिशत वोट मिल सकता है। इंडिया टुडे के 'मूड ऑफ द नेशन' सर्वे के मुताबिक भाजपा को हिंदी पट्टी कहे जाने वाले 10 राज्यों में बड़ी बढ़त हासिल हो रही है। अकेले इन्हीं राज्यों से वह 205 सीटें हासिल कर लेगी। इन राज्यों में यूपी, बिहार, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल और उत्तराखंड शामिल हैं। (शेष पेज 11 पर)



स्पीड न्यूज

## पूर्व पीएम स्व अटल जी के समाधि स्थल जाकर की श्रद्धांजलि अर्पित




**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने झारखंड भवन नई दिल्ली में राज्यपाल डॉ सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधायक डॉ मेहता ने भारत रत्न, पूर्व पीएम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की समृति स्थल सदैव अटल जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मॉर्निंग वाक के दौरान एसआई की मौत



**पाटन पलामू।** पाटन थाना में तैनात एसआई राजनंदन यादव की मौत मॉर्निंग वॉक के दौरान तबीयत बिगड़ने से हो गयी। पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने बताया कि राजनंदन प्रतिदिन की भांति मार्निंग वाक के लिए थाना से निकले थे उसी दौरान तबीयत बिगड़ गयी और वे जमीन पर गिर गये। मेदिनीनगर अस्पताल ले जाने पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राजनंदन मुंगेर थाना धरहरा ग्राम घटमारी के निवासी थे।

## मैट्रिक के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई



**मनातू पलामू।** मझौली पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमि मध्य विद्यालय के प्रांगण में विद्या भारती विद्या भारती पब्लिक कोचिंग सेंटर में 10वीं और 12वीं बैच का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। संचालन रौशन ठाकुर और धन्यवाद ज्ञापन प्रेम शंकर प्रसाद ने किया। विदाई समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंझौली मुखिया के पति उमेश साहू, आदर्श शास्त्री शिक्षा निकेतन के प्राचार्य रामदेव प्रसाद, उमवि रजदेरवा के प्राचार्य जोगेंद्र पासवान, विजय सक्सेना एवं कोचिंग के संचालक अखिलेश यादव, अमरनाथ सिंह, अमित कुमार, राजू ठाकुर, डॉ विष्णु कुमार, नंदकिशोर पासवान, व्यवसाय संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह ने किया।

## जिप सदस्य ने किया सम्मानित



**सतबरवा पलामू।** जिप सदस्य सुधा कुमारी ने सतबरवा स्थित अपने आवास पर लातेहार जिला के संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा तथा गढ़वा के जिलाध्यक्ष ठाकुर महतो को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। श्री सिन्हा को लातेहार जिला का संगठन प्रभारी दूसरी बार बनाया गया है। मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि भाजपा का कार्यक्रम चलो गांव की ओर को सफल बनाना है। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, युवा मोर्चा अध्यक्ष ज्योति सिंह उर्फ पप्पू, अजय उरांव, अरविंद यादव समेत कई लोग थे।

## नमिता हत्याकांड में छह पर प्राथमिकी

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के सदिक मंजिल चौक स्थित एक होटल में महिला नमिता देवी की गोली मारकर अज्ञात अपराधियों ने बीते दिन हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतका के पुत्र विजय कुमार ने शहर थाना में आवेदन देकर छह नामजद लोगों पर हत्या करने एवं साजिश रचने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सात लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि हत्या में शामिल लोगों की पहचान कर ली गयी है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। जबकि हत्या में शामिल कुछ लोग फरार हैं जिनकी गिरफ्तारी जल्द की जायेगी।

## मंच ने किया रैली में चलने का आह्वान



**हुसैनाबाद पलामू।** ओबीसी विकास मंच ने 11 फरवरी को जिला मुख्याल मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में ओबीसी महासम्मेलन को लेकर बुधवार को जपला शहर अंबेडकर चौक पर नुक्कड़ सभा की। जिसकी अध्यक्षता अजय गुप्ता और संचालन अजय भारती ने किया। मुख्य वक्ता हरी यादव व संतोष गुप्ता ने हुसैनाबाद के व्यवसायिक और ओबीसी के विभिन्न जातियों के लोगों से 11 फरवरी को मेदिनीनगर शिवाजी मैदान चलने की अपील की। कहा कि देश आजादी का अमृत उत्सव मना रहा है लेकिन ओबीसी समाज की कोई सही गणना भी नही है, जिससे ओबीसी समाज के आरक्षण का बंदरबांट किया जा रहा है।

## राजकुमार सिंह बने मनातू के 32वें सीओ



**मनातू पलामू।** प्रखंड के नये सीओ के रूप में राज कुमार सिंह पदभार ग्रहण किया। उन्होंने सभी कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। श्री सिंह ने मनातू बीडीओ सुनील प्रकाश से मुलाकात कर मनातू सरकारी गृह आवास एवं दशा–दिशा को जाना। बीडीओ ने शुभकामना के साथ बधाई दी। कहा कि सरकार के निर्देश का पालन करते हुए जनता के हित में कार्य करेंगे। मौके पर प्रधान सहायक राजेश कुमार, अंचल नजीर अनूप साहू, सहायक जय प्रकाश ठाकुर, कंप्यूटर ऑपरेटर ध्रुव कुमार, अंचल अमीन बृजनंद मांझी, अनुसेवक बिनोद राम, कृष्ण पासवान, कर्मचारी सह अंचल निरीक्षक अनिल रजक, नितीस वर्मा, धीरेंद्र दीक्षित, कन्हैया राम, अनुसेवक सुशील कुमार सहित प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## इंटर साइंस-कॉमर्स परीक्षा आयोजित

**पांकी पलामू।** गुरुवार को पांकी आरके +2 उवि में इंटरमीडिएट साइंस और कॉमर्स की परीक्षा शांतिपूर्ण हुई। इस विद्यालय में मजदूर किसान इंटर कॉलेज, +2 उवि सिल्दीलिया, कस्तूरबा उवि पांकी का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन विद्यालयों के कुल 683 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए जिसमें छह परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। केंद्राधीक्षक कुलेश्वर राम ने बताया कि सभी कमरों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं।

# पलामू सांसद ने केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से की मुलाकात

- पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत रेलवे से जुड़ी महत्वपूर्ण विषयों पर की चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से जुड़ी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। जिसमें 12453/ 12454 रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) स्टेशन पर ठहराव,बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन पुनः प्रारंभ करने, प्रस्तावित वंदे भारत ट्रेन को टाटानगर, मुरी, रांची, लोहरदगा, डालटनगंज, गढ़वा रोड़ एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने, रांची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/ 18614 एवं पटना सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/ 23348 का ठहराव मेराल रेलवे स्टेशन पर करने पर चर्चा शामिल है।



सांसद ने पलामू जिले के विभिन्न स्थानों पर प्रस्तावित एलएचएस/ आरयूबी का निर्माण कराने का भी मांग केंद्रीय रेलमंत्री से किया। जिसमें पलामू जिला के लालगढ़-विश्रामपुर प्रखंड, पंजरीकला-विश्रामपुर प्रखंड, डाली-हैदरनगर प्रखंड, बुढ़वापीपर-डालटनगंज सदर प्रखंड, कजरात नावाडीह-हुसैनाबाद प्रखंड बखारी-डालटनगंज सदर लहर बंजारी-उंटारी रोड प्रखंड शामिल है। गढ़वा जिला सोनपुरवा-गढ़वा प्रखंड, अहिरपुरवा-नगर उंटारी, कुंभी- मेराल ब्लॉक। सांसद श्री राम ने बताया कि उक्त विषयों पर मंत्री ने आश्वस्त किया है कि बहुत जल्द उक्त कार्यो को किया जायेगा। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

### शहर का मजाक उड़ा रही ट्रैफिक लाइट

# फुटपाथ व्यवसायियों को वैकल्पिक व्यवस्था दे निगम : अरुणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए फुटपाथ व्यवसाईयों को जब तक वैकल्पिक व्यवस्था नहीं दी जायेगी, तब तक शहर अतिक्रमण मुक्त नहीं होगा क्योंकि यह डेली कमाने खाने वाले व्यवसायी हैं। मैंने अपने कार्यकाल में वेंडर जोन के लिए कई स्थल चयनित की थी और उसके निर्माण के लिए राशि भी नगर विकास से उपलब्ध करा दी गयी थी जो अब भी निगम में पड़ा है। निगम तत्काल चार-पांच वेंडर जोन बनायें, स्वतः अतिक्रमण से मुक्ति मिलेगा और वेंडर व्यवसायियों को सम्मान से व्यवसाय करने का स्थायी स्थल उपलब्ध हो जायेगा।



प्रथम महापौर ने कहा कि मांस मछली व्यवसायियों के लिए भी नावा टोली तालाब के समीप एवं शहर के बीचों-बीच बड़ा तालाब के सामने भूमि चयनित है जहां स्वच्छ एवं सुंदर मीट मछली मार्केट बनाया जा सकता है, नक्शा बना पड़ा है, फंड भी है। निगम को इस दिशा में भी कार्य करने की जरूरत है तभी हमारा शहर स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ होगा। मीट मछली व्यवसाय करने वाले व्यवसाईयों को स्थायी स्थल मिलेगा। ट्रैफिक पर बात करते हुए प्रथम महापौर ने कहा कि पहले पुलिस विभाग या निगम अपने ट्रैफिक लाइट ठीक कराये जो वर्षों से कहीं लाल, पीला, हरा दिन भर जलता रहता है जिससे बड़े शहरों से आने वाली गाड़ियां कंफ्यूज हो जाती है और मजाक भी बनता है। लाइट बनने के बाद ट्रैफिक लाइट रूल कड़ाई से पालन करने पर 90% ट्रैफिक समस्या का समाधान हो जायेगा और कम पुलिस बल की आवश्यकता पड़ेगी। शहर का सबसे व्यस्ततम शहीद चौक (कचहरी चौक) पर जाम से निजात पाने के लिए विमेंस कॉलेज रोड में मिनी फ्लाईओवर बनाकर चैनपुर, शाहपुर, गढ़वा जाने वाली गाड़ियों को डाइवर्ट करना एकमात्र विकल्प है जो हमारे कार्यकाल में मिनी फ्लाईओवर निर्माण हेतु बोर्ड से एजेंडा पारित भी है।

### भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने पंजरी कला पंचायत में रखी चेकडैम की आधारशिला

# बिश्रामपुर क्षेत्र का समुचित विकास ही एकमात्र लक्ष्य : डॉ ईश्वर सागर

ईश्वर सागर बोले

- विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। कोई भी गांव व टोला सड़क विहीन नहीं रहेगा।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ पंचायत में गुरुवार को पंजरी कला पंचायत के नौडीहा गांव में धोब घटवा नाला पर चेक डेम निर्माण की आधारशिला रखी गयी। शिलान्यास भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने नारियल फोड़ कर किया।



शिलान्यास करते अतिथि।

शिलान्यास समारोह का संचालन भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने किया। मौके पर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र का समुचित विकास ही एकमात्र लक्ष्य है जिसके लिए पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी हमेशा से प्रयासरत रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। कोई भी गांव व टोला सड़क विहीन नहीं रहेगा।

सिंचाई के क्षेत्र में भी लक्ष्य निर्धारित कर कार्य किया जा रहा है। सिंचाई के क्षेत्र में स्थानीय विधायक के प्रयास से अभूतपूर्व कार्य होने जा रहा है। सोन नदी से विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र में पाइप लाइन से सिंचाई के लिए पानी लाया जायेगा। मौके पर लालगढ़ मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, पंसस सूर्यमंडल राम, इद्रीस हवारी, उपेंद्र तिवारी, राधेश्याम चौधरी, उखमजी यादव, कनीय अभियंता अमीत कुमार, बिरेंद्र तिवारी, प्रिंस गौरव, जय कुमार पांडेय, रविन्द्र सिंह, रामानंद तिवारी, मिथलेश दुबे, विवेकानंद सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### रजवार समाज ने सम्मेलन कर दिखायी एकजुटता

# समाज के लोगों ने शिक्षा और संगठित होने का लिया संकल्प

- राजभर समाज के लोग दारू व मुर्गा को त्याग कर शिक्षित व संगठित हो आने वाले समय में इतिहास को बदल देंगे : डॉ अरबिंद राजभर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** रजवार राजभर समाज के लोग दारू व मुर्गा को त्याग कर शिक्षित व संगठित बनें तभी आपके समाज के लोगों को राजनीतिक व सामाजिक अधिकार मिलेगा। उक्त बातें पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश /राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव सुहेलदेव, भारतीय समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ अरबिंद राजभर ने कही। गुरुवार को अखिल भारतीय रजवार संघ के बैनर तले हुसैनाबाद अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में रजवार महासम्मेलन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ अरबिंद राजभर शामिल थे।




कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते और मंच पर उपस्थित अतिथि।

**खास बातें :** कार्यक्रम से पूर्व राजवार समाज के सैकड़ों लोगों ने बाइक रैली कर उनका स्वागत किया एवं जपला बाजार को भ्रमण करते हुए डॉ बीआर अंबेडकर को माल्यार्पण किया। इसके बाद कर्पूरी मैदान में सभा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिपरा प्रखंड के मुखिया राजेश राजवंशी और संचालन ओम प्रकाश रजवार ने किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से आये मुख्य अतिथि श्री राजभर ने कहा मेरा यहां आने का उद्देश्य है राजनीतिक ही नहीं, बल्कि समाजिक चेतना को जगाने आये हैं। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवंशी, जिला सचिव बीरेंद्र राजवंशी, राजेश राजभर, बलिया से सुभाष राजभर, नरेश रजवार, मुखिया महेंद्र राजवंशी, ओम प्रकाश रजवार, शंकर रजवार, मंजू देवी, पूनम देवी, लल्लू रजवार, विजय रजवार उपस्थित थे।

## भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष ने किया दीवार लेखन



**पाटन पलामू।** भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने गांव चले अभियान के तहत गुरुवार को विभिन्न बूथों पर दीवार लेखन कार्यक्रम चलाया। श्री सिंह ने लोगों से भाजपा को समर्थन देने की अपील की। कहा कि बेहतर कार्य के बदौलत आगामी चुनाव में भी जनता भाजपा को वोट देकर पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायेगी। कहा कि सबका साथ सबका विकास और सबके प्रयास से मोदी सरकार फिर 400 पार करेगी।

## भाजपा नेता निरंजन ने किया दीवार लेखन



**पाटन पलामू।** भाजपा नेता निरंजन पासवान ने पाटन हिसरा बरवाडीह में एक बार फिर मोदी सरकार दीवार लेखन कार्यक्रम किया। उन्होंने लोगों को पीएम के कार्यों के बारे में बताया। कहा कि पीएम आवास योजना, जनधन योजना, किसान समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री कल्याण अन्न योजना केंद्र के अनेक योजना के बारे में बताया और फिर मोदी सरकार बनाने का आग्रह किया।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आज निकलेगी कलश यात्रा



**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नप वार्ड नौ के डंडिला खुर्द में नवनिर्मित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकलेगी। जिसकी शुरुआत मंदिर प्रांगण से होगी। श्रद्धालु कलश लेकर पांच किमी दूर कोयल नदी जायेंगे, जहां वैदिक मंत्रोचार के बीच कलश में जल भर वापस मंदिर प्रांगण पहुंचेंगे। जिसके बाद परंपरानुसार कलश की स्थापना होगी। इसी के साथ तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू हो जायेगा। जो महाभंडारा के साथ रविवार को संपन्न होगा।

## गांव चलो अभियान के तहत दो बूथों पर हुई बैठक



**उंटारी रोड पलामू।** भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत मुरमा कलां में गुरुवार को महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा सिंह, पंचायत प्रभारी अखिलेश दीक्षित ने बूथ संख्या 171 व 172 पर बूथ कमिटी व पन्ना प्रमुख की बैठक की गयी। जिसमें बूथ समिति के अध्यक्ष सुरेश राम व पन्ना प्रमुख राजाराम, रोहित कुमार शामिल हुए। बैठक के बाद महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा सिंह ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का मिलने वाला लाभ पार्वती देवी, अनिता देवी, संगीता देवी सहित कई अन्य लोगों से पूछताछ कर जानकारी ली। लाभार्थियों ने बताया कि केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं का 90 फीसदी लाभ मिल रहा है।

# पलामू के लाल का पार्थिव शरीर पहुंचा तरहसी, शोक

चतरा नक्सली मुठभेड़

- पार्थिव शरीर पहुंचते के साथ एक झलक देखने को उमड़ा जनसैलाब
- लोगों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई, पुलिस ने दी अंतिम सलामी

**संजय पाठक**

**तरहसी पलामू।** राज्य के चतरा जिले के जंगली क्षेत्र में नक्सली संगठन एवं पुलिस के बीच बुधवार को मुठभेड़ हो गयी। जिसमें पुलिस के दो जवान वीरगति को प्राप्त हुए। जबकि कई पुलिसकर्मी जख्मी हैं। इस घटना में पलामू जिला के तरहसी प्रखंड के रहनेवाले पलामू के लाल सुकन पासवान (35) वीर गति को हुए। इसकी खबर जब उसके गांव पहुंची तो घर परिवार समेत गांव में कोहराम मच गया। राज्य सरकार ने शहीद सुकन का पार्थिव शरीर सम्मान पूर्वक तिरंगा झंडा के साथ गांव पहुंचाया। गांव पहुंचते के साथ ही एक झलक पाने के लिए लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सभी लोग नम आंखों से उस जवान को देखकर अंतिम विदाई दी। पलामू पुलिस ने उन्हें अंतिम सलामी दी।




अंतिम दर्शन को उमड़ी लोगों की भीड़ और जवान को सलामी देते अधिकारी व जवान।

■ ज्ञात हो कि शहीद सुकन बुधवार को चतरा जिले के जंगली क्षेत्र में पोस्ता खेती उन्मूलन अभियान में टीम के साथ निकला था। जहां नक्सली संगठन पूर्व से घात लगाये बैठे थे। जो पुलिस को देख हमला बोले। जिसमें दो जवान शहीद हो गये। सुकन पांच भाई हैं। दो भाई पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। शहीद सुकन वर्ष 2012 में झारखंड जगुआर पुलिस में बहाल हुआ था जो बाद में जैप में आ गये थे। इनकी दो बेटी व एक बेटा है। बड़ी पुत्री सौम्या कुमारी (नौ), रिया कुमारी (छह) व बेटा कार्तिक (तीन) है। अंतिम संस्कार अमानत नदी तट पर किया गया। मुखाग्नि पुत्र कार्तिक ने दी। यह हृदय विदारक घटना देखकर लोग अपने आप को संभाल पाने में सक्षम नहीं थे। पांकी एसडीपीओ आलोक टूटी, थाना प्रभारी जय प्रकाश पासवान समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने श्रद्धांजली दी। मौके पर पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए घटना पर क्षोभ व्यक्त किया। कहा कि सुकन की शहादत बेकार नहीं जायेगी। पूरा भाजपा परिवार शहीद के परिजन के साथ खड़ा है। पूर्व विधायक बिट्टू सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीद के परिवार को हरसंभव सहयोग करेंगे। उन्होंने वीरता के साथ अपना दायित्व का निर्वहन किया है। राज्य सरकार से मिलकर सारी समस्या को दूर कराने का प्रयास करेंगे। भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने गहरी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान इस दुख की बेला में इनके परिजनों को साहस प्रदान करें। मौके पर समाजसेवी मुमताज खान, खुर्शीद अनवर समेत हजारों ग्रामीण मौजूद थे।

## अवैध बिजली चोरी कर रहे सात लोगों पर मामला दर्ज

- बिजली विभाग के सहायक अभियंता के नेतृत्व में चला छापेमारी अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मोहम्मदगंज पलामू।** बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर विद्युत अवर प्रमंडल जपला के सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो के नेतृत्व में विशेष छापेमारी अभियान चला। जिसमें थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के 7 लोगों को अवैध विद्युत ऊर्जा चोरी करते पाया गया। अभियान में शामिल जेई प्रदीप सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ ही सभी पर कुल 1.22 लाख का जुर्माना भी लगा है। छापेमारी में अवधेश राम, सुरेंद्र मेहता, अयोध्या मेहता (परहिया टोला, कादलकुर्मी), अनिल राम, जितेंद्र राम, विनोद राम (पोटो, भजनियां) और सुदर्शन शर्मा (बैरिया टोला भजनियां) को अवैध तरीके से विद्युत ऊर्जा की चोरी के करते पाया गया है।



## यंग इंडिया रेफरेंडम जनमत संग्रह जीएलए कॉलेज में संपन्न

**मेदिनीनगर।** छात्र युवाओं के मुद्दे पर यंग इंडिया रेफरेंडम जनमत संग्रह जीएलए कॉलेज में हुआ। ऑल इंडिया स्टूडेंटस एसोसिएशन (आइसा) ने पिछले दो महीने से मोदी सरकार का 10 साल यंग इंडिया के 10 सवाल, जुमला नहीं जवाब दो 10 साल का हिसाब दो के राष्ट्रीय अभियान के तहत छात्र युवाओं के बीच हस्ताक्षर अभियान चल रहा था। इसी को आगे बढ़ते हुए देश भर के 50 से ज्यादा विश्वविद्यालय में 7 से 9 फरवरी तक यंग इंडिया रिफ्रेंडम आयोजित हुआ है।

## मुखिया के औचक निरीक्षण में दो आंगनबाड़ी मिले बंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड के लहर बंजारी पंचायत के कुटमू में गुरुवार को मुखिया संघ अध्यक्ष सह लहर बंजारी मुखिया अशोक सिंह ने दो आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में आंगनबाड़ी केंद्र कुटमू 1 बंद मिला। वहीं केंद्र 2 संचालित था, जिसमें बच्चों की उपस्थिति कम थी। जिससे उन्होंने रोष प्रकट करते हुए इसकी सूचना सीडीपीओ को दूरभाष से दिया। साथ ही वीडियो कॉलिंग के जरिए उन्होंने बंद पड़े आंगनबाड़ी केंद्र को दिखाया। मुखिया श्री सिंह ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा लगातार सूचना मिलता था कि केंद्र बराबर बंद रहता है जिसके उपरांत आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया, जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र कुटमू 1 बंद पाया गया। बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण पूरे पंचायत में जारी रहेगा।



# नावा बाजार पर्यवेक्षिका ने सेविकाओं से पैसे वसूली के आरोप को बताया निराधार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर बाल विकास परियोजना कार्यालय में कार्यरत प्रवेक्षिका निशि किरण के द्वारा मानदेय वृद्धि के नाम पर सेविकाओं और सहायिकाओं से अवैध पैसा वसूली का मामला निराधार है। बिश्रामपुर कार्यालय में सभी सेविका-सहायिका ने संयुक्त बैठक कर बताया कि पर्यवेक्षिका निशि किरण के द्वारा मानदेय बढ़ाने के नाम पर कोई पैसा का डिमांड नहीं किया गया है। सेविकाओं ने बताया कि महिला पर्यवेक्षिका निशि किरण को पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर बदनाम किया जा रहा है, जो बेबुनियाद है। हम सेविकाओं नावा बाजार की सेविका बताना चाहते हैं कि पूर्व में प्रकाशित खबर में पर्यवेक्षिका निशि किरण पर जो पैसे लेने का आरोप लगा है। उसे हम सभी सेविका खंडन करते हैं कि आरोप निराधार है।



बैठक कर जानकारी देते सेविकाएं।

**क्या है मामला :** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा झारखंड सरकार के संकल्प संख्या 2239 दिनांक 30 सितंबर 2023 में स्पष्ट उल्लेख है कि संतोषप्रद सेवा के सत्यापन होने के स्थित में आंगनबाड़ी सेविकाओं के मानदेय में प्रतिवर्ष पांच सौ और सहायिकाओं के मानदेय में प्रतिवर्ष 250 रुपये की वृद्धि अनुमान्य होगी। यह वृद्धि प्रतिवर्ष जुलाई में की जायेगी। इसके लिए सत्यापन करना होता है। विभागीय अनुदेश के आलोक में सेविका सहायिका के मानदेय वृद्धि हेतु सत्यापन कमेटी में ग्रामीण क्षेत्र से ग्राम पंचायत के मुखिया,संबंधित पर्यवेक्षिका व संबंधित पोशाक क्षेत्र के निकटवर्ती प्राथमिक या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सदस्य होते हैं। वहीं शहरी क्षेत्र में संबंधित वार्ड पार्षद, अध्यक्ष, संबंधित महिला पर्यवेक्षिका व निकटवर्ती प्राथमिक या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सदस्य होते हैं। आरोप है कि सत्यापन प्रतिवेदन में प्रवेक्षिका को छोड़कर बाकी सभी सदस्य अपना अनुमोदन आंगनबाड़ी केंद्रों के प्रदर्शन अनुरूप कर चुके हैं।

# भाजपा की संभावित प्रत्याशी ममता ने किया सतबरवा क्षेत्र का दौरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** पलामू लोकसभा संसदीय सीट से भाजपा के संभावित प्रत्याशी ममता भुइयां ने गुरुवार को सतबरवा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान ममता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश विकास कर रहा है। पीएम के द्वारा महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लाने का प्रस्ताव से महिलाओं में खासा उत्साह है। इसी के मद्देनजर क्षेत्र में लगातार दौरा कर रही हूं। वहीं उन्होंने कहा कि अगर पार्टी ने मुझे लोकसभा चुनाव में पलामू से उम्मीदवार बनाती है तो मैं उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला के तमाम प्रखंडों के अलावे पलामू लोकसभा क्षेत्र के 53 मंडल एवं मंच मोर्चा के पदाधिकारी के अलावे तमाम गणमान्य लोगों के साथ आम ग्रामीणों से मुलाकात कर चुकी हूं। लोगों ने कहा कि अबर भाजपा को स्थानीय महिला उमीदवार को टिकट देना चाहिए। स्थानीय सांसद से लोगों का काम सुगमतापूर्वक होगा। मौके पर बलदेव भुइयां, सरिता देवी, मंडल उपाध्यक्ष मनोज कुमार भुइयां, मुकेंदर प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद के अलावे मंडल अध्यक्ष विजय पाठक से भी ममता ने मुलाकात की। मौके पर कई लोग मौजूद थे।



लोगों को संबोधित करतीं भाजपा नेत्री।

स्पीड न्यूज

## कतरास थाना प्रभारी सहित सात इंस्पेक्टर विरमित

**धनबाद ।** धनबाद जिला बल में पदस्थापित इंस्पेक्टरों को पिछले दिनों दूसरे जिले में ट्रांसफर किया गया था। एसएसपी एचपी जनार्दनन ने ऐसे सात इंस्पेक्टरों को बुधवार को विरमित किया। इनमें कतरास थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह को लातेहार, उमेश प्रसाद सिंह को लातेहार, राजकपूर को जेएपीटीसी पदमा, सुरेश मुंडा को अप अनुवि रांची, सरोज कुमार सिंह विशेष शाखा रांची, एम गुड़िया को जेडब्ल्यूएस नेतरहाट व अनिल कुमार सिंह को पलामू जिला विरमित किया गया है।

## गोड्डा एसपी ने किया थाने का निरीक्षण

**गोड्डा।** पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना द्वारा मुफ्फसिल थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गयाए जिसमें संबंधित थाना प्रभारी तथा पुलिस पदाधिकारी को निम्नांकित दिशा निर्देश दिया गया। वहीं लंबित कांडों का समीक्षा कर संबंधित पुलिस पदाधिकारी को त्वरित निष्पादन हेतु निर्देश दिया गया।

## एसकेएमयू के एमएड सेमेस्टर-2 का परीक्षा परिणाम जारी

**दुमका।** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के एमएड सेमेस्टर-2 परीक्षाफल गुरुवार को जारी हुआ। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि एमएड सेमेस्टर .2 का परीक्षा 2023ए सत्र 2022 .24 का परीक्षाफल घोषित किया गया है। जिसमें 88०89 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। उक्त रिजल्ट को विश्वविद्यालय का आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में

## दीप नारायण के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ली जदयू की सदस्यता

**कतरास।** गुरुवार को श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह के उपस्थिति में तोपचांची प्रखंड अंतर्गत दुमदुमी एवं तोपचांची के अमित कुमार और शकील खान ने जदयू के सर्वमान्य नेता नितीश कुमार, और खीरु महतो में आस्था व्यक्त करते हुए जदयू की सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले कार्यकताओं को सदस्यता रसीद दे कर पार्टी में शामिल किया और बधाई दी ।

## कापासारा कोलियरी के महिला कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत

**कुमारधुबी।** कापासारा कोलियरी के महिला कर्मचारी शांतो लोहारीन की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में आज कापासारा कोलियरी कार्यालय में मृतक महिला के शव के साथ आंदोलन की सूचना पर मुगमा क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक रति मोहन शर्मा और अभिकर्ता आर आर कांत पहुंचे। संयुक्त मोर्चा की ओर से झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य अशोक मंडल और पूर्व विधायक अरुप चटर्जी ने स्पष्ट तौर पर कहां कि मृतक परिवार के सदस्यों को प्रोविजनल नियोजन और दाह संस्कार के लिए 50 हजार रुपए दिया जाए। प्रबंधक ने एक महीने के अंदर नियोजन देने को कहा।

### बार-बार की शिकायत के बाद भी प्रबंधन नहीं लगाता अंकुश, आंदोलन के मूड में हैं ग्रामीण

# खदान में हेवी ब्लास्टिंग से घरों में पड़ रही दरार

- **खान अधिनियम 1952 और खान नियम 1955 की अनदेखी के कारण होती है दुर्घटनाएं**

**बिनोद रजक**

**धनबाद।** देश में कोयला के उत्पादन के लिए जाने, जाने वाला कोयलांचल का धनबाद जिला किसी पहचान की मोहताज नहीं है। कोल इंडिया का स्वामित्व वाला भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड प्रशासनिक दृष्टिकोण से प्रशासन के लिए खदानों को बारह क्षेत्रों में बांटा गया है। बीसीसीएल भारत में प्राइम कोकिंग कोल (कच्चा और धुला हुआ) का प्रमुख उत्पादक है। कई खुली खदानों से बीसीसीएल खुद उत्पादन करता है और कई खुली खदानों से आउटसोर्सिंग के माध्यम से कोयला का उत्पादन करवाता है। एक समय था जब लोग महीने में बीसीसीएल के वेतन का इंतजार करते थे ,क्योंकि उस समय बीसीसीएल में कर्मियों की संख्या अधिक थी ।कर्मी धीरे-धीरे रिटायर करते गए और कर्मियों की संख्या कम होती गई । बाजार से रौनक गायब होता गया, बीसीसीएल के द्वारा अधिकांश काम आउटसोर्सिंग कंपनियों को सौंप दिया गया। बताते चले की 24 दिसंबर 2023 को झरिया थाना क्षेत्र के कुसुंडा बीसीसीएल क्षेत्र संख्या छह के एना कोलयरी में हुए हैवी ब्लास्टिंग के कारण उड़ने वाले पत्थरों से कई बच्चे घायल हो गए थे, जिसके बाद वहां के ग्रामीणों ने उग्र रूप धारण कर मैनेजर तथा पीओ को पुलिस के सामने ही पीट दिया था।



### हेवी ब्लास्टिंग से इन क्षेत्रों को हो रहा नुकसान

न्यू आकाश के नई कोलियरी एवं छाताबाद कोलयरी में चलने वाले ओपन कास्ट प्रोजेक्ट में हो रहे हैवी ब्लास्टिंग से छाताबाद ,मलकेरा ,भट्टमुरना, पचगड़ी बाजार ,रानी बाजार, कतरास बाजार ,कतरास हटिया, पोस्ट ऑफिस कतरास, तिलताड हॉस्पिटल, राम पूजन नगर गुहीबांध में रहने वाले लोगों के मकान में दरारें आनी शुरू हो गई है। साथ ही इन क्षेत्रों में दर्जनों छोटे बड़े विद्यालय, कॉलेज, बैंक ,अस्पताल भी मौजूद है जो कभी भी हैवी ब्लास्टिंग के चपेट में आ सकते हैं। कुछ दिनों पहले गुही बांध का कब्रिस्तान भी हैवी ब्लास्टिंग के चपेट में आ गया था। ज्ञात हो कि भारतीय कोयला खदानों में अधिकांश विस्फोट भारत सरकार (जीओआई) द्वारा लागू नियमों, अर्थात कोयला खदान विनियम (सीएमआर) 2017, खान अधिनियम 1952 और खान नियम 1955 की अनदेखी के कारण होते हैं।

### हेवी ब्लास्टिंग से एरिया-3 के लोग परेशान

धीरे-धीरे पूरा कोयला क्षेत्र एक टापू के रूप में परिवर्तित हो गया। जिधर देखिए उधर ओबी का डंप से पहाड़ बना दिया गया है। दिन रात कोयला परिवहन करते वाहन धूल उड़ाते वाहन प्रदूषण फैलाते वाहन हैवी ब्लास्टिंग से ग्रामीण त्राहिमाम कर रहे हैं। वर्ष 2022-23 में बीसीसीएल क्षेत्र से इतना कोयला का चोरी हुआ कि कई लोग अरबपति एंव खरबपति बन गए। 100 साल तक चलने वाला कोयला को 2 साल में निकाल कर बीसीसीएल के अधिकारियों की मिली भगत से अवैध तरीके से बेच दिया गया। डीजीएमएस के नियमों को ताख पर रखकर किया जा रहा है हैवी ब्लास्टिंग। खान सुरक्षा महानिदेशालय के नियमों को दरकिनार कर बीसीसीएल के क्षेत्र संख्या 3 न्यू आकाश किनारी कोलयरी एवं कैलुडीह छाताबाद में स्थित ओपन कास्ट माईसं जहां आउटसोर्सिंग कंपनी कम कर रही है, मे हैवी ब्लास्टिंग किया जा रहा है। जिसके कारण आसपास रहने वाले लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

### सुरक्षा नियमों का हो रहा उल्लंघन

भविष्य में बार-बार होने वाली आपदाओं की संभावना को कम करने के लिए प्रत्येक खदान दुर्घटना के मूल कारणों को निर्धारित करना अत्यावश्यक है। इस पेपर ने 1900-2020 की अवधि को कवर करते हुए भारतीय कोयला खदानों में खदान विस्फोट डेटा का गंभीर विश्लेषण किया। इस विश्लेषण से, यह निर्धारित किया गया कि दुर्घटनाओं के मूल कारणों में सुरक्षा नियमों का उल्लंघन, अनुचित सर्वेक्षण योजनाएं, खराब वेंटिलेशन, कमजोर प्रबंधन प्रणाली और वैधानिक अनुमतियों का उल्लंघन शामिल है। हैवी ब्लास्टिंग के विरोध में ग्रामीण आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं।

## सरजोम बेड़ा फुटबॉल टूर्नामेंट आज से

**दुमका।** सारजोम बेड़ा फुटबाल टूनामेंट का आयोजन बिरसा मुंडा आउट डोर स्टेडियम में शुक्रवार से प्रारंभ होगी। इस बावत प्रेसवार्ता कर्वटूनामेंट के आयोजक सारजोमबेड़ा क्लब के अध्यक्ष ब्रह्मदेव सोरेन ने बताया कि इस टूनामेंट में विभिन्न राज्यों की 16 टीमें भाग लेंगी। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कई खिलाड़ी शामिल होंगे। कुछ टीमें विदेशी खिलाड़ियों को लेकर भी पहुंचेगी। श्री सोरेन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को 4 लाख रुपए और उपविजेता टीम को 3 लाख रुपए का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक मुकाबले में मैन ऑफ दी मैच का भी खिताब से बेहतर करने वाले खिलाड़ी को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा बेस्ट गोलकीपर ऑफ दी टूर्नामेंट हाइएस्ट स्कोरर मैन ऑफ दी सीरिज का भी पुरस्कार से खिलाड़ियों को नवाजा जायेगा। तीसरे व चौथे स्थान पर रहनेवाली टीमें भी 75-75 हजार रुपए का नकद पुरस्कार मिलेगे।

## शिव मंदिर प्रांगण में भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष को किया गया सम्मानित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत लटानी बाजार स्थित शिव शक्ति मंदिर प्रांगण में भाजपा कार्यकताओं द्वारा भाजपा नेता ज्ञान रंजन सिंह के ग्रामीण जिला अध्यक्ष के सफलतम कार्यकाल एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत होने पर अंग वस्त्र वह बुके देकर स्वागत किया गया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष विजय दास ने श्री सिंन्हा को डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भेंट कर बधाई दी। दिनेश दत्ता ने भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर भेट कर शुभकामनाए दी।स्वागत कार्यक्रम में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष समीर साव,भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष महादेव कुमार, जीप सदस्य जेबा मरांडी, महादेव कुमार, मंजूर मंडल,बिपिन दा,शंकर चंद्र दा, गणेश दा, फिरोज दत्त, भीमलाल भंडारी,सत्यदेव हेंम्ब्रम, वीरेंद्र भंडारी, दिनेश दत्त, आदि कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

## स्कूल में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यक्रम का आयोजन

**रानेश्वर।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय दुमका के निर्देशन में सिदो कान्हू सीनियर सेकेंडरी स्कूल रघुनाथपुर में गुरुवार को छात्र.छात्राओं एवं आम जनों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिवहन पदाधिकारी जयप्रकाश करमालीए बीडीओ शिवाजी भगतए रानेश्वर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक राजन झाए सड़क सुरक्षा प्रबंधन दीपक कुमारए विद्यालय के सचिव प्रदीप्त मुखर्जी सह सड़क सुरक्षा सदस्यए एवं सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य डॉक्टर मनोज कुमार घोषए रमन कुमार वर्माए मुस्ताक अलीए एवं अमरेंद्र सुमन उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र.छात्राओं द्वारा ड्रामा के माध्यम से यातायात के नियमों का पालन करनाए शराब पीकर गाड़ी ना चलानाए मोबाइल फोन में बात करते समय गाड़ी ना चलानाए सड़क दुर्घटना से बचावए दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को तत्काल चिकित्सा उपलब्ध करानाए इत्यादि चीजों को प्रदर्शित किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बच्चों के इस एक्ट की काफी प्रशंसा कीए एवं उन्होंने कहा कि आप सभी अपने अभिभावक एवं आस.पड़ोस को भी जागरूक करें उनसे आग्रह करें की गाड़ी चलाते समय जल्दबाजी न करेंए यातायात के सभी नियमों का उचित पालन करें। बच्चों के कार्यक्रम को देखकर बीडीओ सहित अन्य अतिथियों ने भी काफी प्रशंसा की कार्यक्रम का मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक दिनेश कुमार मिश्रा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन सड़क सुरक्षा प्रबंधन दीपक कुमार ने किया। मौके पर विद्यालय के उप प्राचार्य रक्षाकर पालए दीपांकर चक्रवर्ती आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय उद्यमिता एवम् लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड)
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार
ए-23, सेक्टर-62, (संस्थागत क्षेत्र), नोएडा-201309 (उ०प्र०)

प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

(सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत प्रशिक्षकों हेतु उद्यमिता प्रशिक्षक बनने का सुअवसर)
योग्यता: न्यूनतम स्नातक (मनोविज्ञान, ग्रामीण विकास, सामाजिक विज्ञान अथवा संबंधित विषय को प्राथमिकता)।
अनुभव: कौशल विकास एवं उद्यमिता क्षेत्र में तीन वर्ष का कार्य अनुभव।
प्रतिभागियों का चयन 11.02.2024
प्रशिक्षण प्रारंभ दिनाँक 12.02.2024 से 16.02.2024
स्थान :- In front of Govt ITI, Joint Training Building, Hehal, Ranchi (Jharkhand)- 834005
सीमित सीटें – 50
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें–
कोर्स निदेशक: मनीष कुमार, मो0: 8826894375
manish@niesbud.gov.in | www.niesbud.nic.in
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार
(आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (संकल्प)

## फाइलेरिया उन्मूलन : मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम कल से

**धनबाद।** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 फरवरी से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम चलाया जाएगा। 10 फरवरी को जिले के 2220 बूथ पर 4446 दवा प्रशासक द्वारा 26 लाख से अधिक लोगों को अपने सामने दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। अभियान को सफल बनाने के लिए 331 सुपरवाइजर भी क्रियाशील रहेंगे। वहीं छूटे हुए लोगों को 11 से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक द्वारा घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की खुराक खलाई जाएगी। अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर आज सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर जिले के 1154 गांव में 2220 बूथ पर 4446 दवा प्रशंसकों द्वारा 331 पर्यवेक्षकों की देखरेख में 26 लाख 52 हजार 960 लोगों को दवा खिलाई जाएगी। 1 से 2 साल तक के बच्चे को एल्बेंडाजोल की आधी गोली (200 एमजी) पानी में घोलकर। 2 से 5 वर्ष तक को डीईसी की एक गोली (100 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली (400 एमजी), 6 वर्ष से 14 वर्ष तक डीईसी की 2 गोली (200 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली दी जाएगी।

## स्थानांतरित पुलिस पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित



**धनबाद।** धनबाद पुलिस द्वारा जिले से स्थानांतरित हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, परीचारी प्रवर का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसके साथ ही जिले में नव पदस्थापित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, परीचारी प्रवर के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिले से स्थानांतरित हुए सभी पदाधिकारियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का जिक्र किया। साथ ही नव पदस्थापित सभी पदाधिकारियों ने आने वाले समय में जिले को अपराध मुक्त बनाये रखने के साथ साथ शांति व्यवस्था कायम रखने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने सभी पदाधिकारियों का हौंसला बढ़ाते हुए मार्गदर्शन के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक नगर अजित कुमार एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कपिल चौधरी ने भी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में जिले से स्थानांतरित हुए वरीय पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक अमर पांडेय, अरविंद विन्हा शामिल थे।

कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

**Factory Formulated Extruded Mash Feed आपूर्त्ति हेतु**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा निदेशक मत्स्य, झारखंड, राँची के पत्रांक- 219 दिनांक 05.02.2024 के आलोक में Factory Formulated Extruded Mash आपूर्त्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु राज्य योजना के अन्तर्गत निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को Factory Formulated Extruded Mash Fish Feed की आपूर्त्ति की जानी है। इस प्रयोजनार्थ Fish Feed आपूर्त्तिकर्त्ताओं से जिले के वेबसाइट में दी गई आवश्यक शर्त्तों के अधीन अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक Fish Feed आपूर्त्तिकर्त्ताओं से उपरवर्णित Factory Formulated Extruded Mash Fish Feed आपूर्त्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 16.02.2024 को अपराहन् 02:00 बजे दिन तक जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा में स्वीकार किया जायेगा। निविदा हेतु परिमाण विपत्र कार्यालय से क्रय कर उसी परिमाण विपत्र में निविदा/दर स्वीकार किया जाएगा। निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्त्ते जिला कोडरमा के NIC Website- https://koderma.nic.in/ एवं जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा निष्पादन की तिथि एवं स्थान बाद में सूचित की जायेगी।

1. निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को Factory Formulated Extruded Mash Fish Feed की आपूर्त्ति अधिकतम स्वीकृत राशि। मो0- 2,000/- रूपये मात्र प्रति निबंधित मत्स्य बीज उत्पादक के अंतर्गत होगा।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य :- मो0 1,500.00 (एक हजार पाँच सौ रूपये) मात्र
3. परिमाण विपत्र क्रय करने की तिथि :- दिनांक 12.02.2024 से 15.02.2024 (कार्यालय कार्य अवधि में)

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 318339 (Fish)23-24*D

## दोस्त की हत्या मामले में आजीवन कारावास, लगा जुर्माना

**प्रेमिका से अवैध संबंध के संदेह में दोस्त के कनपटी में मार दी थी गोली**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** दोस्त की हत्या मामले में न्यायालय ने दोषी करार देते हुए आजीवन करावास एवं जुमार्ना किया। सजा अपर जिला जजए तृतीय लक्ष्मण प्रसाद की न्यायालय ने गुरुवार को सुनाया। दोषी करण भारती नगर थाना क्षेत्र के गांधी नगर मोचीपाड़ा निवासी है। जो प्रेमिका से अवैध संबंध होने पर जिगरी दोस्त मंगल चालक उर्फ पुटका को गोली मार हत्या कर दिया था। न्यायालय ने हत्या के मामले में भादवी की धारा 302 में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं 20 हजार जुमार्ना की सजा मुकर्रर किया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। भादवी की धारा 201 में तीन साल सजा एवं 10 हजार जुमार्ना किया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। आर्म्स एक्ट 27 में तीन साल सजा और 5 हजार जुमार्ना किया गया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर एक माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ.साथ चलेंगी। इस केस में अभियोजन पक्ष ने 13 गवाहों की गवाही गुजरी। सरकार की ओर से पक्ष से सहायक लोक अभियोजन खुशुबद्दीन अली रख रहे थे।

### क्या है मामला

प्रेमिका से अवैध संबंध होने पर जिगरी दोस्त मंगल चालक उर्फ पुटका को गोली मार हत्या कर दिया था। हत्या की घटना को अंजाम 4 फरवरी 2021 को दिया था। हत्या की घटना को अंजाम सदर प्रखंड के चांदोपानी गांव के जंगल मे अंजाम दिया था। हत्या करने के बाद करन अपने घर मोचीपाडा आ गया। बाद में जब मंगल उर्फ पुटका का शव पुलिस दिग्घी ओपी थाना क्षेत्र के चांदोपानी गांव के जंगल से बरामद किया था। मंगल उर्फ पुटका को नजदीक से कनपटी में गोली मारी गई थी। शव के पास से पुलिस गांजा पीने का चिलम पानी की बोतलें और खाने का सामान बरामद किया था। जिससे पुलिस को समझते देर नही लगा कि पुटका की हत्या उसके कोई करीबी ने मारा है। अनुसंधान में पुलिस ने जब शहर से उस ओर जाने वाले रास्ते के सभी सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो देखा कि मंगल उर्फ पुटका को करन भारती के साथ बाइक पर जा रहा था और वापस केवल अकेले लौट रहा था। जिसके बाद पुलिस आरोपी करण को हिरासत में लेकर जब कड़ाई से पूछताछ किया तब सारा माजरा समझ मे आया।

हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

**बन्दोवस्ती हेतु आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग द्वारा निम्नांकित तालिका में क्रमाक 1 एवं 2 का वित्तीय वर्ष 2024-2025 से 2026-2027 मार्च तक की त्रिवार्शिक बन्दोबस्ती के लिए बन्दोबस्ती हेतु खुला डाक का आयोजन दिनांक 15.02.2024 को अपराह्न 1:00 बजे से निगम सभागार में आयोजित की जायेगी।

| क्र.स. | सैरात का नाम | बन्दोबस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | कालीबाडी मीठा तालाब पार्क | 4,50,000/-रू | 45,000/-रू |
| 02 | हाउसिंग बोंड पार्क | 1,50,000/-रू | 15,000/-रू |

-डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाकवकता के द्वारा जमानत की राशि बैक ड्राफ्ट जो नगर आयुक्त नगर निगम, हजारीबाग के पदनाम से भारतीय स्टेट बैक के मुख्य शाखा हजारीबाग में भुगतेय हो, डाक की तिथि से एक दिन पूर्व जमा करना होगा।
-किसी भी डाक को अस्वीकृत या बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार नगर निगम को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
-सफल डाकवक्ता द्वारा बिना नगर निगम कार्यालय के सहमति के स्वीकृत डाक की संपूर्ण राशि जमा नहीं करने या बन्दोबस्ती लेने से इन्कार करने पर कार्यालय द्वारा उनके विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए उनका नाम काली सूची मे दर्ज की जायेगी।
-डाक की शेष नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी नगर निगम, हजारीबाग कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

नगर आयुक्त-सह-प्रशासक
नगर निगम हजारीबाग

PR 318352 (Urban Development and Housing)23-24*D

# केंद्र नांदेड़ गुरुद्वारा में हस्तक्षेप कर सिखों का जीते विश्वास

**सिखों के पांच महान तख्तों में एक है नांदेड़ गुरुद्वारा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी ।** सिखों के पाँच महान तख्तों में एक महाराष्ट्र के नांदेड़ सिख गुरुद्वारा सचखंड श्री हजूर अबचलनगर साहिब अधिनियम 2024 को लागू करने के लिए महाराष्ट्र सरकार की राज्य मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी के बाद सिख संगठनों ने पूरे देश में विरोध शुरू कर दिया है। इसके मद्देनजर 1956 के अधिनियम में संशोधन करने के लिए भाटिया अध्ययन समिति की सिफारिशों के अनुसार सरकार ने नया अधिनियम तैयार करने को मंजूरी दी है। झारखंड सिख वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष सेवा सिंह ने गुरुवार को इसका विरोध करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार से हस्तक्षेप कर विसंगतियों को सुधारकर सिखों का विश्वास जीतने की बात की है। उन्होंने बताया कि अधिनियम 2024 के तहत नांदेड़ सिख गुरुद्वारा सचखंड श्री हजूर अबचलनगर साहिब में महाराष्ट्र सरकार 7 की जगह 12 सदस्यों को मनोनीत करेगी। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के द्वारा भेजे जा रहे 4 बोर्ड सदस्यों की संख्या घटाकर 2 कर दी गई है। इसके साथ ही अधिनियम के अनुसार हैदराबाद के द्वारा दान किए गए नांदेड़ स्थल में हैदराबाद और सिकंदराबाद के एक प्रतिनिधि का दावा भी खत्म हो गया है। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के कारण महाराष्ट्र सरकार का आधिपत्य उक्त गुरुद्वारा में अध्यक्ष, महासचिव और अन्य पदाधिकारियों पर सीधे तौर पर हो जाएगा। इससे सिखों के अधिकारों का हनन होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा से हस्तक्षेप करने की माँग की है।



झारखण्ड सरकार
राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)

**अधिघोषणा (अधिनियम-30/2013 की धारा-19 (1) के अधीन)**

"एन०एच०-75 (टेण्डर मोड़) जगुआर कैम्प (कुल लम्बाई 2.200 कि०मी०) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना"

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा-एन०एच०-75 (टेण्डर मोड़) जगुआर कैम्प (कुल लम्बाई 2.200 कि०मी०) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना" हेतु ग्राम/मौजा-तिलता, थाना-रातु, थाना न.-94, अंचल-रातु, जिला-राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश रकबा-0.4866 एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश रकबा-0.4866 एकड़ है, जो मौजा-तिलता, थाना-रातु, थाना न.-94, अंचल-रातु, जिला-राँची में है, जिसकी विवरणी निम्नलिखित है :-

**मौजा-तिलता, थाना नं०-94, अंचल+थाना-रातु**

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (मुखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 03 | 43 | रैयती | टांड-II | 0.4866 | कमल भूषण, पिता-विश्वनाथ भगत | प्लॉट-3 2 | N.H. रोड | 43 पार्ट | 43 पार्ट |
| | | | | कुल | 0.4866 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या-30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :-

ग्राम-XXX, थाना संख्या-XXX, अंचल-XXX, जिला-XXX, क्षेत्रफल-XXX एकड़, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

उपायुक्त,
राँची।

PR 318310 (Land Reforms)23-24*D

# श्वेत- श्याम पत्र

लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार ने अपने 10 साल के कामकाज और उपलब्धियां बताने के लिए श्वेत पत्र जारी किया है। यूपीए सरकार को एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था विरासत में मिली, जो अधिक सुधारों के लिए तैयार थी लेकिन इसने अपने दस वर्ष गैर-निष्पादित बना दिया। यूपीए सरकार ने 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद किसी भी तरह से उच्च आर्थिक विकास को बनाए रखने की अपनी खोज में व्यापक आर्थिक नींव को गंभीर रूप से कमजोर किया। त्वरित समाधान करने के बजाय, राजग सरकार ने साहसिक सुधार किए 2014 में जब एनडीए सरकार ने सत्ता संभाली थी, अर्थव्यवस्था खराब स्थिति में ही नहीं थी वरन, संकटग्रस्त थी। हमने एक दशक के लिए कुप्रबंधित अर्थव्यवस्था को ठीक करने और इसके मूल ढांचों को मजबूत स्थिति में बहाल करने की बहुत सी चुनौतियों का सामना किया। तब हम 'कमजोर पांच' अर्थव्यवस्थाओं में से थे; अब, हम 'शीर्ष पांच' अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं, जो हर साल वैश्विक विकास में तीसरा सर्वाधिक योगदान देते हैं। तब दुनिया का भारत की आर्थिक क्षमता और गतिशीलता से भरोसा उठ गया था, अब हमारी आर्थिक स्थिरता और विकास की संभावनाओं के साथ, हम दूसरों में आशा का संचार कर रहे हैं। हम अनुलग्नक 1 में दो प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठनों की धारणाओं का एक चित्र साझा करते हैं। फिर, हमारे पास 12 दिवसीय राष्ट्रमंडल खेलों का घोटाला-भरा था, अब हमने 2023 में एक बहुत बड़े और साल भर चलने वाले जी20 प्रेसीडेंसी की सफलतापूर्वक मेजबानी की। वहीं कांग्रेस ने भी एक काला पत्र जारी किया जिसमें वर्तमान सरकार की कमियों पर ध्यान खींचा गया है। लेकिन आर्थिक मुद्दों पर गंभीरता और सच्चाई अनिवार्य है।

# लखपति दीदी

जब भी महिलाओं की तरक्की की बात होती है, तो जो समाज के उदाहरण दिये जाते हैं, वे महज प्रतीकात्मक होते हैं। जहां आम स्त्रियों के लिये लैंगिक भेदभाव के चलते अनुकूल कार्य परिस्थितियां उपलब्ध नहीं हैं। उनको न्यायसंगत मेहनताना भी नहीं मिलता है। इसके बावजूद व्यक्तिगत व स्वयं सहायता समूहों की तरफ से उत्साहवर्धक शुरूआत हुई है। सरकारी आंकड़ों पर विश्वास करें तो महिला श्रम बल की भागीदारी में वृद्धि हुई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण रिपोर्ट 2022-23 के अनुसार वर्ष 2021-22 में राष्ट्रीय श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी 32.8 फीसदी थी, जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर 37 फीसदी हो गई है। निश्चिय रूप से 4.2 फीसदी की वृद्धि उत्साहजनक है। हाल ही में अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने उत्साहवर्धक जानकारी दी कि देश में एक करोड़ कर्मशील महिलाएं लखपति बन चुकी हैं, अब तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। दरअसल, लखपति दीदी योजना का मकसद साधनविहीन महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिये, उन्हें स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल करके आय अर्जन के योग्य बनाना है। उन्हें अपना बिजनेस शुरू करने के लिये प्रेरित किया जाता है। स्वयं सहायता समूहों के साथ जुड़कर इस योजना का लाभ उठाया जा सकता है। महिलाएं अपने निकटवर्ती आंगनवाड़ी केंद्र में से इस बाबत सूचना प्राप्त कर सकती हैं। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्हें ड्रोन संचालन, कृषि उत्पादों के बाजारीकरण तथा एलईडी बल्ब बनाने आदि का प्रशिक्षण देकर अपना काम शुरू करके आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास होता है।

# संजीवनी फल

**विचार-प्रवाह**

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**राम** के सबरी के बैर खाने के आग्रह को लक्ष्मण समझ नहीं सके। उन्हें लगा कि यह एक भिलनी का खाया हुआ जूठा बैर ही है। अत3 न खाकर उसे फेंक दिया था। समय आने पर वही बैर पंक्षियों के सहारे हिमालय में गया और उगा था इसलिये ह्दय के लिये वह ठंडा होने के कारण उपयोगी था। लक्ष्मण जी को ठंडा चीज देना जरूरी था।जब हनुमानज को संजीवनी बूटी के विषय में सुषेण बैद्य को बता दिया था और कहा कि आप चले जाइये, पहचान जाइयेगा। अन्य पौधों से अलग उसमें चमक होगी। हनुमान जी रात्रि में अत्यंत वेग से चले। उन्हें कहीं से कहीं से कहीं आने-जाने की गति थी। उनके जाने के क्रम में रावण को सूचना मिल गयी कि मेघनाथ ने जो वाण मारा था उसकी दवा सुषैन वैद्य ने बता दिया है जिसे लाने हनुमानजी के लिये धौरागिरी जा रहे हैं। उसने सोचा कि कुछ ऐसा उपाय किया जाए कि इनको मार्ग में ही रोक दिया जाए, ताकि समय पर ये न तो जा सके और न ही पहुंच सके। कालनेमि राक्षण अनेक तरह का कल-बल और छल करने में नामी था। उसको रावण ने भेज दिया कि जाकर हनुमान का रास्ता रोक लो। जिस रास्ते से हनुमान जी जा रहे थे उस रास्ते में कालनेमि ने वेश बदल कर एक झोपड़ीनुमा कुटिया बनाकर बैठ गये। हनुमान जी को लगा कि काई संत नजर आ रहा है तो काम करने के पहले प्रणाम कर लूं। यदि मैं संत को प्रणाम करके आऊंगा तो मेरा काम जरूर अच्छे ढंग से हो जाएगा। जब हनुमान जी ने प्रणाम किया तो उसने इनको देखते उनका नाम,पता, काम सब बोल दिया- तुम केशरीनंदन हो और राम के काम से जा रहे हो।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

**कार्टून वर्ल्ड**

हमास की बर्बादी ...



कार्टून मूवमेंट डॉट कॉम

**लेटर टू एडिटर**

## लोकतंत्र की शर्त

**राजनीति** में सुधार के लिए जनता को ही एकजुट होकर भ्रष्टाचारी, घोटालेबाज, धनबलधारियों और बाहुबलियों को हराने के लिए मतदान करना चाहिए। राजनीतिक दल भी सिर्फ जीत सकने वाले उम्मीदवार को ही टिकट देते हैं! जिसमें अधिकांश धनबल और बाहुबल के आधार पर चुनाव जीतते हैं। दूसरे चुनाव आयोग को मुफ्त की रेवड़ियां बांटने पर भी सख्त पाबंदी हो। - **रवि रांची**

## धुर रिश्तों का बजट

**वित्तमंत्री** द्वारा संसद में वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश किया गया जिसमें नेबर हुड फर्स्ट नीति के तहत 18050 करोड़ की राशि को बढ़ाकर 22154 करोड़ कर दिया है। संकेत हैं कि पड़ोसी देशों के साथ संबंध मधुर हो और परस्पर सहयोग की भावना को बल मिले। वहीं मालदीव के लिए करीब 770 करोड़ रुपए की धनराशि रखी गई है।

**- वीरेंद्र कुमार, हजारीबाग**

# तेलंगा खड़िया ने अंग्रेजी हुकूमत की चूल हिला दी






**- डॉ दुलार कुल्लू**

> तेलंगा खड़िया आरंभ से ही शोषण और अत्याचार के सतत विरोधी थे। इससे मुक्ति के लिए वे गांव-गांव घुमकर जागृति उत्पन्न करने लगे। गांवों में जाकर ग्रामजूरी पंचायत की स्थापना करने लगे। उन्होंने 13 ग्रामजूरी पंचायत का गठन किया और अंग्रेजी हुकूमत से मुक्ति के लिए बिगूल फूंका। उनके द्वारा गठित 13 ग्रामजूरी की सूची भी अनुसंधान के बाद उपलब्ध हो चुका है।

**वीर** शहीद तेलंगा खड़िया का जन्म 9 फरवरी 1806 ई को गुमला जिला अंतर्गत सिसई थाना के मुरगू ग्राम में हुआ था। उनका जन्म एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम ढुलिया खड़िया और माता का नाम पेतो खड़िया था। उनके दादा का नाम सिरू खड़िया और दादी का नाम बुच्ची खड़िया था। तेलंगा खड़िया मूरगू ग्राम के जमीनदार तथा पाहन परिवार से संबंध रखते थे। उनके दादाजी सिरू खड़िया बहुत ही धार्मिक, साहित्यिक एवं सुलझे हुए सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। खड़िया भाषा में वीर, साहसी और अधिक बोलने वाले व्यक्ति को तेब्बलंगा कहा जाता है। वीर शहीद तेलंगा खड़िया बचपन से ही बहुत वीर, साहसी, कर्मठ एवं अधिक बोलने वाले थे। यही कारण रहा कि उनका नाम तेब्बलंगा से तेलंगा हुआ। तेलंगा खड़िया बिलुंग गोत्र से संबंध रखते थे। वैसे तो उनकी पढ़ाई लिखाई बहुत ही कम हुई थी, लेकिन वे सरल स्वभाव वाले ईमानदार, मिलनसार एवं कर्मठ समाज सेवी यक्ति थे।

तेलंगा खड़िया का मुख्य पेशा कृषि एवं पशुपालन था। घरेलू कार्य को करते हुए उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत से मुक्ति के लिए अपने अनुयायियों को अखाड़े में तीर-धनुष तथा गद्दा चलाने की कला का प्रशिक्षण भी दिया करते थे। ग्राम मूरगू से पूर्व में स्थिति सिसई के अखाड़े में लोगों को एकत्रित कर युद्ध विद्या का प्रशिक्षण दिया करते थे। इनकी सेना की संख्या 9 सौ से 15 सौ तक थी। तेलंगा खड़िया के सैनिकों के संबंध में खड़िया भाषा में एक लोकगीत भी प्रचलित है-

**तेलंगा भैया बारियो चारियो कोना जाबे।**
**नौ सै कड़म के मलि छोड़ाबे।**

उपर्युक्त गीत में बताया गया है कि तेलंगा भइया चारो ओर जाइएगा लेकिन नौ सौ सेना को कभी मत छोड़ियेगा। ये नौ सौ सैनिक तो तुम्हारे ही मूल सपना हैं। हे तेलंगा भइया नौ सौ सेना को कभी मत भुलियेगा इन्हें कभी मत छोड़ियेगा।

तेलंगा के पिताजी छोटानागपुर के नागवंशी महाराजा रातूगढ़ के भंडारपाल थे। नागवंशी शासन काल में भंडापाल की पदवी बहुत ही इमानदार व्यक्ति को दी जाती थी। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि खड़िया जनजाति के लोग आरंभ से ही बहुत अधिक ईमानदार और कर्तव्य निष्ठ रहे हैं। तेलंगा खड़िया अपने पिता के साथ कभी-कभी महाराजा के दरबार में जाया करते थे। इस क्रम में सामाजिक एवं राजनीतिक बातों को सुनकर परिपक्व हुए। तेलंगा खड़िया आरंभ से ही शोषण और अत्याचार के सतत विरोधी थे। इससे मुक्ति के लिए वे गाँव-गाँव घुमकर जागृति उत्पन्न करने लगे। गाँवों में जाकर ग्रामजूरी पंचायत की स्थापना करने लगे। उन्होंने 13 ग्रामजूरी पंचायत का गठन किया और अंग्रेजी हुकूमत से मुक्ति के लिए बिगूल फूंका। उनके द्वारा गठित 13 ग्रामजूरी की सूची भी अनुसंधान के बाद उपलब्ध हो चुका है। ये हैं- ग्राम मूरगू सिसई, ग्रामजूरा, ग्राम डाइगढ़ नागर थाना सिसई, ग्राम देठौली थाना गुमला, ग्राम दुन्दरिया थाना गुमला, सोसो थाना गुमला, नीमटोली थाना गुमला, ग्राम बघिमा थाना पालकोट, ग्राम नाथपुर थाना पालकोट, ग्राम कुम्हारी थाना बसिया, ग्राम बेन्दोरा थाना चैनपुर, ग्राम कोलेबिरा थाना कोलेबिरा, ग्राम महाबुआंग थाना बानो। माना जाता है कि इसके अतिरिक्त भी ग्रामजूरी रहे होंगे जो अभी अज्ञात हैं।

एक बार तेलंगा जब बसिया थाना में ग्रामजूरी पंचायत का गठन कर रहे थे तभी उन्हें अंग्रेज पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। गिरफ्तार करने के बाद उन्हें लोहरदगा जिला मुख्यालय के जेल में बंद कर दिया गया था। उन्हें पकड़वाने में जमीनदरों का हाथ था। इसका वर्णन भी खड़िया लोकगीत में मिलता है। यह लोकगीत है-

**लोहारदगाते जोरी बेरी ओबुसुतेमोय,**
**साहेब हुकुम तेरोअ, जोरी बेरी ओबसुतेमोय,**
**कटा रो ती, ते जोरी बेरी ओबसुतेमोय।।**

इस गीत में कहा गया है कि लोहरदगा में जोड़ा भर बेड़ी (हथकड़ी) पहनाते हैं। यह हुकूम साहब देते हैं। हाथ और पांव में जोड़ा भर बेड़ी पहनाते हैं। लोहरदगा जेल में कुछ दिन रखने के बाद तेलंगा खड़िया को कलकत्ता जेल भेज दिया गया। कहा जाता है कि उन्हें 14 साल की कठोर सजा सुनायी गयी थी। इसका उल्लेख खड़िया लोककथा एवं लोकगीतों में भी मिलता है। एक गीत उदाहरण स्वरूप देखा जा सकता है-

**कहां कर राइज राजा ,**
**कहां का हिरा राजा,**
**राजा भाई कलिकत्ता तेलंगा का डेरा**
**राजा भाई कलिकत्ता तेंलेंगा का डेरा।।**
**जसपुर कर राइज राजा**
**नागपुरी कर हिरा राजा भाई कलिकता .....**
**बुडु कर कर राइज राजा, राजा भाईकलि ...**
**पांच भाषा पाँचों परगना, राजी तोरा के**
**तेलेंगा न डोले देबे।।**

कलकत्ता जेल से छुटने के बाद तेलेंगा पुनः अपने गाँव लौट आये और सिसई अखाड़े में अपने समर्थकों से मिले। आंदोलन के लिए विचार-विमर्श किये और फिर नये सिरे से उलगुलान करने में लग गये। तेलेंगा खड़िया अंग्रेजी हुकूमत को भारत से उखाड़ फेकने के लिए अजीवन संघर्ष किये। स्वतंत्रता आंदोलन उनके द्वारा दी गयी कुबार्नी को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। आज हम आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम मना रहे हैं, झारखंड की धरती में जन्मे तेलेंगा खड़िया जैसे प्रत्येक वीर सपूतों के संघर्षपूर्ण जीवन को संकलित कर प्रकाशित कराना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अंत में प्रेमधवन द्वारा शहीद फिल्म में लिखित गीत की पंक्तियाँ सहज ही याद आ जाती है- **जलते भी गए कहते भी गये**
**आजादी के परवाने**
**जीना तो उसी का जीना है**
**जो मरना देश पर जाने।।**

**(लेखक मानवशास्त्री और खड़िया समाज के चिंतक है।)**

**खास बात**

## पिता की साया में जीवन

**अरुण नैथानी**

**गंगाराम** राजी हिमाचल के पर्वतीय अंचल में सक्रिय ऐसे सृजनकार हैं जो प्रगतिशीलता के साथ सूक्ष्म विषयों पर बेहद संवेदनशील सृजन करते हैं। उनके विपुल साहित्य में इसकी बानगी शिद्दत के साथ नजर आती है। एक तरफ संवेदनशील रचनाकार तो दूसरी ओर निजी जीवन में मुस्कराते-खिलखिलाते अलमस्त-अल्लहड़ किरदार। जीवन के नौवें दशक में दस्तक देते राजी के व्यवहार में कोई राज नहीं, एक खुली किताब है। समीक्ष्य कृति पिता के साए में (बाबा) में बारे में उनका कहना है कि गोर्की की विश्वप्रसिद्ध रचना मां पढ़ते-पढ़ते यह विचार मन में आने लगा कि जीवन में मां का जितना महत्व है पिता का महत्व भी कोई कम नहीं। दरअसल, गोर्की को मां के महत्व के साथ रूसी क्रांति के समय के समाज का हाल दर्शाना भी था।

निस्संदेह, गोर्की की रचना मां ने ही पिता के योगदान पर केंद्रित उपन्यास लिखने की आधारभूमि गंगाराम राजी को दी। जिसके प्रसंगवश वे समकालीन समाज के यथार्थबोध से पाठकों को अवगत कराने में सफल भी हुए। उनके अवचेतन में पिता के लिये बाबा शब्द ही रचा बसा रहा, जिसकी वजह से उन्होंने साहित्यकारों मित्रों की सलाह पर नाम ह्यपिता के साये में रखने के बावजूद कोष्ठक में बाबा शब्द भी शीर्षक में जोड़े रखा। जो अखरता तो है लेकिन रचनाकार के मनोभावों को भी दशार्ता है।

वास्तव में राजी ने उपन्यास में पिता के दायित्व, महत्व व योगदान का संवेदनशील चित्रण किया है। उपन्यास के केंद्र में बाल जीवन में उपेक्षित एक साधारण इंसान गुलाबू की कहानी है जो अनपढ़ होते हुए भी हाड़-तोड़ मेहनत करके बच्चों को शिक्षा-संस्कार देकर उन्हें योग्य व संस्कारी बनाता है। सगी न होने के बावजूद श्यामा का बेटी की तरह लालन-पालन करता है। रचनाकार ने इन पात्रों के जरिये समकालीन समाज के यथार्थ और आदर्श का समन्वय दर्शाया है। उपन्यास के घटनाक्रम के साथ इतिहास, राजनीति व सामाजिक विद्रूपताओं का जीवंत अक्स उभरता है।

श्रील प्रभुपाद जी के विचार और संदेश से आज भी भारत के जनमानस को मार्गदर्शन मिल रहा है।

उनकी 150वीं जयंती के कार्यक्रम में शामिल होना मेरा परम सौभाग्य है।

**– नरेन्द्र मोदी**

**आपके X ट्वीट**

हमारा प्रयास रहेगा कि भगवान बिरसा मुंडा, सिदो- कान्हू एवं बाबा तिलका मांझी समेत सभी शहीदों के आदर्शों को धरातल पर उतार कर, राज्य के आदिवासियों, मूलवासियों, दलितों एवं आम नागरिकों के जीवन स्तर में बदलाव लाया जाये।

**– चंपई सोरेन सीएम**





गुजरे कल की गलतियां
सुधारते हुए
बेहतर आज बनाते हैं
उज्ज्वल भविष्य का ताना
बाना बुनते हैं,
तभी तो सबका भरोसा है मोदी पर
तभी तो सब मोदी को चुनते हैं।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# खेती के प्रारूप में बदलाव से होगी बेहतर स्थिति

**कृषि**

**सरकारी** आकड़ों के अनुसार दस करोड़ परिवार यानी पचास करोड़ लोग कृषि पर निर्भर है। हालांकि हमने कृषि कार्यों को कभी स्थायित्व या उचित पोषण के नजरिये से नहीं देखा। हमारा ध्यान सदैव इस बात पर रहा कि अधिक से अधिक उत्पादन कैसे अर्जित करें।

इसका परिणाम यह हुआ है कि कृषि क्षेत्र एक गंभीर संकट का शिकार बन गया है। खासकर, कोविड महामारी में यह बात पूरी तरह दिखने लगी है।

खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) और नीति आयोग द्वारा जारी एक हालिया परिपत्र (सिम्बायोसिस ऑफ वाटर ऐंड एग्रीकल्चर ट्रांसफॉर्मेशन इन इंडिया) में पी एस विजयशंकर और मैंने तर्क दिए हैं कि एक ही फसल बार-बार उगाने (मोनोकल्चर) और हरित क्रांति की तकनीकों से हटकर देश में कृषि क्षेत्र की विविधताओं के अनुरूप फसलों की खेती कर बड़े पैमाने पर जल संचय किया जा सकता है।

कृषि कार्यों में देश के जल संसाधन का 90 प्रतिशत तक हिस्सा इस्तेमाल होता है। इनमें भी 80 प्रतिशत जल की मात्रा धान, गेहूं और गन्ना उगाने पर खर्च हो जाती है। हमने अपनी तरह की एक अनोखी गणना के तहत विभिन्न परिस्थितियों के विश्लेषणों से यह अनुमान लगाने का प्रयास किया है कि देश के 11 बड़े कृषि राज्यों में फसल विविधता के जरिये कितना जल बचाया जा सकता है। ये 11 राज्यों का देश की कुल सिंचित भूमि में दो-तिहाई हिस्सा है। मुख्य रूप से इन फसलों की जगह दलहन, तिलहन और पोषक अनाज (ज्वार, बाजार आदि) प्रत्येक कृषि क्षेत्रों के लिए उपयुक्त हैं। हम यह दशार्ने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत में पेयजल संकट दूर करने के लिए हम कितनी मात्रा में जल की बचत कर सकते हैं और किस तरह लाखों छोटे एवं पिछड़े किसानों के खेतों तक सिंचाई की सुविधा पहुंचा सकते हैं। कभी-कभी यह तर्क दिया जाता है कि फसल में बदलाव से कुल पैदावार कम हो जाएगी क्योंकि इनके बदले उगाई जाने वाली वैकल्पिक फसलों की उत्पादकता बहुत अधिक नहीं है। यह तर्क अपनी जगह है लेकिन हमें यह बिल्कुल नहीं भूलना चाहिए कि अधिक सिंचाई की जरूरत वाली धान एवं गेहूं की फसलों का उत्पादन पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में बरकरार रख पाना मुश्किल है जहां भूमिगत जल तेजी से नीचे जा रहा है। दूसरी तरफ, पूर्वी भारत से धान की सरकारी खरीद की मात्रा बढ़ाने से जल संसाधन से भरपूर इस क्षेत्र को अपने खाद्यान्न की आपूर्ति के लिए जल संकट झेल रहे राज्यों पर निर्भर नहीं रहना होगा। हमें यह भी ध्यान में रखनी चाहिए कि पिछले एक दशक के दौरान खाद्यान्न भंडार गेहूं एवं चावल के 3.1 करोड़ टन 'सुरक्षित भंडार' (बफर स्टॉक) से भी अधिक रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान अतिरिक्त निकासी के बाद भी केंद्रीय भंडार में अक्टूबर 2020 तक 6.3 करोड़ अनाज शेष था।

हमने जिन वैकल्पिक फसलों का जिक्र किया है उनमें पोषक तत्त्वों की मात्रा भी अधिक है। इन फसलों में आहारीय रेशे (डाइटरी फाइबर), विटामिन, खनिज, प्रोटीन एवं ऐंटीऑक्सीडेंट्स अधिक मात्रा में हैं और इनमें शर्करा बढ़ाने वाले तत्त्व भी कम मात्रा में पाए जाते हैं। कम उत्पादन लागत और फसल उगाने के लिए जरूरी तत्त्वों की कम से कम खपत से किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। हाल के दिनों में पोषक आहार की उत्पादकता बढ़ रही है और रकबा कम रहने के बावजूद उनका उत्पादन कम नहीं हुआ है। यह एक सकारात्मक संकेत है और साथ में इस तथ्य की ओर भी ध्यान आकृष्ट हो रहा है कि शोध एवं विकास पर अधिक निवेश कर इन फसलों की उत्पादकता में और इजाफा किया जा सकता है।

# विश्व को विशिष्टाद्वैत सिद्धांत देने वाले स्वामी रामानुजाचार्य

**धर्म**

विश्व को विशिष्टाद्वैत सिद्धांत देने वाले स्वामी रामानुजाचार्य शिवांगी संत यमुनाचार्य जी के वैकुंठ गमन के पश्चात एक अभूतपूर्व घटना घटी, जिससे एक साधारण बालक के असाधारण बनने की प्रक्रिया आरंभ हुई। बालक ने देखा की शरीर त्यागने के पश्चात भी गुरू जी की तीन उंगलियां मुड़ी हुई थी, सभी इस भेद को जानने के लिए उत्सुक थे। उदासीन बालक यह भांप गया की गुरुवर के तीन इच्छा बाकी थी।

भारतवर्ष पर सैकड़ों वर्षों से ही अनगिनत आक्रमण होते आए हैं परन्तु इसकी अखण्डता को अक्षुण्ण रखने हेतु अनेकों वीर, महात्मा, संत, कवि आदि ने इस भूमि पर जन्म लिया और हर प्रकार से इसकी रक्षा की। ऐसा ही एक दौर था आज से लगभग हजार वर्ष पूर्व, जब भारत की अस्मिता पर आँच आई थी। विदेशी आक्रांताओं के अत्याचार, लूट-पाट और भय से मनुष्य का मन निराशा से भर उठा था। ऐसे में दक्षिण भारत के तमिल नाडु राज्य के श्रीपेरुमबुदुर नामक ग्राम में सन 1017 ई० में एक ब्राह्मण परिवार में बालक का जन्म होता है।

माता कांतिमती तथा पिता केशव उसे लक्ष्मण कहकर पुकारते थे। वह बालक भक्ति का ऐसा बीज बोता है जिससे जनमानस में सांस्कृतिक क्रांति, चेतना और जागृति हो जाती है। छोटी उम्र में पिता को खोने के बाद बालक परिवार सहित कांची जाकर ह्ययादव प्रकाशह्ल से वेदांत की शिक्षा ग्रहण करता है। अपने गुरु की वेद चर्चा और तर्क से असंतुष्ट और असहमत बालक आगे चलकर आलवर संत श्रीपाद यमुनाचार्य जी महाराज की शरण में चला जाता है और उनका प्रधान शिष्य भी बन जाता है।

संत यमुनाचार्य जी के वैकुंठ गमन के पश्चात एक अभूतपूर्व घटना घटी, जिससे एक साधारण बालक के असाधारण बनने की प्रक्रिया आरंभ हुई। बालक ने देखा की शरीर त्यागने के पश्चात भी गुरू जी की 3 उंगलियां मुड़ी हुई थी, सभी इस भेद को जानने के लिए उत्सुक थे। उदासीन बालक यह भांप गया की गुरुवर के तीन इच्छा बाकी थी। अकस्मात ही वह बोल पड़ा, ह्लमैं ब्रह्मसूत्र पर भाष्य लिखूंगा और इतना कहते ही गुरु यमुनाचार्य की एक उंगली खुल गई। उसने और ऊँचे स्वर तथा दृढ़ निश्चय के साथ दो और प्रण किए की वह श्रीविष्णु सहस्त्रनाम और दिव्य प्रबंधम पर भी टीका लिख अपने गुरू की इच्छा और साथ ही समस्त मानव जाति का कल्याण करेंगे। इसके पश्चात ही बाकी दो उंगलियां भी खुल गई। कार्य अत्यंत ही दुष्कर था परन्तु दृढ़ संकल्प, विराट इच्छाशक्ति, आत्म विश्वास और गुरु के आशीर्वाद से यह कार्य पूर्ण हुआ और लक्ष्मण से श्रीपाद स्वामी रामानुजाचार्य तक का सफर भी तय हुआ।

समानता की दृष्टि

आचार्य रामानुज का कम उम्र में ही थंगाम्मा नामक युवती से विवाह संपन्न हुआ था। कुलीन कन्या होने के कारण उनके मन में तथाकथित निम्न जाति-वर्ग के लोगों के प्रति द्वेष था साथ ही वह उनसे अनुचित व्यवहार भी करती थी। भगवान वरदराज के प्रियभक्त श्री कांचीपूर्ण जी (जो निम्न वर्ग से आते थे) को आचार्य अपना गुरु मानते थे। एक दिन मध्यान भोजन हेतु उन्होंने उन्हें अपने निवास पर आमंत्रित किया। उनके भोजन करके चले जाने के पश्चात थंगाम्मा ने बचे हुए भोजन को बांट दिया, घर को गोबर से लीपा। पुनः स्नान किया और पति के लिए दुबारा भोजन पकाने लग गईं। उनके इस कृत्य से आचार्य जी को बहुत कष्ट हुआ, मन द्रवित हो उठा। उनकी दृष्टि में केवल मनुष्य ही नहीं अपितु प्रत्येक प्राणिमात्र भी।

ईश्वर के समतुल्य ही था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर 59 लाख की लागत से बनेगा पीसीसी पथ



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर पतरातू प्रखंड के रिवर साइड बिरसा मुंडा वर्कशॉप से जुबली कॉलेज मोड़ तक लगभग 500 मीटर पीसीसी पथ का निर्माण लगभग 59 लाख की लागत से होगा। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा सड़क निर्माण के लिए निविदा जारी कर दी गई है। उक्त जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने बताया कि उक्त पथ का निर्माण जिला योजना अनाबद्ध निधि मद से होगा। उन्होंने बताया की विधायक अंबा प्रसाद द्वारा विगत दिनों दर्जनों योजनाओं की अनुशंसा रामगढ़ जिला योजना पदाधिकारी को भेजा गया था। इसके बाद उक्त सड़क निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। श्री सिंह ने कहा की सड़क विकास का पैमाना होता है। सड़को का जाल बिछाकर विधायक अंबा प्रसाद ग्रामीणों के आवागमन के लिए बेहतर सुविधा मुहैया कराने के प्रति कटिबद्ध हैं।

### शैक्षणिक वनभोज आयोजित



**रामगढ़ ।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय ने प्रशिक्षुओं को गेतलसूत डैम रांची में दिया वनभोज। प्रशिक्षुओं ने गेतलसूत डैम का किया भ्रमण। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने भ्रमण से छात्रों के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने बताया कि वनभोज से विद्यार्थी को स्वयं कार्य करने हेतु प्रेरित किया जाता हैं ताकि वे परिश्रम एवं अनुशासन के महत्व को समझ सके ।

### मृत कर्मी के आश्रित को मिला 17 लाख



**कुजू।** शोल्ड लाइफ इंश्योरेंस के तहत मृतक सीसीएल कर्मी भोला प्रसाद के धर्म पत्नी के नाम बैंक ऑफ इंडिया तोपा शाखा द्वारा 17 लाख 20 हजार रुपए का चेक सौपा गया। इस दौरान मृतक के पुत्र बादल कुमार ने उक्त चेक को स्वीकार किया। मैनेजर शाहिद अख्तर ने कहा कि आज के समय में घटना दुर्घटना किसी के भी साथ हो सकता है। सभी लोग अपने-अपने बैंक खाता में इंश्योरेंस जरूर कराए। उल्लेखनीय हो कि कुछ माह पूर्व तोपा परियोजना के खुली खदान में क्रेन हादसे में सीसीएल कर्मी भोला प्रसाद के मौत हो गया था। जिसके बाद बैंक ऑफ इंडिया तोपा शाखा द्वारा शोल्ड लाइफ इंश्योरेंस के तहत उक्त चेक सौपा गया। मौके पर सेकंड मैनेजर उदय कुमार शर्मा, दीपांकर बोस, अभिषेक कुमार, राजदीप कुमार रवि, शोभा कुमारी, एमडी नवाज ,रंजीत कुमार, गुड्डू कुमार आदि कई लोग उपस्थित थे।

### अवैध बालू लदा दो हाईवा जब्त



**भदानीनगर (रामगढ़)।** रामगढ़ एसपी के निर्देश पर अवैध बालू के कारोबार के खिलाफ पतरातू और भदानीनगर क्षेत्र में बुधवार सघन अभियान चलाया गया। अभियान में पतरातू थाना में तीन और भदानीनगर में दो हाईवा जब्त किया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात्रि भदानीनगर पुलिस ने उरीमारी से रामगढ़ की ओर जा रही अवैध बालू लदी दो हाईवा जेएच 02 एएक्स 7856 और जेएच 24 डी 1734 को पकड़ा। इस दौरान पुलिस ने दोनो गाडियों से बालू के चालान की मांग की। साथ ही पुलिस मामले की गहना से जांच कर रही है। मालूम हो कि सरकार द्वारा बालू की निलामी प्रक्रिया नहीं किये जाने के बाद से ही क्षेत्र में अवैध बालू को कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। बालू माफिया बेखौफ होकर रात के अंधेरे में कारोबार को अंजाम देते हैं। साथ ही काफी उंचे दाम पर बालू की बिक्री कर मालामाल हो रहे हैं। मामले पर भदानीनगर ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद ने बताया की पकड़े गये दोनो हाईवा के बावत जांच-पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### जीवन बीमा ने लगाया विशेष शिविर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर क्षेत्र के पाली गांव में जीवन बीमा पोस्ट ऑफिस के तत्वावधान में गुरूवार को शिविर का उद्घाटन हजारीबाग के डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा, सहायक डाक अधीक्षक नवीन कुमार, कुंदन कुमार व पाली पंचायत की मुखिया रेखा देवी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में बीमा आरडी, एसएसए, टीडी, एमआईएस, आईपीपीबी, आधार कार्ड सुधार, नया आधार कार्ड बनाने सहित अन्य कार्य किये गये। इस दौरान दर्जनों लोगों के विभिन्न समस्याओं का समाधान करते हुए लगभग 25 आधार कार्ड सुधारा गया। कई लोगों का नया आधार कार्ड बनाने का भी कार्य किया गया। हजारीबाग के डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा ने ग्रामीणों को विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका शत प्रतिशत लाभ उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना।

# मध्य विद्यालय झरपो में जिला शिक्षा अधीक्षक ने किया निरीक्षण

## छात्रों को सफल होने के लिए दिये कई टिप्स

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो पंचायत में एक ही परिसर में चल रहे मध्य विद्यालय झरपो और उत्क्रमित उच्च विद्यालय में 8 फरवरी गुरुवार को हजारीबाग जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता ने निरीक्षण किया। मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक महेंद्र इंदीवर ने कहा कि डीएसई सर्व प्रथम मध्याह्न भोजन व्यंजन सूची को देखा। भोजन सामग्री की मात्रा की जांच की। बारी बारी से आठवीं कक्षा के दो वर्ग अ तथा इ मे छात्र छात्राओं से मुलाकात की। एक छात्रा ने गायक बनने को कहा तो जिला शिक्षा



अधीक्षक ने उस छात्रा से कई लोक प्रिय हिंदी गीत गानों को संक्षिप्त बहुत कम समयानुसार सुना तो उन्होंने छात्र की गाने सुन प्रसन्न हो गए। उस छात्रा को आश्वासन देते हुए कहा की आप अपना नाम पता प्रभारी प्रधानाध्यापक को दे । मैं आपको एक बड़ी मंच दूंगा। इस दौरान वे कई छात्रों से मिले और सफलता के टिप्स दिए। पुनः विद्यालय कार्यालय में आए तो उन्होंने विद्यालय संबंधी समस्याओं की पूछ ताछ किया। उन्हे विद्यालय से सबंधित समस्याओं से अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में आए जिला शिक्षा अधीक्षक ने संतोषजनक उत्तर पाकर छात्र छात्राएं संग शिक्षक शिक्षकाओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना की छात्रों ने कहा कि डीएसई से मिलकर सभी को बहुत अच्छा लगा। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रोकेश कुमार सिंह, डॉ. दयाल प्रसाद, शिक्षक मौजूद थे।

# जीवन बेहद अनमोल, ट्रैफिक नियमों का करें पालन : डीसी

## रामगढ़ के सुभाष चौक से गुरु नानक स्कूल तक बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** संयुक्त परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा परिवहन विभाग झारखंड रांची द्वारा 15 जनवरी से 14 फरवरी तक सड़क सुरक्षा मनाए जाने हेतु प्राप्त निर्देश के आलोक में गुरुवार को जिले में वृहद रूप से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से रामगढ़ शहर अंतर्गत सुभाष चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसके उपरांत विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रभात फेरी निकाली गई। मौके पर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा सड़क सुरक्षा के तहत सुभाष चौक से गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ तक आयोजित मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी शीलवन्त कुमार भट्ट सहित जिले के अन्य वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, कर्मियों, बच्चों सहित बड़ी संख्या में जिलेवासियों ने मैराथन में भाग लिया।मैराथन के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन का उपयोग करने वाले लोगों को पुष्प देकर उनसे हेलमेट लगाने एवं अन्य ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की। मैराथन की समाप्ति के उपरांत गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ के सभागार में सड़क सुरक्षा के तहत आयोजित कार्यक्रम का उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

उपायुक्त ने कहा कि देश में प्रत्येक वर्ष लगभग 3 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गवा देते हैं और अगर इसमें घायल होने वालों को जोड़ा जाए तो यह संख्या बेहद बड़ी हो जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि जीवन बहुत ही अनमोल है इसलिए यह बहुत जरूरी है कि हम सभी वाहनों का उपयोग करने के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें, नशे की हालत में गाड़ी ना चलाएं एवं बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन तथा बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन का उपयोग न करें। मौके पर उपायुक्त ने सभी युवाओं से किसी भी परिस्थिति में अति उत्साहित होकर लापरवाही से वाहन ना चलाने की अपील की। मौके पर उपायुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों से अपने घरों में अपने अभिभावकों के साथ-साथ अन्य लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने वाहन के उपयोग के दौरान नियमों का पालन करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को सड़क सुरक्षा के तहत एजुकेशन, एनफोर्समेंट, इंजीनियरिंग एवं एमरजैंसी केयर के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए सभी से इनका पालन करने की अपील की। वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार ने नुक्कड़ नाटक सहित अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों की सराहना करते हुए सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा नुक्कड़ नाटक में हिस्सा लेने वाले युवाओं को पुरस्कृत किया गया ।

### बैंक खाते से अवैध निकासी को ले थाने में लिखित शिकायत

**कटकमसांडी।** प्रखंड के कंडसार एसबीआई शाखा में एक अवैध निकासी का मामला प्रकाश मे आया है। इस मामले को लेकर भुक्तभोगी उमाकांत शर्मा ने एसबीआई बैंक और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के खिलाफ कटकमसांडी थाने मे एक लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। बताया कि मेरे खाते से का चक्कर काटते काटते जब थक गए तो उन्हें अब कानून का सहारा लेना पड़। उन्होंने गुरुवार को कटकमसांडी थाना में एसबीआई के शाखा प्रबंधक और एसबीआई लाइफ के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में भुक्तभोगी द्वारा कहा गया है कि एसबीआई शाखा कंडसार में खाता खुलवाया है। आठ फरवरी को एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के नाम पर 5752 रुपया 50 पैसा काट लिया गया है। पैसा काटने के बाद जब मोबाइल पर मैसेज आया तो उन्होंने बैंक और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कार्यालय पहुंच इसकी जानकारी लेने का प्रयास किया। लेकिन बैंक द्वारा संतोषजनक जवाब नही मिला। बताया कि हैरानी की बात यह है कि उन्होंने एसबीआई लाइफ में कोई पॉलिसी खरीदी ही नहीं। बावजूद इसके अवैध रूप से उनके खाते से राशि की निकासी कर ली गई। उन्होंने आवेदन में आरोप लगाया कि कंडसार बैंक के शाखा प्रबंधक और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के शाखा प्रबंधक के मिली भगत से अवैध रूप से पैसा की निकासी की गई है।

# चौपारण : हनुमत उत्सव सह लक्ष्मी नरसिंह यज्ञ को लेकर ध्वजारोहण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चौपारण।** बिगहा में हनुमत सेवा संस्थान द्वारा पांचवें वार्षिक हनुमत उत्सव सह लक्ष्मी नरसिंह यज्ञ को लेकर गुरुवार को पूजा, मंत्रोच्चार तथा वैदिक रीति रिवाज से ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान हनुमत मंदिर, गढकाली मंदिर, शिव मंदिर तथा गढ़वाल देवता के आह्वान के साथ पूजा अर्चना की गई। महावीरी पताका फहराया गया। अयोध्या से आये यज्ञाचार्य सोमनाथ शुक्ल,सहायक पंडित सुजीत, शुभम पांडेय ने विधिवत अनुष्ठान को पूरा किया। इस दौरान बडी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड रही। पुजारी प्रेम चंद्रवंशी ने सपत्नीक अनुष्ठान पूरा किया। संस्थान के अध्यक्ष आनंद चंद्रवंशी तथा सचिव कुमार राहुल ने बताया कि वार्षिक



उत्सव तथा यज्ञ का आयोजन 16 मार्च से आहुत है। यज्ञ में देश के प्रख्यात प्रवचन कर्ता बृंदावन के अंकुश जी महाराज का आगमन होगा। यज्ञ के आयोजन की तैयारी आरंभ कर दी गई है। पांचवें साल का अनुष्ठान है।मौके पर डॉ चक्रपाणि जी महाराज, बालमुकुंद पांडेय, हरिश्चंद्र सिंह, रामचंद्र सिंह, संजय सिंह, अशोक सिंह, चंद्रवंशी समाज के अध्यक्ष छत्रधारी चंद्रवंशी, रवीन्द्र वर्मा, बजरंग वर्मा, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चंद्रवंशी, राजेश रवानी, आशीष चंद्रवंशी,सुरेश पांडेय, रामलखन सिंह, केदार यादव, शिवनंदन केशरी, बृजनंदन चंद्रवंशी, सियाराम सिंह, सतेंद्र सिंह, कोठारी सिंह, नीरज चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, पंकज कुमार,नीरज कुमार समेत बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

### यातायात नियमों का पालन करें जरूर: डीटीओ

**हजारीबाग।** अगर आप चाहते हैं यात्रा के दौरान यमराज रहें दूर तो यातायात नियमों का पालन करें जरूर। परिवहन के नियमों पर ध्यान नहीं देंगे, तो हादसे का खतरा बढ़ा रहेगा। क्योंकि किसी का भी यमराज से कोई एग्रीमेंट नहीं है। ऐसे में सभी लोग यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचे। इससे परिवार में भी खुशहाली बनी रहेगी। गुरुवार को बिना हेलमेट व बिना रजिस्ट्रेशन वाहन चलाने वाले, बिना सीट बेल्ट के सफर करने वालों वाहन की काउंसिलिंग की गयी। साथ ही चेताया गया कि यदि यातायात नियमो का पालन नहीं करेंगे तो जल्द परिवार और अपने चाहने वालों के लिए मुसीबत खड़ी कर देंगे। जिला परिवहन कार्यालय और यातायात पुलिस ने गुरुवार को सीसीआर डीएसपी ऑफिस के समीप विशेष अभियान चलाया। सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर सड़क सुरक्षा टीम ने यातायात पुलिस के साथ यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों को यातायात नियमों की जानकारी दी। बिना हेलमेट पहने दुपहिया चालक तथा बिना पंजीकृत दुपहिया वाहन, ई रिक्शा तथा अन्य हलके वाहन चालको की काउंसलिंग की गयी। काउंसलिंग जिला परिवहन पदाधिकारी बैद्यनाथ कामती, यातायात प्रभारी के के साहा तथा मोबाइल दारोगा महेंद्र पासवान शामिल थे।

# बिजली के मेंटेनेंस को लेकर जीएम से मिले सदर विधायक

## जीएम ने जल्द काम करने का दिया आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** गुरुवार को सदर विधायक मनीष जायसवाल बिजली विभाग के महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता दिनेश कुमार सिंह से मुलाकात कर क्षेत्र की बिजली से संबंधित समस्याओं और रामनवमी-2024 की तैयारी को लेकर अभी से ही मेंटेनेंस कार्य शुरू करने को लेकर चर्चा की।



जायसवाल ने शहर के कुम्हारटोली, आश्रम रोड़ के कई परिवारों की बिजली संबंधी समस्या का यथासिध्र निराकरण करने, दारू प्रखंड के छोटका इरगा में 100 केबीए के ट्रांसफार्मर को बदलकर 200 केबीए में अपग्रेड करने, बहेरी में कृषि कनेक्शन लगाने, क्षेत्र में भारी संख्या में 25 केबीए के ट्रांसफार्मर को अपग्रेड करने और आगामी रामनवमी -2024 की तैयारी को लेकर हजारीबाग के रामनवमी मार्ग में बिजली मेंटेनेंस का कार्य अभी से शुरू करनी की मांग महाप्रबंधकसह मुख्य अभियंता दिनेश कुमार सिंह से किया।

महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता दिनेश कुमार सिंह ने अपने अधिनस्त पदाधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए विधायक द्वारा सुझाए गए समस्याओं पर यथाशीघ्र कार्य करने को कहा। उन्होंने विधायक मनीष जायसवाल को आश्वस्त किया की समस्याओं का समाधान जल्द होगा और रामनवमी रुठ पर मेंटेनेंस का काम भी वर्तमान वर्ष पहले ही शुरू कर दिया जाएगा।

## एक नजर में

### एनटीपीसी परियोजना प्रमुख से मिले एसडीपीओ



बड़कागांव ।बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना मुख्य महाप्रबंधक नीरज जलोटा से औपचारिक मुलाकात की ।सीकरी स्थित कार्यालय में परियोजना प्रमुख ने उनका पौधा देकर स्वागत किया। कुलदीप कुमार ने हाल ही में जिले की सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से एक माने जाने वाली बड़कागांव के नए एसडीपीओ के रूप में पदभार ग्रहण किया है। पदभार ग्रहण करने के बाद एनटीपीसी के कार्यालय में वे पहली बार पहुंचे जहां एनटीपीसी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बेहतर समन्वय और परस्पर सहयोग के लिए उनसे बातचीत की। एनटीपीसी के द्वारा इस बात कि उम्मीद जतायी गई कि पूर्व की भांति आगे भी परस्पर सहयोग हमें आपके नेतृत्व में पुलिस प्रशासन से मिलता रहे ।परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा से मुलाकात के दौरान एसडीपीओ कुलदीप कुमार के साथ इंस्पेक्टर अनिल कुमार एवं मानव संसाधन विभाग अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना मौजूद रहे।

8 हैज पी 3 : एसडीपीओ व एनटीपीसी के अधिकारी।

### नकली शराब फैक्ट्री में छापा, एक गिरफ्तार

**दारू।** हजारीबाग जिला के दारु थाना अंतर्गत झुमरा चौक से एक किलोमीटर दूरी पर जोन्हीया गांव में अवैध अंग्रेजी नकली शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्वेदन किया गया। जिसमें मद निषेध एवं उत्पाद विभाग के दारोगा सुमितेश कुमार के नेतृत्व में छापामारी किया गया। जिसमें एक व्यक्ति आकाश गुप्ता को फैक्ट्री से ही गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में सुमितेश कुमार के दूरभाष नंबर पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया ।इन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। ज्ञात सूत्रों के अनुसार यह अवैध अंग्रेजी नकली शराब की फैक्ट्री कई वर्षों से चल रहा था और कई बार छापामारी होने के बाद भी कारोबार होते ही रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है, कि इस शराब के कारोबार में कई लोग संलिप्त हैं। जो यह नकली शराब बिना रोक-टोक के दारू ,झूमरा, चुरचू, इचाक, टाटीझरिया, बिष्णुगढ़ सहित हजारीबाग जिले अलावा कई अन्य स्थानों पर भी अवैध नकली अंग्रेजी शराब आपूर्ति की जा रही है। वहीं विभाग बेखबर रहती है।

### 20 सूत्री महत्वपूर्ण बैठक 10 फरवरी को

**दारू।** जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कियान्वयन समिति की बैठक दस फरवरी को दोपहर के एक बजे परिसदन आहूत की गई है । बैठक की अध्यक्षता 20 सुत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के प्रखंड संयोजक मोहन सिंह करेंगे । बैठक में जिला 20 सुत्री के सदस्य प्रखंड के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सदस्य के अतिरिक्त जिला 15 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य भी बैठक में मुख्य रूप से शामिल होंगे । बैठक के पश्चात 20 सुत्री तथा 15 सुत्री से संबंधित जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौपा जाएगा।

### रसोईया प्रतियोगिता में प्रथम फूलवंती देवी

**दारू।** गुरुवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय तिऊज पुनाई में संकुल स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संकुल क्षेत्र के मध्य विद्यालय और उच्च विद्यालय के रसोईयों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में रसोईयों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इस प्रतियोगिता में मोटा अनाज, रागी/रावा/कोदो आदि के व्यंजन, भोजन का स्वाद, भोजन की तैयारी में किये गए नवाचार, तैयार भोजन की गुणवता, भोजन निर्माण की प्रक्रिया में स्वच्छता एवं सफाई का पालन मानको के आधार पर विजेताओ का चयन किया गया। इस प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय तिउज पुनाई, मध्य विद्यालय देवरिया, प्राथमिक विद्यालय शिलाडीह एवं प्राथमिक विद्यालय कबलाशी ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के जज संकुल साधना देवी और सहदेव प्रसाद ने सभी तय मानको के आधार पर प्रथम मध्य विद्यालय तिउज पुनाई की रसोईआ फूलवंती देवी एवं द्वितीय प्राथमिक विद्यालय कबलासी की राशिदा खातून को चुना गया। मध्य विद्यालय तिउज पुनाई के प्रधानाध्यापक नितिन सिन्हा ने कहा की इस तरह के प्रतियोगिता से रसोईया का हुनर बाहर आता है व इनका मनोबल बढ़ता है। इस मौके पर मध्य विद्यालय तिउज पुनाई के प्रधानाध्यापक नितिन सिन्हा, राकेश आनन्द, रमेश सिंह, वृजनंदन राम, कृपाल राम, रंजना कुमारी, सोनी सिंह आदि मौजूद थे।

### एसडीपीओ से मिले कांग्रेस के नेता



**बड़कागांव।** बड़कागांव के नव पदस्थापित एसडीपीओ कुलदीप कुमार से कांग्रेसियों ने औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान इंटक प्रदेश सचिव सह विधायकअंबा प्रसाद के भाई अंकित राज भी मौजूद रहे। बड़कागांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय पहुंचकर कांग्रेसियों ने गुलदस्ता भेंट करके बड़कागांव में पदभार ग्रहण करने पर स्वागत किया। इस दौरान प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे,विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो,पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद मजहर,बबलू साव,सईद अनवर,गौतम कुशवाहा,छोटे खान, चंद्रिका साव,मोहम्मद साबिर, मोहम्मद वाहिद,रफुल मियां,अशोक सिंह,उमाशंकर साव,अशोक साव, नवीन ठाकुर,अरुण रंजन प्रसाद, नवीन राम, चुनु राम,विक्रम महतो, संजय सिंह,मोहम्मद साबिर मौजूद थे।

### वन विभाग ने चलाया सर्च अभियान

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पश्चिमी वन प्रमंडल के झरपो, अमनारी, नारायणपुर, बेडमक्का सहित अन्य गांवों में लकड़ी काटकर लाने का सिलसिला जारी है। प्रभारी वनपाल को सूचना मिली की इस क्षेत्र में अंधाधुंध लकड़ी की कटाई की जा रही है। सूचना मिलते ही प्रभारी वनपाल विद्याभूषण, वनरक्षी गोपी पासवान, मो नजीर हुसैन, व अनिल कुमार शर्मा ने जंगल से लकड़ी लाते हुए झरपो निवासी भुनेश्वर महतो और दिनेश्वर प्रसाद को पकड़ा और लकड़ी जब्त कर हजारीबाग ले जाया गया। वनपाल विद्याभूषण ने कहा की दो लोग लकड़ी लाते हुए पकड़े गए है. दोनो के विरुद्ध न्यायलय में मामला दर्ज किया गया है।

### झुमरा बाजार से दो बाइक की चोरी

**दारु।** दारु और झुमरा साप्ताहिक बाजार मे लगातार बाइक और मोबाइल चोरी की घटना हो रही पर दारु थाना पुलिस सिर्फ मुकदर्शक बनी हुई है। इन दिनों बाजारो से हर सप्ताह चोर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है पर पुलिस सिर्फ मामला दर्ज कर अपना पल्ला झाड़ लेती है ।झुमरा साप्ताहिक हाट में गुरुवार को मनोज कुमार महतो पिता परमेश्वर महतो गाडी साडम पंचायत कबलासी निवासी की हीरो स्प्लेंडर बाइक संख्या जे एच 02 बीडी 5624 की चोरी उनके अपने दुकान के सामने से हो गयी। इसी बाजार मे दूसरी बाइक संदीप कुमार पिता तुलसी महतो ग्राम. बेडमक्का पंचायत खैरा निवासी की स्प्लेंडर प्लस बाइक संख्या जे एच 02 ए वाई 5051 की भी चोरी हो गयी। चोरी के बाद संदीप की मां का रो रो कर बहुत बुरा हाल था, मां ने बताया कि बड़ी मुश्किल से किसी तरह मेहनत मजदूरी कर बाइक की खरीदारी की थी अब वह फिर से बाइक नहीं खरीद पाएगी।

# गांव चलो अभियान में नहीं छुटने चाहिए जिले का एक भी गांव : भिखारी भगत

## भाजपा के गांव चलो अभियान को लेकर आवश्यक बैठक संपन्न


बैठक को संबोधित करते जिला महामंत्री मिशिर कुजूर।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गांव चलो अभियान के तहत गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी जिला गुमला की आवश्यक संगठनात्मक बैठक जिलाध्यक्ष श्री शिव प्रसाद साहू की अध्यक्षता में बिरसा मुंडा पार्क के सभागार में सम्पन्न हुई। मंच का संचालन महामंत्री मिशिर कुजूर ने की। बैठक में सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे। गांव चलो अभियान के जिला संयोजक श्री भिखारी भगत ने उपस्थित सभी मण्डल अध्यक्षों एवं जिला पदाधिकारी को स्पष्ट दिशा निर्देश दिया कि 9 फरवरी से 11 फरवरी तक चलने वाली गांव चलो अभियान में गुमला जिला के सभी मंडलों में एक भी गांव नहीं छूटना है। साथ ही मण्डल के सभी बूथों पर जाने वाले प्रवासी प्रभारी बूथ क्षेत्र में बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुख की बैठक लेंगे। उन्हें बूथ स्तरीय वाट्सएप ग्रुप बना कर सभी को सरल एप एवं नमो एप से जोड़ने का काम पूरा करना है। साथ ही भाजपा सरकार की 10 साल की उपलब्धियों को जनजन तक एक एक घरों में जाकर बतलायेंगे। प्रवासी प्रभारी इस कार्य का सारा फीडबैक एवं फोटो मण्डल एवं जिला समिति को सुपुर्द करेंगे। ततपशचात मण्डल एवं जिला द्वारा प्रदेश एवं केंद्र को प्रेषित करने का कार्य सम्पन्न करना है। जिला अध्यक्ष ने सभी मंडल अध्यक्ष को अब सारे मतट्टोद भुला कर मिलकर कार्य करने का आह्वान किया और कहा कि 2024 के दोनों चुनाव के महासमर को पार करना है। निवर्तमान जिला अध्यक्ष श्री अनुपचन्द्र अधिकारी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र कुमार सिंह ने भी संबोधन में अपने विचार व्यक्त कर उपस्थित मण्डल अध्यक्षों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू, निवर्तमान जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी, पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र सिंह, वर्तमान उपाध्यक्ष यशवंत सिंह, महामंत्री मिसिर कुजूर, लक्ष्मी यादव, पिंटू सिंह, मनोहर बड़ाइक, सरवन साहू, सनोज वर्मा, गोपाल गोप, संतोष पंडा, सुमित महली, नरेश सिंह, केदार साहू, गोपाल केशरी, अमर पांडे, योगेंद्र सिंह, अरुणजय सिंह के अलावे अन्य मण्डल पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज़

### अविश्वास प्रस्ताव में उपप्रमुख के खिलाफ हुआ मतदान, उपप्रमुख पद हुआ निरस्त


मतदान में शामिल लोग।

**कैरो।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को उपप्रमुख के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव को लेकर मतदान कराया गया। जिसमें मौजूद पीठासीन सह अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार द्वारा सबसे पहले अविश्वास प्रस्ताव के बारे में पंचायत समिति सदस्यों से नियम व प्रक्रिया की जानकारी देते हुए मतदान कराया गया। मतदान में कुल 8 पंचायत समिति सदस्य व सांसद प्रतिनिधि उपस्थित थे। जिसमें तत्कालीन उपप्रमुख मधुलिका रानी के खिलाफ अविश्वास के समर्थन में 6 मत मिले जबकि विरोध में 1 मत मिला। इस तरह अविश्वास प्रताव पारित होकर उप प्रमुख का पद निरस्त कर दिया गया। मौके पर पीठासीन सह अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, सांसद प्रतिनिधि लखन उरांव, प्रमोद पांडा, अशोक दुबे, प्रधान लिपिक, सहित पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे। चुनाव को लेकर विधिवत बैलेट बॉक्स व बैलेट पेपर के साथ वोटिंग कराया गया।

### सरकार के एडीएफ योजना के माध्यम से दो दिव्यांग को मिला बैशाखी


बैशाखी पाकर खुश मंगरा।

**सेन्हा/लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में एडीएफ योजना के अंतर्गत दो दिव्यांगजनो को बैशाखी दिया गया। बाल विकास महिला पर्यवेक्षिका परमुनी देवी ने बताया सरकार द्वारा एडीएफ योजना के अंतर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर 60 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्तियों को दिव्यांग यंत्र दिया जाता है। उसी क्रम में कल्हेपाट निवासी गांगी कुमारी और पारही भंगाडी निवासी मंगरा उराँव को बैशाखी दिया गया। साथ ही बताया कि आगामी 22 फरवरी को लोहरदगा प्रखंड मुख्यालय स्थित नगर भवन में शिविर आयोजित कर प्रखंड क्षेत्र के सभी निबंधित दिव्यांगजनों को झारखण्ड सरकार की एडीएफ योजना के तहत सहायक यंत्र उपकरण वितरण किया जायेगा।वही सहायक उपकरण बैशाखी मिलने पर गांगी कुमारी और मंगरा उराँव हर्षित हो गये। मौके पर विराज तिर्की,फ्रांसिस्का गिद्ध सहित अन्य मौजूद थे।

### मारवाड़ी युवा मंच के दो सदस्यों ने किया रक्तदान

**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच गुमला के तत्वाधान में नटवर अग्रवाल व पंकज साबू ने रक्तदान कर बच्चों की जान बचायी। उनका कहना है कि रक्तदान हर तीन महीने पर करना चाहिए। जिससे कि हीमोग्लोबिन और हार्ट फेलियर और हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है। इस मौके पर लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार,रोहित खंडेलवाल और अन्य लोग उपस्थित थे।

### केंद्रीय महावीर मंडल के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी को दी विदाई


स्थानांतरण के बाद थाना प्रभारी को विदाई देते पदाधिकारी।

**गुमला।** केंद्रीय महावीर मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष शशि प्रिया बंटी के नेतृत्व में गुमला थाना के स्थानांतरित थाना प्रभारी विनोद कुमार को अंग वस्त्र प्रदान कर गुरुवार को विदाई दी। थाना प्रभारी ने कहा कि आपके लगाव और सहयोग के कारण गुमला मुझे एक परिवार की तरह लगने लगा था। आप सभी हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। उन्होंने त्यौहार एवं अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों पर गुमला के लोगों का सहयोग देखकर काफी उत्साहित रहते थे। केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष श्री बंटी ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विदाई देने वालों में केंद्रीय महावीर मंडल के सचिव राजेश सिंह, रूपक कुमार, गोलू एवं अमन आनंद शामिल थे ।

### स्वास्थ्य उप केंद्र निर्माण में प्राक्कलन को ताक पर रखकर किया जा रहा है काम


निमार्णाधीन स्वास्थ्य उप केंद्र भवन।

**रायडीह।** जिले के रायडीह प्रखंड के बिरकेरा गांव में 55 लाख की लागत से बन रहे स्वस्थ्य उपकेंद्र का निर्माण प्राक्कलन को ताक पर रखकर किया जा रहा है। भवन का निर्माण कार्य जुनैद बिल्डिंग प्राइवेट लिमिडेट के द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में प्राक्कलन के विपरीत आधा लाल ईंट एवं आधा काला ईंट का उपयोग कर भवन का निर्माण कराया जा रहा है। ठेकेदार के द्वारा के द्वारा कॉलम में 12 एम एम के छड़ के जगह 10 एम एम छड़ का ही उपयोग किया गया है। इतना ही नहीं उक्त भवन का कार्य करा रहे ठेकेदार के द्वारा भवन निर्माण में बंगला भट्ठा का लाल ईंट उपयोग में लाया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार उक्त भवन में ठेकेदार के द्वारा बंगला भठ्ठे का 3 नंबर के ईंटो का प्रयोग किया गया है जो पानी पड़ते ही गलने लगता था। ग्रामीणों के विरोध करने पर संवेदक ने उनसे कहा कि 17 प्रतिशत माइनस में काम लिए है सब को कमीशन देना पड़ता है। वहीं भवन निर्माण कार्य में लगे मजदूरों ने नाम उजागर ना करने के शर्त पर बतलाया कि ठेकेदार के द्वारा मजदूरों को कम मजदूरी दिया जाता है। और मजदूरी का भुगतान भी समय से नहीं किया जाता है। बिना जे ई की उपस्थिति में बिरकेरा के स्वस्थ्य उपकेंद्र भवन के छत ढलाई कर कार्य पूर्ण कर लिया गया तो लोगो को विश्वास भी होने लगा कि बात में सचाई जरूर होगी।

## विशुनपुर के पाट क्षेत्र स्थित हाड़ूप ग्राम पहुंचे उपायुक्त ग्रामीणों से की मुलाकात

# ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पानी व विद्यालय की समस्या से कराया अवगत

- उपायुक्त ने कहा जल्द होगा सड़क का निर्माण


ग्रामीणों से दौरे के क्रम में मुखातिब उपायुक्त।


लगाया गया स्वास्थ्य जांच शिविर।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी क्षेत्र भ्रमण के क्रम में गुरूवार को विशुनपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती पाट क्षेत्र सेरका पंचायत के हाड़ूप ग्राम अंतर्गत गाढ़ा हाड़ूप एवं कमरापाठ हाड़ूप टोले का दौरा किया। विशुनपुर प्रखंड से लगभग 40 किलो मीटर दूर पाट क्षेत्र तक जाने वाली कच्ची सड़क को पार करने के पश्चात हाड़ूप ग्राम पहुंच कर उपायुक्त ने वहां के पीवीटीजी समुदाय के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। उपायुक्त के आने के उपलक्ष्य में हाड़ूप ग्राम के लगभग 20 पीवीटीजी परिवार वाले गाढ़ा हाड़ूप टोले में सभी परिवार के सदस्यों के बीच आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। वहीं उक्त टोले में हेल्थ चेकअप कैंप का भी आयोजन किया गया। जहां सभी ग्रामीणों का निः शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा का वितरण किया गया। उपायुक्त ने उक्त टोले के ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना एवं ग्रामीणों से आवेदन भी प्राप्त किए। इस दौरान सभी ग्रामीणों ने मुख्यतः सड़क, बिजली, पानी, एवं विद्यालय की समस्या उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने कहा कि क्षेत्र के आवागमन के लिए सड़क निर्माण हेतु प्रस्ताव ड्रोज दिया गया है। जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ होगा। इस दौरान उपायुक्त ने सभी उपस्थित नागरिकों से उनके आजीविका से संबंधित भी जानकारी ली। जन संवाद कार्यक्रम के दौरान हाड़ूप ग्राम अंतर्गत अन्य टोलों से भी नागरिकों की उपस्थिति रहीं एवं सभी ने अपने अपने टोले की समस्या से उपायुक्त को अवगत भी कराया। इसके पश्चात उपायुक्त ने हाड़ूप परीसा पाट जाकर वहां के ग्रामीणों से भी मुलाकात की। उक्त क्षेत्र में बंद पड़े मध्य विद्यालय के जर्जर अवस्था को देखते हुए उपायुक्त ने उक्त विद्यालय की मरम्मती कराने का निर्देश दिया। इसी के साथ ग्रामीणों ने उपायुक्त से आवासीय विद्यालय बनाने की मांग की। जिसपर उपायुक्त ने अभी तत्कालीन रूप में हॉस्टल निर्माण करने के प्रति सहमति प्रदान की। उन्होंने कहा कि विद्यालय के पास हॉस्टल निर्माण किया जाएगा जहां बच्चे आराम से रह कर अपनी पढ़ाई कर सकते हैं एवं हॉस्टल निर्माण के पश्चात उसे जल्द ही आवासीय विद्यालय के रूप में बनाने हेतु प्रक्रिया की जाएगी। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा अब तक जिले के लगभग दर्जनों सुदूरवर्ती क्षेत्र के पीवीटीजी ग्रामों-टोलों का भ्रमण किया जा चुका है एवं उनके पहल से जिले के हजारों पीवीटीजी समुदाय के लोगों को सरकार की कल्याण कारी योजनाओं का लाभ मिल चुका है। वहीं कई क्षेत्रों में सड़क निर्माण का भी कार्य प्रारंभ कर लिया गया है। उपायुक्त का संकल्प है कि जिले के कोई भी पीवीटीजी समुदाय के लोग सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य से वे जिले के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र में निवास करने वाले पीवीटीजी समुदाय के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनते हैं एवं समस्याओं के निवारण हेतु त्वरित कार्रवाई भी की जा रही है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी ललन कुमार रजक, बीडीओ चंदा भट्टाचार्य, एपीआरओ अलीना दास सहित अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## देशी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार


जानकारी देते एसपी।

**लोहरदगा।** जिले के पुलिस कप्तान हारिस बिन जमा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कुडु थाना पुलिस ने एक अपराधी को एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। एसपी हारिस बिन जमा ने बताया कि उन्हें एक सूचना मिली थी की कुडू थाना क्षेत्र के तान गांव में एक व्यक्ति हथियार के साथ घूम रहा है । जिसके बाद उन्होंने थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह के नेतृत्व में एक टीम तैयार कर छापेमारी किया गया ,जिसमे पुलिस को देखकर अभियुक्त भागने लगा जिस पर पुलिस ने उसे धर दबोचा । गिरफ्तार अपराधी के पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी सोहदन मिंज उम्र 25 साल तान निवासी पर पूर्व में भी लोहरदगा थाना में कांड संख्या 15/2021 के तहत 302 का मामला दर्ज है। वही गिरफ्तार अपराधी को कुडु पुलिस ने कांड संख्या 15/24 के तहत जेल भेज दिया।

## आंगनबाड़ी सेविका सहायिका कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित

# सरकार सेविका सहायिका के साथ कर रही है सौतेला व्यवहार : रामचंद्र गोप


बैठक में मौजूद आंगनबाड़ी सेविका।

खबर मंत्र संवाददाता

**भंडरा।** आंगनबाड़ी सेविका सहायिका कर्मचारी संघ की बैठक गुरुवार को भंडरा प्रखंड मुख्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता संघ की प्रखंड अध्यक्ष उमा देवी ने किया। इसमें मुख्य रूप से प्रदेश संगठन मंत्री सह प्रभारी रामचंद्र गोप, जिला अध्यक्ष बबिता उरांव मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में सेविका-सहायिका ने अपनी-अपनी समस्या को रखा। मौके पर संघ के प्रदेश मंत्री रामचंद्र गोप ने बताया कि सरकार द्वारा सेविका सहायिका के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। सरकार के साथ बैठक में सरकार द्वारा सेविका सहायिका की आकस्मिक निधन पर आश्रित को बहाल करने की बात कही थी। वही सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कार्यकाल के पूरा करने पर एक मुश्त राशि देने का आदेश दिया गया था पर सरकार कार्ट के आदेश की अवहेलना कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार सेविकाओ से कई डिजिटल कार्य करवाती है पर मोबाइल नही दी है। मौके पर सेविका-सहायिकाओं ने सरकार से पीएफ की मांग की। बैठक में अन्य कई विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष बिबिता उरांव , उर्मिला देवी, नीलम देवी, बिनीता देवी, नीता देवी, माया देवी, मनर खान आदि सभी सेविका सहायिका उपस्थित थी।

## फाइलेरिया मुक्ति अभियान को लेकर सिविल सर्जन ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलेगा : सिविल सर्जन


जानकारी देते सीएस।

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो ने बताया कि जिले में आगामी 10 फरवरी से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (टऊअ) कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसके अंतर्गत 10 फरवरी को बूथ स्तर पर एवं दिनांक 11 से 25 फरवरी तक घर-घर भ्रमण कर लक्षित जनसंख्या को उम्र के अनुसार डी०ई०सी० एवं अल्बेन्डाजोल की एक-एक खुराक खिलाई जायेगी। इस वर्ष लोहरदगा जिला में लगभग 2,59,286 (पांच लाख उनसठ हजार दो सौ छियासी) लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में कुल 717 बूथ बनाये गये हैं। दवा खिलाने हेतु सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगभग 1500 कार्यकताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है। कार्यक्रम की सफलता हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। सिविल सर्जन द्वारा लोहरदगा जिला के वासियों से अपील की गयी कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा नहीं खिलाई जाएगी। 1-2 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली पानी मे मिलाकर देना है और डीईसी की गोली नहीं देना है। 2-5 वर्ष के बच्चों को 01 डीईसी एवं 01 एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। 6-14 वर्ष के बच्चों-किशोर/किशोरियों को 02 डीईसी एवं 01 एल्बेंडाजोल की दवा खिलायी जाएगी। 15 वर्ष या इससे अधिक उम्र के युवाओं/वयस्कों को 03 डीईसी एवं 01 एल्बेंडाजोल की गोली खिलायी जाएगी। दवा का कोई भी साइडइफेक्ट नहीं है। गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को यह दवा नहीं देना है। दवा खाली पेट नहीं देना है। फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जिसकी वजह से प्रभावित अंगों जैसे हाथ पाँव (हाथी पाँव) का फूलना और हाइड्रोसिल होता है। फाइलेरिया एक वूचेरिया बेनकापटी रोगाणु की वजह से होता है जो क्यूलेक्स मच्छर के द्वारा फैलता है। क्यूलेक्स मच्छर जमे हुए गंदे पानी में पैदा होते हैं। फाइलेरिया का उपचार की डीईसी गोली के द्वारा किया जाता है जो एक बहुत ही कारगर एवं सटीक दवा है। यदि सभी व्यक्तियों को डी.ई.सी, एवं अलबेण्डाजोल गोली की एक खुराक उम्र के अनुसार वर्ष में एक बार खिलायी जाये तो 80 से 90 प्रतिशत तक इस बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकता है। फाइलेरिया की दवा किसी भी स्थिति में खाली पेट नहीं ली जानी चाहिए। फाइलेरिया प्रभावित क्षेत्र में 2 से 5 वर्षों तक वर्ष में एक बार अभियान के तौर पर लक्षित व्यक्तियों को डीईसी एवं एल्बेंडाजोल दवा खिलाकर फाइलेरिया पर नियंत्रण पाया जा सकता है। फाइलेरिया के रोगाणु अपने पूरे जीवन काल में करोड़ों माइक्रोफाइलेरिया रोगाणुओं को जन्म देते हैं। दवावितरण के प्रत्येक अभियान के द्वारा माइक्रोफाइलेरिया के रोगाणुओं की समुदाय में फैलने से रोका जा सकता है, जिससे मच्छरों के द्वारा अन्य स्वस्थ्य व्यक्तियों को इसके संक्रमण से बचाया जा सकता है। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, स्वास्थ्य की टीम उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाला गया भव्य कलश यात्रा


कलश यात्रा में शामिल महिलाएं व अन्य।

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के देवाकी में नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा बजरंगबली मंदिर देवाकी परिसर से शुरू होकर गांव के विभिन्न चौक चौराहे होते हुए देवाकी बाबा धाम मंदिर परिसर स्थित नदी तक पहुंची। जहां आचार्य प्रमोद पाठक के वैदिक मन्त्रोंचार के साथ कलश में जल भारी कराई गई। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं बच्चियां व पुरुष शामिल हुए। कलश में जलभरी के उपरांत पुनः कलश यात्रा देवाकी बजरंगबली मंदिर पहुंची। इस क्रम में बोल बम, हर हर महादेव, जय बजरंगबली के जयकारे से पूरा वातावरण गुंजयमान हो उठा। कलश यात्रा के उपरांत मंडप पूजन हुआ। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम चार दिवसीय है। जिसकी शुरूआत आज कलश यात्रा के साथ हुई। आगामी 9 फरवरी को समस्त बेदी पूजन, पंचांग पूजन, आगामी 10 फरवरी को अन्ना अधिवास, जला अधिवास, फला अधिवास और रात्रि में नगर भ्रमण,सज्जा अधिवास होगी। वहीं आगामी 11 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा, हवन, पूणार्हुति और भव्य भंडारा के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की जाएगी। इसके साथ ही आगामी 8 फरवरी से 10 फरवरी तक अयोध्या से आ रहे आचार्य द्वारा प्रवचन और भजन कीर्तन का आयोजन भी किया जाएगा। कलश यात्रा में रामधनी साहू, प्रदीप साहू, नारायण साहू,राम ध्यान साहू, प्रमोद साहू, प्रसाद साहू, सुरेश साहू, दिलीप साहू, संजीत साहू, गौतम साहू, विक्की साहु, अनूप मिश्रा, उपेंद्र मिश्रा, सूरज साहू, विपुल साहू, विवेक साहू, धर्मेंद्र मिश्रा, संतोष मणि मिश्रा, वीरेंद्र साहू, शुभम कुमा, आरजू कुमार, सत्यम साहू,वीरेंद्र साहू, विकास साहू, अजीत साहू, पवन मांझी, प्रभु भगत,पंकज साहू, विनय साहू, अनीता देवी, गोदावरी देवी, लक्ष्मी देवी, अनुभा देवी, रेणु देवी, रूपा देवी, सुषमा देवी, मीना देवी, सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल थे।

### सोलर जलापूर्ति निर्माण बस्ती से दूर होने से ग्रामीणों ने किया विरोध


विरोध करते ग्रामीण।

**भंडरा।** प्रखंड के बलसोता सरनाटोली में पीएचईडी विभाग से जल नल योजना के अंतर्गत बन रहे सोलर टंकी का ग्रामीणों ने विरोध किया है। सोलर जलापूर्ति योजना का निर्माण बस्ती से दूर होने से ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि बोरिंग हुआ भी नहीं है और सोलर जलापूर्ति के लिए पानी टंकी का कार्य शुरू कर दिया गया है। मौके पर गांव के रामदर्शन कुमार, मंगरा उरांव, कल्याण पन्ना, अरविंद कुमार, गंदरु उरांव, रामदयाल उरांव, धनेश्वर उरांव, बलदेव बड़ाईक, संजय उरांव, बुदु उरांव, पादु उरांव, महादेव उरांव, सोहन उरांव कहते है कि जल नल योजना के तहत विकास का काम हो रहा है, ताकि ग्रामीणों को पेयजल में सहूलियत मिल सकें, परंतु संवेदक द्वारा बस्ती से दूर मैदान में बगैर बोरिंग किए ही जल नल योजना के तहत फाउंडेशन का काम शुरू कर दिया गया है। साथ ही लोगों ने संभावना जताते हुए कहा कि हो सकें। संवेदक द्वारा मैदान के समीप पुराने हैंडपंप में योजना शुरू कर दें। ग्रामीणों ने फाउंडेशन से पूर्व जगह में बदलाव करने व नया बोरिंग की मांग की है। साथ ही इसकी सूचना प्रखंड कार्यालय को देने की बात कही है। इधर इस मामले में बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि मामले की जानकारी हुई है। बलसोत सरना टोली में जल नल योजना की जांच कराई जाएगी।

### शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त सम्पन्न हुआ मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा

**सेन्हा/लोहरदगा।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा के तीसरे दिन गुरुवार को प्रखण्ड क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा के बीच कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा संपन्न हुई। प्रखंड क्षेत्र स्थित नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में नागपुरी की परीक्षा ली गई। जिसमें सभी 42 छात्र छात्राओं ने नागपुरी का परीक्षा दिया। वही केंद्राधीक्षक सीमा नैन्सी लकड़ा ने कहा कि राज्य सरकार के मानव से संसाधन विभाग निदेर्शानुसार परीक्षा आयोजित हो रहा है। जिस निमित कदाचारमुक्त तथा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। साथ ही कहा कि वरीय पदाधिकारीयों के निदेर्शानुसार परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भी किया जा रहा है तथा परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो जिस के लिये प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सह मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह, ए एस आई राजेश राम लोहरा दल बल के साथ उपस्थित थे।

### पीएम पोषण योजना के तहत प्रखंड स्तरीय रसोईया सह सहायिका कुकिंग कंपटीशन का आयोजन


कंप्टीशन का जायजा लेती बीपीओ व अन्य।

**घाघरा।** शिक्षा विभाग द्वारा पीएम पोषण योजना अंतर्गत प्रखंड स्तरीय रसोईया सा सहायिका का कुकिंग कंपटीशन गुरुवार को बीआरसी सभागार घाघरा में आयोजित की गई। इस क्रम में प्रखंड क्षेत्र के संकुल स्तरीय कई विद्यालय के रसोइया सह सहायिका शामिल हुई। कुकिंग कंप्टीशन में बनाए गए मानक निम्न प्रकार थे। जिसमें बनाए गए पकवान की स्वच्छता में 20 अंक, पकवान का स्वाद में 20 अंक, पकवान में किए गए नवाचार में 20 अंक, पकवान की गुणवत्ता में 20 अंक, भोजन निर्माण की प्रक्रिया में स्वच्छता एवं सफाई का पालन में 20 अंक मिले थे। जिसमे पकवान को निर्णायक दल शिक्षा बिभाग बीपीओ पुष्पा टोप्पो सहित अन्य अधिकारियो द्वारा उपयुक्त मानकों के आधार पर बनाये गए व्यंजन को चख कर विजेता, उप विजेता का चयन किया गया। जिसमे विजेता जीएमएस घाघरा व जीयुएमएस मकरा, उपविजेता जीएमएस सारंगों, एनपीएस चमेली रहा।

# विद्यालय शिक्षा और संस्कार अर्जित करने का केंद्र : दिनेश कुमार

सीपी समिति मध्य विद्यालय केबुल बस्ती में मना मातृ पितृ पूजन, पुत्र-पुत्रियों की सेवा भावना देख भावुक हुए अभिभावक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** श्री श्री योग वेदांत सेवा समिति जमशेदपुर के द्वारा सी पी समिति मध्य विद्यालय केबुल बस्ती के सभागार में विधालय के बच्चो और अभिभावकों के संग मनाया गया मातृ पितृ पूजन दिवस। ज्ञात हो की 14 फरवरी को मातृ पितृ पूजन का आयोजन होता है लेकिन सरस्वती पूजा होने के चलते आज विधालय सभागार में इस दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चो ने अपने अपने माता पिता को तिलक, वंदन, माला पहना कर, आरती कर और माता पिता का आशीष ले कर मातृ पितृ पूजन किया। माता-पिता ने भी अपने बच्चो को प्यार और दुलार दे कर आशीष दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश कुमार उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विधालय सिर्फ शिक्षा का मंदिर नही संस्कार, संस्कृति और सभ्यता का ज्ञान अर्जित करने का केंद्र है। दिनेश कुमार ने बताया कि माता-पिता पाल पोस कर बच्चो को बड़ा करते है और बच्चे बड़े होने के बाद अपने माता-पिता को यह कहते हुए भी सुनाई देते है कि आपने मेरे लिए क्या किया? पूरे भारत में वृद्ध आश्रम की संख्या में बढ़तोरी हो रही यह हमारे संस्कृति के लिए घातक है, बूढ़े होने पर माता पिता को बच्चो की जरूरत रहती है इसलिए माता पिता के प्रति प्रेम और ध्यान हमेशा बने रहना चाहिए। योग वेदांत सेवा समिति की अर्चना सिंह ने बच्चो को मातृ पितृ पूजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पौराणिक कथा में भी यह बताया गया है, अपने माता-पिता शिव-पार्वती की पूजा भगवान गणेश ने ब्रम्हांड पूजा के रूप में की थी, इसलिए भगवान गणेश की पूजा प्रथम की जाती है। कार्यक्रम का संचालन अर्चना सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्रधानध्यापक अमित कुमार सिंह ने किया, कार्यक्रम में मुख्यरूप से महासचिव परमानंद कौशल, संगीता श्रीवास्तव, गिरधारी साहू, त्रिलोचन कौर, सीमा, अर्चना सिंह, संगीता मेरी सुरेन, अनुशिया कुमारी, रोशनी राय, हीरादास मानिकपुरी, अर्चना कुमारी।



## घोषणा

मै एतद द्वारा यह घोषणा करता हु। की दिनेश प्रसाद उर्फ अमीर महतो पिता स्व. चित्तो महतो दोनो नाम हमारा है। मेरा आधार कार्ड संख्या-377632888384 जाति कोयरी पेशा कृषि समक्ष कार्यपालक दंडाधिकारी सदर हजारीबाग पत्रांक संख्या 256/2024 शपथ पत्र संख्या (GRN NO). 2400263746 हैं और झरपो पंचायत मुखिया द्वारा प्रमाणित किया गया पत्रांक संख्या 26/2023 है। जो कि मैं ग्राम पोस्ट-झरपो प्रखंड टाटीझरिया, पूर्व में थाना-इचाक था जो अब परिसीमन होने के बाद वर्तमान थाना टाटीझरिया जिला-हजारीबाग झारखंड राज्य का निवासी हूं।

**खबर | एक नजर में**

## खूंटी में राहुल गांधी का एआइसीसी मेंबर रामाश्रय प्रसाद ने किया स्वागत



रामाश्रय प्रसाद की बातों को ध्यान से सुनते राहुल गांधी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं एआईसीसी मेंबर रामाश्रय प्रसाद खूंटी में भारत जोड़ो यात्रा के क्रम में राहुल गांधी जी को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया एवं संगठन के संबंध में बात की। राहुल गांधी ने श्री प्रसाद की बातों को बहुत धैर्य से सुना और कहा कि आप वरिष्ठ नेता है और ओबीसी ग्रुप से आते हैं और झारखंड प्रदेश ओबीसी एकता महासभा के अध्यक्ष हैं और संगठन के लिए अच्छा काम कर रहे है। मैं भी ओबीसी को हक दिलाने के लिए लड़ाई लड़ रहा हूं। आप पूर्ण रूप से इसमें भाग लेकर संगठन को मजबूत करें, इसके लिए मैं आपको शुभकामना देता हूं।

## विधायक ने किया विधायक निधी सें निर्मित विद्यालय भवन का उद्घाटन



विद्यालय भवन का उद्घाटन करती विधायक सबिता महतो।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चांडिल।** ईंचागढ़ के विरसा उच्च विद्यालय शंकराडीह नागासेरेंग परिसर में गुरुवार को विद्यालय का 41 वां वार्षिक उत्सव सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्रों द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सविता महतो उपस्थित हुए। विद्यालय प्रबंधन ने विधायक को सोल एवं प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक ने विद्यालय परिसर में विधायक योजना से निर्मित 13 लाख 62 हाजार 5 सौ रुपये कि लागत से बने दो कमरे का विद्यालय भवन का उद्घाटन शिलापट्ट अनावरण कर किया।

इस मौके पर ज्योति लाल मांझी, दोल गोविंद सिंह मुंडा, रीता मुंडा, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रधानाध्यापक राजेंद्र महतो, रितेश पोद्दार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग का क्रॉस लिमिटेड से एमओयू



एमओयू दस्तावेज के साथ डा एसके सिंह और कंपनी निदेशक सुमित राय।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ, जमशेदपुर ने अग्रणी निर्माण कंपनी जमशेदपुर क्रॉस लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्तक्षर करके कॉलेज में पढ़ने वाले इंजीनियरिंग छात्रों के तकनीकी विकाश की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। एम ओ यु के अनुसार कॉलेज के छात्रों को क्रॉस लिमिटेड के परिचालन संयत्रों में ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण और कॉलेज के कुशल और बुद्धिमान छात्रों के लिए कुशल प्रशिक्षण भी दिया जायेगा।

एमओयू पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह और क्रॉस लिमिटेड के निदेशक श्री सुमित राय ने ३१ जनवरी २०२४ को क्रॉस लिमिटेड के कार्यालय में हस्ताक्षर किये। इससे पहले जनवरी २०२४ में कॉलेज प्रबंधन के द्वारा आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर के साथ भी एमओयू हुआ था।

## डा विनय कुमार सिंह ने 50वीं बार किया एसडीपी दान



डा विनय सिंह का हौसला बढ़ाते अतिथिगण।

**जमशेदपुर।** लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर का सेकंड वाइस प्रेसिडेंट तथा कोल्हान विश्व विद्यालय का फाइनेंस ऑफिसर, अखिल विश्व गायत्री परिवार के झारखंड लेखा प्रभारी प्रोफेसर डॉक्टर विनय कुमार सिंह ने आज एसडीपी 50 बार, ब्लड 79 वार यानी 129 बार कुल मिलाकर अब तक डोनेट किया जो की झारखंड में रिकॉर्ड है बहुत ही कम ब्लड डोनर इस मुकाम पर पहुंचा। आज ब्लड बैंक के जी एम संजय चौधुरी उन्हे सम्मानित किया। इस गौरव पल में समाजसेवी एम जे एफ लायंस पूरबी घोष, उनके पत्नी अंजलि सिंह, अनूप श्रीवास्तव टेक्नीशियन, डॉक्टर निर्जला झा, रवि शंकर, शुभोजित मजूमदार उपस्थित थे।

# सीएम चंपई सोरेन आज गोपाल मैदान आयेंगे

## डीसी और एसएसपी ने गोपाल मैदान में तैयारियों का लिया जायजा, दिये आवश्यक निर्देश



तैयारियों का जायजा लेकर लौटते डीसी व एसएसपी।



सज-धज कर तैयार पंडाल।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला में 09 फरवरी को झारखंड के मुख्यमंत्री श्री चंपाई सोरेन का आगमन होने वाला है। गोपाल मैदान में आयोजित प्रमंडल स्तरीय अबुआ आवास योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरण समारोह में माननीय मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर डीसी मंजूनाथ भजन्त्री एवं एसएसपी किशोर कौशल द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया गया। मौके पर उन्होने कहा कि कार्यक्रम को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी अपने स्तर से तैयारी पूर्ण कर लें। निरीक्षण के दौरान विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने, सम्मानित जनप्रतिनिधियों व लाभुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजलापूर्ति, शौचालय, मेडिकल टीम, एंबुलेंस की उपलब्धता, आवश्यक जगहों पर बैरिकेडिंग के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त करने की बात कही। डीसी ने कहा कि कार्यक्रम में तीनों जिले के आबुआ आवास योजना के लाभुकों के बीच माननीय मुख्यमंत्री द्वारा पहली किस्त जारी की जाएगी। मौके पर यातायात व्यवस्था, सोनारी हवाई अड्डा से गोपाल मैदान तक सभी आवश्यक तैयारियों को दुरुस्त करने का टास्क दिया गया। सुरक्षा एवम विधि व्यवस्था संधारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो इसे लेकर हर स्तर पर पदाधिकारियों को पुनर्समीक्षा का निर्देश दिया गया। एसएसपी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। प्रमंडल के तीनों जिले से आने वाले लोगों की बड़ी संख्या को देखते हुए उनके आगमन और निकासी सुव्यवस्थित तरीके से हो यह सुनिश्चित किया जा रहा है।

## झामुमो करेगा जोरदार स्वागत



बैठक में उपस्थित आस्तिक महतो, मोहन कर्मकार व अन्य वरिष्ठ नेता।

**जमशेदपुर।** वृहस्पतिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कार्यकारिणी समिति पुर्वी सिंहभूम की बैठक स्थान- शहीद निर्मल महतो सामुदायिक भवन कदमा उलियान में पूर्वान्ह 11.30 बजे से आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला 20 सुत्री क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहन कार्मकर संचालन जिला उपाध्यक्ष सागेन पुरती एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला सचिव घनश्याम महतो ने किया। बैठक में कहा गया कि पहली बार मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का आगमन हमारे जिले में हो रहा इसके लिए जोर-शोर से तैयारी करने के लिए सभी प्रखण्ड को दिशा निर्देश दिया गया।

## भाजमो महिला मोर्चा की बैठक संपन्न

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र महिला मोर्चा, जमशेदपुर महानगर की बैठक महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सिंह की अध्यक्षता में बारीडीह विधानसभा कार्यालय परिसर में हुई। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ गठन, एवम जनहित से जुड़ी समस्याओं पर उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। बैठक में महिलाओं से जुड़ी सरकारी योजनाओं का समाधान सरकारी अधिकारियों के सुस्त गति के कारण नहीं हो पा रहा है। सभी उपस्थित पदाधिकारियों को मंडलों में महिला मोर्चा की बैठक करने का दिशानिर्देश दिया गया एवम बैठक कर बूथ गठन एवम क्षेत्र से संबंधित सतही समस्याओं का संकलन करने को कहा गया है। सभी ने एक स्वर से कहा कि समस्याओं का निदान नहीं होने पर जिला उपायुक्त कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। जल्द ही इस संबंध में विचार विमर्श कर प्रदर्शन की तिथि तय की जाएगी। बैठक में काकुली मुखर्जी, किरण सिंह, बंदना नामता, रंजिता राय, मनोरमा सिंह, डी मणि, ज्योति तिवारी, नंदिता गगराई, लक्ष्मी सरकार, गीता कुंडु, पूनम सिंह, बॉबी कुमारी, रूबी कुमारी इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित थी।

## स्वयं सहायता समूह शिविर में रू. 1.65 करोड़ की वित्तीय सहायता



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गुरुवार को बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा साहेबगंज में एक सामूहिक एसएचजी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से बैंक द्वारा स्वयं सहायता समूहों को एकत्रित रूप से कुल राशि रू. 1.65 करोड़ का वितरण किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा ने झारखंड राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय सहायता प्रदान करने के साथ-साथ आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वयं सहायता समूहों के वित्तपोषण के माध्यम से यह विशेष पहल की। सभी गणमान्य विशिष्ट अधिकारियों ने अपने बहुमूल्य वक्तव्य के माध्यम से उपस्थित सभी को एसएचजी, वित्तीय समावेशन एवं अन्य बैंकिंग उत्पादों एवं सेवाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर 500 से भी अधिक एसएचजी सदस्यों की उपस्थिति रही। शिविर में प्रखण्ड विकास अधिकारी श्री मेघनाद उराँव, डीएमएफआई एवं जेएसएलपीएस से, एच. एन मिश्रा, क्लस्टर कोऑर्डिनैटर अजय एवं श्री प्रमोद, पूर्व जिला परिषद सुनीता टुडू, कौरिखुटाबारी की मुखिया श्रीमती अनीता हेंब्रोम, मदर टेरेसा स्कूल के एमडी बोनिफस किस्कु तथा अन्य अतिथिगण व प्रेस बंधु उपस्थित थें।

बैंक की ओर से बैंक ऑफ बड़ौदा जमशेदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबन्धक मनीष प्रकाश सिन्हा, क्षेत्रीय कार्यालय वित्तीय समावेशन विभाग के अधिकारीगण, साहेबगंज जिला स्थित बैंक शाखाओं - साहेबगंज, कौरिखुटाबारी, जिरलीकरहरी और चासगामा शाखा के प्रबन्धक, व्यवसाय प्रतिनिधि एवं बैंक सखी, एसएचजी की दीदियाँ तथा स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहें।

## सीवीसीएस इंडिया ने महिला पॉलिटेक्निक को दिए 20 सोलर लाइट व पावर सिस्टम

**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित जेड एफ सीवीसीएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सीएसआर के तहत राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, जमशेदपुर को छात्रावास के लिए 20 ऑटोमैटिक सोलर स्ट्रीट लाइट और 05 केवीए का सोलर पावर सिस्टम इन्वर्टर के साथ उपलब्ध कराया गया है। कंपनी के प्लांट हेड गुरुराज सी.एन. द्वारा गुरुवार को इसे पॉलीटेक्निक को सौंपा गया। इस मौके पर उपस्थित संस्थान के प्राचार्य डॉ0 संजीव कुमार ने इसके लिए कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह कंपनी अपने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन बेहतर ढंग से कर रही है। इसके लिए वह प्रशंसा की पात्र है। उन्होंने बताया कि यहां की छात्राएं काफी दिनों से बिजली की समस्या से परेशान थी। छात्रावास में सोलर लाइट की व्यवस्था होने से छात्राओं को काफी सुविधा होगी। बताया कि इससे पूर्व भी कंपनी द्वारा इस संस्थान को 50 कुर्सी, 02 एक्सक्लुसिव कुर्सी और एक टेबल प्रदान कर सहायता की गई थी।

# सिदगोड़ा सूर्यधाम में यज्ञशाला एवं श्रीराम कथा स्थल का भूमिपूजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में राम मंदिर स्थापना के चतुर्थ वर्षगांठ एवं सूर्यधाम में विराजमान माँ दुर्गा, शिव दरबार और श्री राधा-कृष्ण प्रतिमा के पुनर्स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार को यज्ञशाला एवं कथास्थल का भूमिपूजन कर ध्वजारोहण किया गया। सूर्यधाम परिसर में बन रहे यगशाला लिए मंदिर के पुजारियों ने पूजा, अर्चना एवं आरती के बाद मंत्रोंच्चारित जल का यज्ञ स्थल पर छिड़काव किया। इस दौरान 20 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित होने वाले 11 दिवसीय अनुष्ठान के निमित्त पुजारियों ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर मंदिर परिसर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह एवं महासचिव अखिलेश चौधरी व अन्य मुख्यरूप से मौजूद रहे। इस दौरान उपस्थित जनों ने यज्ञ देवता के जयकारों के बीच यज्ञशाला का ध्वज स्थापित किया। सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने बताया कि मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर स्थापना के चतुर्थ वर्षगांठ पर शोभायात्रा, सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा एवं श्री विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा के आयोजनों को लेकर कमेटी व्यापक तैयारी कर रही है। कहा कि बनने वाले यज्ञशाला में श्रद्धालुओं के परिक्रमा हेतु उनकी सुविधाओं और सहूलियत का पूरा ध्यान रखा गया है। वहीं, सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 20 फरवरी को भव्य कलश यात्रा एवं पंचांग- पूजन से 11 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ होगा। जिसमें 21 फरवरी को वेदी पूजन एवं अधिवासन, 22 को श्री विग्रह का विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होगी। 22 फरवरी को भव्य शोभायात्रा सह नगर भ्रमण होगा। मौके पर अमरजीत सिंह राजा, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, रूबी झा, बंटी अग्रवाल, कंचन दत्ता, प्रेम झा, चंद्रशेखर मिश्रा, बोलटू सरकार, कुमार अभिषेक, रमेश तिवारी समेत अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।



## मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, रांची।

**एम.ए.सी. वाद संख्या- 416/2022**

फगुनी कुमारी एवं वगैरह.............आवेदकगण

बनाम

रोहित हेमरोम एवं वगैरह...............विपक्षीगण

नोटिस बनाम : -

1 श्री रोहित हेमरोम, पिता- मसीह प्रकाश हेमरोम

पता- जोजो, थाना-खूंटी, जिला- खूंटी, झारखंड-835210।

बजरिये इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.12.2021 को आपके एक वाहन मोटसाइकिल गाडी संख्या JH-01EL-1739 से ढुढगु मुंडा, पिता- लदु मुंडा, पता ग्राम- घाघरा पोस्ट- अनगड़ा, थाना- खूंटी, जिला- खूंटी थाना-01/2022 है। आवेदकगण ने आपके विरुद्ध धारा 140 और 166 मोटर याद अधिनियम के अंतर्गत प्रतीकर हेतु उपरोक्त वाद दाखिल किया है जो आपकी उपस्थिति हेतु लंबित है नजारत एवं रजिस्टर्ड डाक द्वारा आपके विरुद्ध नोटिस तामिल यही कराया जा सका है।

अतः इस सूचना के माध्यम से आपको निर्देश दिया जाता है कि दिनांक 16.3.24 को पूर्वाह्न 11 बजे आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई आपके विरुद्ध एकपक्षीय की जाएगी।

इसे सख्त ताकीद जानें। **पीठासीन पदाधिकारी**

**मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, रांची।**

## मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, रांची।

**एम.ए.सी. वाद संख्या- 214/2021**

बंधना डोडराय एवं वगैरह ............. आवेदकगण

बनाम

गब्रियल कोंगाड़ी एवं वगैरह............विपक्षीगण

नोटिस बनाम : -

1 श्री गब्रियल कोंगाड़ी, पिता- तीनटूस कोंगारी, पता- महादेव टोली, बमहानी, थाना- तोरपा, जिला- खूंटी, झारखंड- 835216।

बजरिये इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक- 29.11.2020 को आपके एक वाहन ट्रैक्टर गाड़ी संख्या- JH-01C -4158 से विजय डोडराय पिता-बंधना डोडराय, पता ग्राम-बाली, बम्हनी, थाना मुड़हू, जिला-खूंटी, झारखंड निवासी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। जिसका एफआईआर नंबर तोरपा थाना- 83/2020 है। आवेदकगण ने आपके विरुद्ध धारा- 140 और 166 मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत प्रतीकर हेतु उपरोक्त वाद दाखिल किया है जो आपकी उपस्थिति हेतु लंबित है। नजारत एवं रजिस्टर्ड डाक द्वारा आपके विरुद्ध नोटिस तामिल यही कराया जा सका है।

अतः इस सूचना के माध्यम से अपको निर्देश दिया जाता है कि दिनांक 11.3.24 को पूर्वाह्न 11 बजे आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई आपके विरुद्ध एकपक्षीय की जाएगी।

इसे सख्त ताकीद जानें। **पीठासीन पदाधिकारी**

**मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, रांची।**

## मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, रांची।

**एम. ए. सी. वाद संख्या -415/2022**

बिरसा महतो एवं वगैरह ................. आवेदकगण

बनाम

धीरज कुमार सिंह एंव वगैरह .......... विपक्षीगण

नोटिस बनामः-

1 श्री धीरज कुमार सिंह, पिता - अलखदेव सिंह, पता- अबादगंज, पो+ थाना- डाल्टनगंज, जिला - पलामू झारखण्ड।

बजरिये इस नोटिस के जरिए आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.08.2022 को आपके एक वाहन बोलेरो गाड़ी संख्या JH-03-P-6256 से नरेश कुमार पिता- बिरसा महतो, पताः ग्राम- सुमो खुटेर, पोस्ट- सारले, थाना- बुढ़मू, जिला- रांची, झारखंड निवासी की सड़क दुर्घटना में मृत्यू हो गई थी। जिसका एफआइआर रातू थाना-294/2022 है। आवेदकगण ने आपके विरुद्ध धारा- 140 और 166 मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत प्रतीकर डाक द्वारा आपके विरुद्ध नोटिस तामिल यही कराया जा सका। अतः इस सूचना के माध्यम से आपको निर्देष दिया जाता है कि दिनांक 17/02/2024 को पूर्वाहन 11 बजे आप स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई आपके विरुद्ध एकपक्षीय की जाएगी।

इस सख्त ताकीद जाने। **पीठासीन पदाधिकारी**

**मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, रांची।**

## AFFIDAVIT



I, Pushpa Kumari Upadhyay, Wife of Mr. Vinay Kumar Upadhyay, by faith Hindu, by occupationservice, by nationality Indian, Resident of D-16, A/Block, Khutadih, Sonari, Post & P. S Sonari, Jamshedpur, District East Singhbhum, PIN-831011, state of Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am Indian Citizen by birth and my Date of Birth is 23.03.1978.
2. That I am residing at above noted address since long.
3. That my marriage solemnized on 14.02.2001.
4. That before marriage my name is Pushpa Kumari.
5. That after marriage I write my husband's surename as "Upadhyay" so my name haas been changed from Pushpa kumari to Pushpa kumari Upadhyay.
6. That presently I write my name everywhere as "Pushpa kumari Upadhyay"
7. Taht Pushpa kumari and Pushpa kumari Upadhyay both are one and same lady i.e. myself.
8. Taht my passport size photograph is affix on this affidavit.
9. That I submit this affidavit before authority concern for further and necessare action.
10. That I swear through this affidavit taht foregoing paragraph is ture and correct on the best of my knowledge, belief and information and I signed on this 11th day of December 2023 at Jamshedpur.

**Sl. NO.38**
**Date : 11-12-2023**
**RegnNo. 13561/18**

# लातेहार पुलिस ने जम्मूतवी ट्रेन डकैती, सड़क लूटपाट में शामिल 15 अपराधियों को हथियार के साथ किया गिरफ्तार

दो बोलेरो, आठ मोटर साईकिल, देशी पिस्टल, गोली, कारतूस, मोबाईल फोन, चांदी के जेवरात, सोने का चैन अंगूठी, लॉकेट, झुमका हुआ बरामद

### एक बार फिर ट्रेन डकैती करने की योजना बना रहे थे अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

### 15 अपराधियों में दो महिला समेत सोनार दुकानदार भी गिरफ्तार

### महुआडांड बीडीओ और सांसद प्रतिनिधि से हाल के दिनों में की थी लूटपाट


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी अंजनी अंजन।


बरामद हथियार व अन्य सामग्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** ट्रेन डकैती और सड़क लूटपाट की योजना बना रहे अपराधकर्मियों के खिलाफ बुधवार की शाम लगभग 7.20 में जिला पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा परिक्ष्यमान भापुसे ललीत मीना एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लातेहार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें कुल चार टीमें शामिल थी। छापामारी दल के द्वारा पुरी सावधानी एवं सतर्कता पूर्वक लातेहार रेलवे स्टेशन के दक्षिण दिशा में स्थित तुपु जाने वाली सड़क के पास स्थित पुटुस की झाड़ीनुमा खाली एवं निर्जन स्थान की घेराबंदी कर सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान छापेमारी दल को उक्त स्थान पर करीब 14-15 व्यक्तियों के एकत्रित होकर किसी अपराध की योजना बनाते हुए दिखाई दिए जो पुलिस टीम को देखकर इधर-उधर भागने लगे। छापामारी दल में शामिल सभी टीमों के द्वारा भाग रहे अपराधकर्मियों में से दस अपराधकर्मियों को पकड़ लिया गया एवं पाँच अपराधकर्मी रात्रि एवं जंगल झाड़ी का लाभ उठाते हुए भागने में सफल हो गये। इस संबंध में पूछताछ के क्रम में अपराधियों ने बताया गया कि देर रात्रि में गुजरने वाली पलामू एक्सप्रेस ट्रेन में एक बड़ी डकैती की घटना को अंजाम देने की तैयारी के साथ ये सभी हरवे हथियार से लैश होकर योजना बना रहे थे। पूछताछ के उपरांत इन अपराधकर्मियों के निशानदेही पर अन्य पाँच अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी लातेहार एवं लातेहार के सीमावर्ती जिले पलामू से की गई है।

**अपराधकर्मियों ने कबुला जुर्म :** पूछताछ के क्रम में पकड़ाए अपराधकर्मियों द्वारा पूर्व में सम्बलपुर-जम्मुतब्बी एक्सप्रेस डकैती काण्ड एवं लातेहार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अतिरिक्त पलामू जिले के कई थाना क्षेत्रों में अंजाम दिये गए काण्डों में अपनी-अपनी संलिप्ता की बात स्वीकार किये है। जिसमें पिछले कुछ वर्षो में ट्रेनों में लूटपाट, सड़क डकैती, हाल के दिनों में महुआडांड बीडीओ से बेतला में लूट-पाट, सरयू घाटी में विनित मधुकर सांसद प्रतिनिधि से लूटपाट, दुध टैंकर चालक से लूट, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक का कलेक्शन, घर में घुसकर पांकी हेरहंज पथ पर लूटपाट एवं पिकअप चालक को गोली मारने आदि कई अपराधिक घटनाओं में पुलिस को इनकी तलाश थी।

### 15 अपराधियों में दो महिला समेत सोनार दुकानदार भी गिरफ्तार

गिरफ्तार अभियुक्तों में अख्तर अंसारी पिता इदरीश अंसारी जोबांग लोहरदगा, सिकंदर सिंह उर्फ नन्हकू पिता स्व. त्रिवेणी सिंह बारियातू जागीर, रंजित शर्मा पिता रामजनम मिस्त्री जुंगुर मनिका, कुंदन प्रसाद गुप्ता पिता स्व. बिजजी साव पिपरा पलामू मास्टरमाइंड और पेशेवर अपराधी है। इनकी टीम में सुरेन्द्र सिंह पिता स्व. गंगेश्वर सिंह बारियातू जागीर, अजीत कु सिंह पिता बबन सिंह बारियातू जागीर, पंकज कु. सोनी पिता रघुनंदन प्रसाद शिवपुरी लातेहार, मनिष कु. पासवान पिता सुदामा पासवान पोलपोल सतबरवा, अजय राम पिता लखन भुईंया सिंदुरिया सतबरवा, अभय पासवान पिता अवधेश पासवान लहलहे सतबरवा, अनिल कु सोनी उर्फ चंदन सोनी पिता हेमनाथ प्रसाद सोनी माईल मटलोंग मनिका, राजेश कु सोनी पिता प्रभु सोनी पाटन, फुलटेस कुमार पिता स्व. इन्द्रदेव प्रसाद नावागढ़ लातेहार, जिया बेगम पिता रमजान अंसारी अबादगंज पलामू, विणा कुमारी पिता स्व. गंजू सिंह बिनगड़ा लातेहार उपयुक्त अभियुक्तों के विरूद्ध लातेहार एवं पलामू जिले के विभिन्न थानों में करीब 15 कांड दर्ज है। आदि अपराधियों को गिरफ्तार करने में पुलिस टीम को सफलता मिली है।

### जप्त सामानों की सूची

उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध लातेहार एवं पलामू जिले के विभिन्न थानों में करीब 15 काण्ड दर्ज है। इनके पर से देशी पिस्टल, जिंदा कारतुस, कार्बवाईन, जिंदा गोली, देशी कट्टा 17 मोबाईल फोन, दो बोलेरो, आठ मोटर साईकिल, नगद रुपये 49,000/- चाँदी का जेवरात नया पुराना करीब डेढ किलो, सोना का दो अंगुठी, तीन कान का टॉप, एक कुडल, एक झुमका, एक सोने का चैन, तीन लॉकेट और दो कलाई घडी के साथ साथ विभिन्न व्यक्तियों का क्रेडिड कार्ड, डेबिट कार्ड, ड्राईवरी लाईसेंस, वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड तथा एक डीजिटल इलेक्ट्रोनिक वेट मशीन आदि जप्त किया गया है।

### छापामारी दल में शामिल पदाधिकारी

छापामारी दल में परिक्ष्यमान भापुसे ललीत मीना, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविन्द कुमार, पु०नि० सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, लातेहार, पुअनि शुभम कुमार थाना प्रभारी चंदवा, पुअनि श्रीनिवास कुमार सिंह थाना प्रभारी बरवाडीह, पुअनि भानू प्रताप सिंह, अभिषेक कुमार थाना प्रभारी छिपादोहर, नितिश कुमार थाना प्रभारी हेरहज, पुअनि फगुनी पासवान लातेहार, रंजीत राम, दिवाकर धोबी, मो शाहरुख, गौरव सिंह, राजरौशन सिन्हा, रोहित कुमार महतो, देवानन्द कुमार, गौतम कुमार, दीपक नारायण सिंह, कुंदन कुमार दिलीप कुमार दास, लालेश्वर पासवान, धर्मेन्द्र सिंह सरदार, प्रदीप कुमार राय, राजकुमार तिग्गा, विश्वजीत तिवारी, सअनि कुबेर प्रसाद देव, विरेन्द्र कुमार सेट -45 बरवाडीह, राकेश निर्मल बैग, सैट-01 पुलिस केन्द्र, लातेहार जिला सशस्त्र बल एवं सैट के सशस्त्र बल जवान शामिल थे।

स्पीड न्यूज

### मोटरसाइकिल सवार ने पेड़ में मारी टक्कर, दो घायल रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ - लातेहार पथ पर ओलहे पाट ग्राम के समीप गुरुवार को सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल हो गये। घायलों में राहुल उरांव 18 वर्ष पिता हीरालाल उरांव एवं अमित उरांव 18 वर्ष पिता विश्वनाथ उरांव दोनों ग्राम कलकालिया थाना बालूमाथ निवासी शामिल है। दोनों बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर एक पेड़ में जाकर टक्कर मार दिया और गंभीर रूप से घायल हो गए। ऐंबुलेंस के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर ध्रुव कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु राँची रिम्स रेफर कर दिया। घटना के बारे परिजनों ने बताया कि दोनों युवक बालूमाथ से टमाटर बेचकर अपने घर जा रहा था। जहाँ मोटरसाइकिल तीखे मोड में असंतुलित होकर एक पेड़ से जा टकराई।

### मगध परियोजना के चमातू में जल मीनार खराब

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित मगध कोल परियोजना के चमातू ग्राम में सीएसआर फंड के 10 लाख 4 हजार 23 रुपये की लागत से बने सोलर जल मीनार का निर्माण कराया गया था निर्माण के दो महीना बाद ही सोलर सिस्टम खराब हो गया तथा लंबे समय से खराब पड़ा हुआ है उसके बाद जल मीनार की और ना तो कोई ठेकेदार देखने के लिए आया ना ही सीसीएल के कोई अधिकारी का ध्यान है। जिस कारण ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। बता दे की चमातू ग्राम में जितने भी जल मीनार लगाया गया है उसमें आधे से अधिक खराब पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि सीसीएल द्वारा लगाया गया जलमीनार एक साल से खराब पड़ा हुआ है लेकिन न कोई जनप्रतिनिधि,न अधिकारी सुध लेने आया। जलमिनार खराब होने की शिकायत हम लोगों ने सीसीएल से कई बार किया लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पीने का पानी एकमात्र साधन जल मीनार ही हैं इसके खराब हो जाने से ग्रामीणों के साथ-साथ रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों के लिए भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## प्रदेश सरकार समाज के सभी तबके के विकास के लिए कर रही है कार्य : राजेश

### कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** गुरुवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को गढ़वा जाने के क्रम में ज्यों ही उनका काफिला दुबियाखाड़ पहुंचा। जहां उनके स्वागत में पहले से ही मौजूद कार्यकताओं ने कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, युथ कांग्रेस प्रदेश संयोजक सह पलामू विधानसभा प्रभारी विजय बहादुर सिंह और अल्पसंख्यक मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष सह बरवाडीह प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी के नेतृत्व दुबियाखाड़ मोड़ में फूलमाला और अंगवस्त्र से स्वागत किया। इसके पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं के साथ दुबियाखाड़ मोड़ स्थित प्रतापी राजा मेदिनिराय की प्रतिमा पर फूलमाला पहनाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत अपने स्वागत से अभिभूत प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सभी वर्गों के सम्मान में संचालित योजनाओं और विकास की जानकारी गांव-गांव तक लोगों को दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी तबके के विकास के लिए कार्य कर रही है। किसानों और युवाओं की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। लेकिन विपक्ष के लोग सरकार के प्रति गलत भ्रातियां लोगों में फैला रहे हैं। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा साजिश के तहत झूठे और खोखले आरोप लगाकर सरकार को बदनाम करने का षड्यंत्र रच रही हैं। ऐसे में कार्यकताओं को लोगों के बीच जाकर यह बताना होगा कि किस तरह से हमारी गठबंधन की सरकार गांव की तस्वीर बदल रही है।


राजा मेदिनीराय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते प्रदेश अध्यक्ष

## आठ टीकाकरण केंद्र स्थल में पिछले पांच माह से नहीं हो रहा है टीकाकरण

**बारियातू।** प्रखंड के आठ टीकाकरण केंद्र अम्बाखाड़, बानालात, बनवार, बरवाडीह सिमरा टोला, करबला इटके, इटके-2 व पिपराडिह में पिछले पांच माह से एएनएम नहीं आने के कारण गर्भवती, धात्री महिलाओं व 0 से 5 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण केन्द्र में टीका लगवाने वाली गर्भवती महिलाएं व बच्चे बिना टीका लगवाए बीते पांच माह से लगातार वापस लौट रहे हैं। सरकार के निदेर्शानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा महत्वाकांक्षी योजना चलाकर गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं को कई गंभीर व ला-इलाज बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जाता है। ताकि जच्चा बच्चा स्वस्थ्य रहे। आश्चर्य जनक की बात तो यह है की आठ केन्द्रों में विभाग व एएनएम की लापरवाही के कारण सैकड़ों बच्चे और महिलाएं टिकाकरण से वंचित है। उक्त संबंध में बीते 14 जनवरी को अखबार के माध्यम से विभाग को अवगत कराया गया था। जिसके पश्चात संज्ञान में लेते हुए बालुमाथ प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ. प्रकाश बडाइक ने उक्त सभी टीकाकरण सत्र में 5 फरवरी को विशेष अभियान का आयोजन कर टीकाकरण करने के लिए केन्द्र वार कर्मी अम्बाखाड़ में एएनएम स्नेहालता सिन्हा, रमेश पांडेय, बानालात में कलावती कुमारी, अरूण शर्मा, बनवार में रिंकु कुमारी, रंजीत कुमार बरवाडीह में बसंती कुमारी(जोगियाडिह) गुलाम कुरैशी, सिमरा टोला में सोनी कुमारी, करबला इटके रजंती कुमारी अशोक कुमार, इटके-2 में सरिता कुमारी, संदीप कुमार, पीपराडिह में बसंती कुमारी (बारिखाप) विपिन कुमार, एवं संबंधित पोषक क्षेत्र के सहिया साथी को नियुक्त किया गया था। नियुक्त कर्मियों के लापरवाही के कारण अब तक टीकाकरण नहीं किया गया है।

एक नजर में

### चतरा में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए जवान को बारियातू थाना गेट के सामने दिया गया श्रद्धांजली



**बारियातू।** चतरा में बुधवार शाम को पुलिस-नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए। जिसमें शहीद सुकन राम पलामू पाटन थाना के रहने वाले थे। जिनका पार्थिव शरीर गुरूवार को उनके पैतृक गांव पलामू पाटन ले जाया जा रहा था। ले जाने के इसी क्रम में बारियातू थाना गेट के सामने कार्यक्रम आयोजित कर थाना प्रभारी मुकेश चौधरी व पुलिस कमीर्यों ने उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर भावविन श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं थाना प्रभारी सहित उपस्थित सभी पुलिस कमीर्यों व ग्रामीणों ने सुकन राम अमर रहे का नारा लगाया साथ ही उनके परिवार को इस दु:ख की घड़ी में सहनशक्ति देने की कामना की। मौके पर धर्मेश कुमार लिंबू, आनंद कुमार सिंह, बीस सुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, समाज सेवी राकेश प्रसाद, तुला गंझु सहित कई पुलिस कर्मी व ग्रामीण मौजूद थे।

### बारियातू में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न



**बारियातू।** प्रखंड में बनाये गए दो परिक्षा केंद्र प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल व आदर्श मध्य विद्यालय में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा गुरुवार को कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मैट्रिक व इंटर के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्र प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल बारियातू में स्त्रोन्नत हाई स्कूल गोनिया, टोटी व फूलसु के 261 में से सभीउपस्थित रहे। वहीं इंटर मीडिएट परिक्षा में विज्ञान व अंग्रेजी विषय की परीक्षा में सभी 29 परिक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा में दंडाधिकारी आशीष कुमार गुप्ता, परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के केन्द्राधिक्षक अनिल कुमार कुजुर व बारियातू आदर्श मध्य विद्यालय के केन्द्राधिक्षक अनिता देवी ने परिक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाए। मौके पर विक्षक संजिव कुमार, अजय बैठा, महेंद्र प्रसाद, मिथलेश कुमार मेहता, लालचंद पासवान, मो. महताब, राकेश कुमार सिंह, रामजी प्रसाद, जमुनाधर मिश्र, बाबूलाल कुजुर, सत्येन्द्र राम, इमरेंसिया कुजुर, द्वारिका राम, रामाधार राम सहित कई विक्षक मौजूद रहे।

## बरवाडीह के नये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बने वेंकटेश

### पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर संबंध स्थापित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता: वेंकटेश कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी के रूप में वेंकटेश कुमार ने योगदान कर लिया है। वेंकटेश कुमार ने योगदान करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि 94 बैच के सब इंस्पेक्टर के रूप में बहाल होने के बाद पुलिस सेवा के दौरान लातेहार थाना के थाना प्रभारी के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। जहां उन्हें दूसरी बार लातेहार जिले के बरवाडीह में अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी के रूप में सेवा करने का शौभाग मिला है। जहां सभी के सहयोग से बेहतर कार्य करने के साथ-साथ आम लोगों के बीच पुलिस के प्रति एक बेहतर विश्वास पैदा करना भी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के पुलिस कप्तान महोदय के नेतृत्व में पुरी पुलिस टीम बेहतर तरीके से काम कर रही है, जो उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में बेहतर कार्य करते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था स्थापित करते हुए सभी के सहयोग से कार्य करना भी हमारी प्राथमिकता है। जिसमे पुलिस टीम के साथ आमलोगो के भी सहयोग की जरूरत है। वेंकटेश कुमार को हाल ही में पुलिस विभाग के द्वारा उनके बेहतर कार्य के लिए प्रमोशन देते हुए इंस्पेक्टर से अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। बरवाडीह अनुमंडल कार्यालय में इनका पहला डीएसपी पद पर पोस्टिंग हुआ है। इसके पूर्व ये रांची के चुटिया थाना में बतौर थाना प्रभारी के रूप में पदस्थापित थे। ज्ञात हो कि इन्हें वर्ष 2015 में सराहनीय सेवा के लिए और 2022 में विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जा चूका है।

## जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड में जंगली हाथियों का आतंक बदस्तूर जारी है। मल्हान पंचायत में इन दिनों जंगली हाथी डेरा जमाए हुए है। बुधवार की रात्रि भी जंगली हाथियों के झुंड से अलग होकर एक हाथी माल्हन पंचायत के केकराही गांव में घूंस गया व जमकर उत्पात मचाया जहां जंगली हाथी ने रामकिशुन गंझू के दुकान, रमन कुमार के जनरल स्टोर को क्षतिग्रस्त कर दुकान में रखे खाद्य सामग्री व अनाज को चट कर दिया, साथ ही ग्रामीण रामवृक्ष गंझू के घर को भी तोड़ दिया। इस घटना में दोनो दुकान के संचालकों को लगभग 40-50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

**रात भर गांव में तांडव मचाता रहा हाथी, खौफ के साये में ग्रामीणों ने गुजारी रात :** ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि लगभग 12 बजे एक हाथी गांव में अचानक आ धमका व तांडव मचाना शुरू कर दिया। डरे सहमे ग्रामीण घरों व सुरक्षित ठिकानों में शरण लेकर अपनी जान बचाई, इस दौरान ग्रामीण जान बचाने को लेकर पूरी रात रतजगा करते रहे व ग्रामीणों की रात खौफ के साए में गुजरी। रामकिशुन गंझू, सुनील ठाकुर, अनूप ठाकुर, भुवन ठाकुर, लक्ष्मण गंझू व अन्य ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगली हाथियों को क्षेत्र से दूर भगाने व मुआवजा प्रदान करने की गुहार लगायी है।


क्षतिग्रस्त दुकान

# योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है केंद्र सरकार : कर्मवीर सिंह

### चंदवा में सम्पन्न हुआ चतरा, पलामू व हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की क्लस्टर, विस्तारक प्रवास बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने में भाजपा पूरी तरह से जुट गयी है। झारखंड के 14 लोक सभा क्षेत्र को 5 क्लस्टरों में बांटा गया है, जिसके तहत चतरा, पलामू व हजारीबाग तीन लोकसभा क्षेत्र का क्लस्टर चंदवा को बनाया गया है। गुरुवार को चंदवा स्थित होटल हाइवे हिल प्रांगण में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने तीनों लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी बूथों पर संगठन को सशक्त बनाने को लेकर तीनों लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जिला के जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों, लोकसभा संयोजकों, सह संयोजकों व लोकसभा व विधान सभा के विस्तारकों के साथ बैठक कर संगठन मजबूती को लेकर गहन मंथन किया। इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने बताया कि आगामी 2024 लोकसभा चुनाव के निमित उक्त बैठक रखी गयी थी, जिसमें संगठन की वर्तमान स्थिति, बूथों को मजबूत करने को लेकर किये जा रहे कार्यो पर चर्चा करते हुए रणनीति तैयार की गई है।


चतरा, पलामू, हजारीबाग लोकसभा के प्रभारी क्लस्टर बैठक करते हुए

**गांव चले अभियान के तहत बारी के शैलबर टोले में हुआ कार्यक्रम, गिनाई गयी मोदी सरकार की उपलब्धियां :** बैठक के उपरांत भाजपा द्वारा 4 से 11 फरवारी तक चलाई जा रही गांव चलो कार्यक्रम के तहत प्रखण्ड आदिवासी हरिजन बाहुल्य बारी पंचायत के शैलबर टोले में कार्यक्रम किया गया जहां प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सिंह ने ग्रामीणों के बीच केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया व केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों के बीच साझा की। इन्होंने कहा कि मोदी सरकार राष्ट्र को सशक्त बनाने के साथ गांवों को विकसित करने को लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं का लाभ सीधे लाभुकों तक पहुंच रहा है। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं से ग्रामीणों के बीच जाकर केंद्र सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं की जानकारी साझा करने व लाभ उठाने को लेकर प्रेरित करने की बात कही व बूथ अध्यक्षों को किट भी प्रदान किया। इसके पूर्व मौजूद भाजपा नेताओं ने गांव में दीवार लेखन के माध्यम से फिर मोदी सरकार के संकल्प दिलाया। इसके पश्चात गांव पहुंचे संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह व अन्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लातेहार जिलाध्यक्ष पंकज सिंह व समाप्ति की घोषणा पूर्व विधायक हरेकृष्ण सिंह ने किया।

### मौके पर ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह के अलावे चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीन मेहता, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, लातेहार जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, पलामू लोकसभा प्रभारी विनय लाल, अभय सिंह, शशि भूषण भगत, विपिन बिहारी सिंह, विनय जायसवाल के अलावे पूर्व जिलाध्यक्ष हरेकृष्ण सिंह, मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, भाजपा नेता चेतलाल रामदास, लातेहार जिप अध्यक्ष पूनम देवी, जीप सदस्य सरोज देवी, दीपक निषाद, रिकी वर्मा मनीष कुमार चांदो समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### युवा समाजसेवी की मौत, शोक की लहर

**बालूमाथ।** बालूमाथ के युवा समाजसेवी सह उत्क्रमित मध्य विद्यालय के पारा शिक्षक अमरनाथ लाल 40 वर्ष की आकस्मिक निधन होने के बाद बालूमाथ में शोक की लहर दौड़ गई। अमरनाथ लाल पिछले कई महीनो से बीमार था और उनका ईलाज मुंबई के अस्पताल में चल रहा था। जहां इलाज के दौरान उनकी आकस्मिक मौत हो गई। चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील सिंह के सहयोग से उनका शव को हवाई जहाज के माध्यम से लाया गया। जहां गुरुवार को चेताग मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे दो पुत्री व एक पुत्र को छोड़ गए। अमरनाथ भाजपा कार्यकर्ता भी था।

**स्पीड न्यूज़**

## तीन दिन से लापता अधेड़ का शव कुएं में मिला



**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र के पिरगुल निवासी गुतेश्वर ठाकुर पिता बुधन ठाकुर उम्र 56 का शव गुरुवार को घर के सामने ही कुएं में तैरता हुआ मिला। मृतक तीन दिन से लापता थे। कल ही परिजनो ने थाना मे गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। परिजनों ने घटना की सूचना कसमार पुलिस व स्थानीय मुखिया सरिता देवी को दी। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस पहुंची और कुएं से शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक शराब का आदी था। पहले भी कई बार मृतक शराब के नशे में एक दो दिन घर से बाहर रहते थे।

## बगान की बाउंड्री का ताला तोड़ सब्जी उड़ा ले गए चोर

**बेरमो।** फुसरो पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत चलकरी उतरी पंचायत के वार्ड नंबर 9 के केवट टोला स्थित सामुदायिक विकास भवन के बगल में बगान के बॉउड्री का ताला तोडकर सब्जीयो को चोरो ने चोरी कर ली है। भुक्तभोगी भोला प्रसाद केवट ने बताया कि वे लोग सपरिवार रात में खाना खाकर सो गये, सुबह जब उठे तो देखा गया कि बगान के बॉउड्री का ताला तोडकर चोरो ने कई प्रकार की सब्जीयो को चोरी कर लिया गया है। जिसकी सुचना वार्ड सदस्य , मुखिया , पंचायत समिति को दे दिया गया है। साथ ही प्रशासन से आग्रह किया कि चोरो पर नकेल कसी जाय ताकि भविष्य में किसी घर में चोरी की वारदात नही हो।

## बेरमो थाना क्षेत्र मे लगे तमाम सीसीटीवी कैमरे साबित हो रहे हैं हाथी के दांत



**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र के लगे सीसीटीवी कैमरा जिस मकसद से लगाया गया था की चोरी और अपराध पर अंकुश लगेगा आज उस पर पानी फिरता नजर आ रहा है। दुसरे शब्दों में कहे तो आज यह हाथी के दांत साबित हो रहे है। बताता चलू की इसका उद्घाटन बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी तथा बोकारो एसपी चंदन झा ने पुरे तामझाम के साथ किया था। मौके पर बेरमो विधायक भी इस उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद थे। सुत्रो की माने तो कई स्थानों पर कैमरा का नही होना कई प्रश्नों को खड़ा करता है । संभवता हो सकता है उक्त कैमरो को कोई खराबी आ गई हो और मरम्मती के उद्देश्य से खोला गया हो। ज्ञात हो कि फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में कैमरे लगाने की योजना पर लगभग 65 लाख की लागत आई थी।

## अनिल अग्रवाल के भतीजे प्रणय की शादी में दिग्गजों का लगा जमावड़ा



**बेरमो।** बेरमो के सुप्रसिद्ध समाजसेवी अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष सह झामुमो नेता अनिल अग्रवाल के बड़े भाई सौरभ अग्रवाल के पुत्र प्रणय अग्रवाल के विवाह समारोह रांची में सम्पन्न हुई। जिसमे कई गन्यमान जैसे झारखंड के महामहिम राजपाल जी के द्वारा शुभकामना संदेश प्राप्त हुआ,विवाह समारोह में मुख्य रूप से झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष आदरणीय श्री रविंद्र नाथ महतो, मंत्री श्रीमती बेबी देवी, मंत्री श्री मिथलेश ठाकुर, मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री श्री योगेंद्र महतो, मांडू विधायक श्री जे पी पटेल, टुंडी विधायक श्री मथुरा प्रसाद महतो, बेरमो के विधायक कुमार जयमंगल सिंह, बिहार, सरकार के पूर्व मंत्री अखलाक अहमद , गोपाल शर्मा, रणधीर वर्मा, ढोरी जीएम मनोज अग्रवाल, पीएम पाण्डे, देवी दास, प्रकाश सिंह, राजू महतो, विक्रम पाण्डे, सहित कई गणमान्य लोगों के अलावे कई अधिकारी गण उपस्थित होकर नव दंपति को बधाई दी।

## भवनाथपुर पुलिस निरीक्षक को दी गई विदाई

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार का तबादला विशेष शाखा रांची होने पर थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। भवनाथपुर थाना के पुलिस कर्मियों ने उन्हें अंग वस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने कहा कि इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार एक ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ और न्यायप्रिय पुलिस अधिकारी है। उन्होंने हमेशा पुलिसिंग के नियमों का पालन करते हुए शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार ने कहा कि सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मी के सहयोग से मैंने अपने छह माह के कार्यकाल में सफलतापूर्वक अपना थाना चलाया। भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि कृष्ण सर एक व्यक्तिगत और न्यायिक विचार के पुलिस निरीक्षक है। इस दौरान सभी अधिकारियों व पुलिस कर्मियों ने फूल माला पहनाकर शाल, बुके और उपहार देकर उन्हें विशेष शिखा रांची के लिए विदा किया। मौके पर खरौंधी थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया, केतार थाना प्रभारी कमलेश कुमार, एसआई कुंदन यादव, विजय शंकर राय, एसआई प्रभु मेहता सहित कई अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ हुआ माघी काली पूजा प्रारम्भ

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया मुख्य चौक स्थित 1008 काली मन्दिर में हर वर्ष की भाँति गत वर्ष भी गुरुवार को कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय माघी काली पूजा हुआ प्रारंभ ।इस अवसर पर मुख्य रूप से गोमिया विधायक लंबोदर महतो, जिप सदस्य सुरेन्द्र राज,पलिहारी मुखिया सपना कुमारी सहित मंदिर संचालन समिति के तमाम पदाधिकारी उपस्थित थे.कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर धुर्वा मोड़, गोमिया मोड़,थाना चौक, गोमिया बस्ती होते हुए भगत अहरा के तट पर पहुंची और वैदिक मंत्रोचारण के बीच कलश में जल भरकर मंदिर परिसर पहुंची और कलश की स्थापना किया गया।इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी संजय पांडे ने कहा की कलश यात्रा के उपरांत रात्रि दस बजे निशा पूजन एवं प्रातःतीन बजे से बलि प्रारंभ होगी।

# विधायक ने किया 6.64 करोड़ रुपए की लागत से दो पथ निर्माण का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शिलान्यास करते विधायक।

**मझिआंव।** स्थानीय विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी ने मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड में 6.64 करोड़ रुपये के दो पथ का शिलान्यास किया। इस दौरान मझिआंव प्रखंड के बोदरा गांव में 3.89 करोड़ रुपये की लागत राशि से बोदरा बोदरा से कोल्हुआ तक एवं बरडीहा प्रखंड में मझिगवां से बरछाबान्ध होते लावा चम्पा तक 2.75 करोड़ रुपये की लागत राशि से बनने वाले विशेष पथ मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया गया।

लावा चम्पा विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि हमारे कार्यकाल के पहले कहीं पर गाड़ी नही चलता था, लेकिन अब किसी गांव का कोई भी ऐसा गली नही है जहां पर पक्की सड़क नही है। उन्होंने कहा कि बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में बांकी से लेकर कोयल नदी सहित सभी छोटी बड़ी नदी नालों पर पुल पुलिया बनवाकर एवं बिजली बहाल कर लोगों को ढिबरी वाले युग से बाहर निकाला। विधायक ने घोषणा करते हुए कहा कि वे झूठ नहीं बोलेंगे चुनाव जीतते ही इमलिया टिकर से महुगाई तक एवं मझिगावा में सड़क निकलवाने का काम करेंगे, तथा बिछी में श्मसान घाट एवं सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य करायेंगे।

इधर कार्यक्रम के दौरान ही बरडीहा प्रखंड के लावा चम्पा गांव में विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी द्वारा पथ निर्माण कार्य के शिलान्यास के अवसर पर कुसुमियांदामर गांव के कांग्रेस पार्टी के आठ सदस्य भाजपा में शामिल हो गये तथा विधिवत भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने की घोषणा की। भाजपा में शामिल हुए फुजैल अंसारी, जाकिर अंसारी, सलीम अंसारी, गुलाम सरवर अंसारी, हसन अंसारी, कसमुदिन अंसारी, नसीम आलम अंसारी एवं गुलाम रब्बानी को माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर जिला प्रतिनिधि राजीव तिवारी, भोला चंद्रवंशी, सुदामा चैधरी, बरडीहा मंडल अध्यक्ष संजय यादव, मझिआंव मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, ग्रामीण अध्यक्ष उमाशंकर यादव, संजय कमलापुरी, संजय सिंह, राम सिंह, लक्ष्मण सिंह, मुखिया प्रतिनिधि इंदल सिंह, डॉ रघुनाथ सिंह, राजकुमार चैधरी, शुशील सिंह, देवकुमार राम, प्रमोद सिंह सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## गोमिया के पूर्व विधायक पूर्व सीएम हेमंत की पत्नी से मिली, भेंट की बुके



**बेरमो/ललपनिया।** गुरुवार को गोमिया क्षेत्र लोकप्रिय पूर्व विधायक बबीता देवी जी ने राजधानी रांची पहुंचीं। उन्होंने माननीय पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन जी से भेंट की। पूर्वविधायक महोदया ने कल्पना मैडम को बुके भेंट किया व शादी की 18वीं सालगिरह की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा यह अवसर खास है लेकिन आदरणीय हेमंत सोरेन जी की अनुपस्थिति जरूर खल रही है। माननीय पूर्व विधाय ने कहा कि साजिशों का ताना बाना बुनकर जिस तरह से केंद्र की सरकार के इशारे पर आदरणीय हेमंत सोरेन को कथित मामलों में परेशान किया जा रहा है, इसका झारखंड की जनता ने विपक्ष को मुंहतोड़ जवाब देगी। पूर्व विधायक महोदया जी ने कल्पना मैडम को दिलासा देते हुए कहाकि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत जी जल्द बाहर निकलेंगें। यह हमसभी का विश्वास और भरोसा है वे संघर्ष की आग में तपकर और निखरेंगे।

## पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश सिंह ने दिया योगदान



स्वागत करते लोग।

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश सिंह ने योगदान दिया। वर्तमान प्रभारी चिकित्सक डॉ रंजन दास ने दिनेश सिंह को बुके देकर स्वागत किया। दिनेश सिंह को भवनाथपुर में प्रभार मिलने से दो दो एमबीबीएस चिकित्सक मिलने से स्वास्थ व्यवस्था में मरीजों को इलाज में सहूलियत मिलेगी। साथ ही पूरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी भी काफी खुशी का इजहार किया। मौके पर प्रदीप पाठक, अरुण लकड़ा, विद्यानंद प्रजापति, सुनील पटेल, अनूप कुमार, धर्मजीत पासवान, अशोक कुमार, ब्रजेश चन्द्रवंशी, चंद्रशेखर यादव सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना एवं जिला गव्य विकास कार्यालय के विभिन्न योजनाओं के तहत चयनित लाभुकों की सूची के अनुमोदन को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक की। मौके पर डीडीसी कीर्तीश्री जी कल्याण पदाधिकारी मेनका विधायक प्रतिनिधि हेमंत शेखर विनोद कुमार गोमिया दुर्गा चरण महतो राम पुकार महतो समेत पशुपालन पदाधिकारी डा मनोज कुमार मणि समेत अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मी आदि उपस्थित थे। बैठक में डीसी श्री चौधरी ने योजना के तहत आवेदकों के चयन प्रक्रिया एवं राज्य स्तर से प्राप्त लक्ष्य के संबंध में एवं प्रखंड स्तरीय समिति से आवेदकों की प्राप्त अनुशंसा सूची की विस्तृत जानकारी ली। डा मनोज कुमार मणि ने विभिन्न योजनाओं के तहत जिले का कुल लक्ष्य तथा अनुमोदित लाभुकों का विस्तृत आंकड़ा प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने कमेटी के समक्ष विभिन्न योजनाओं के संबंध में 75 फीसद अनुदान 90 फीसद अनुदान के साथ प्रखंडों से प्राप्त आवेदकों की सूची को सर्व सहमति से अनुमोदित किया। बैठक में गव्य कार्यालय द्वारा संचालित योजनाओं को सर्व सहमति से अनुमोदित किया। उन्होंने सम्बद्ध पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

## अयोध्या से रामलला का दर्शन कर वापस बोकारो थर्मल पहुंचे भक्त श्रद्धालुओं का किया गया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** बोकारो थर्मल से रामभक्तों का पहला खेप अयोध्या से प्रभु श्रीराम जी का दर्शन कर बुधवार को रात्रि लगभग नौ बजे वापस बोकारो थर्मल पहुंचे, भक्तों को फूलमाला पहनाकर एवं ढोल बाजे के साथ स्वागत किया गया। आगे बताते चलें कि बीजेपी पार्टी ने प्रभु श्रीराम जी के दर्शन में सम्मिलित रामभक्तों को आस्था स्पेशल ट्रेन में खाने-पीने की सुविधा के साथ किया गया था। साथ ही रामभक्तों को इस दौरान रेलवे स्टेशन से पंचवटी आश्रम में रात्री विश्राम, सरयू जी में स्नान, रामजन्म भूमि में रामलला का दर्शन, हनुमान गढ़ी में श्री हनुमान जी का दर्शन व आश्रम में खाने-पीने की सारी सुविधा के साथ वापस दर्शननगर रेलवे स्टेशन आने की सारी बस सुविधा मौजुद थी। बीजेपी बोकारो जिला अध्यक्ष भरत यादव ने कहा कि बोकारो जिले के अलग-अलग प्रखंडों से आयें लगभग चौदह सौ श्रद्धालुओं का जत्था आस्था स्पेशल ट्रैन से अयोध्या रामलला का दर्शन बहुत ही शांतिपूर्ण रूप से किए हैं। साथ ही 26 फरवरी को भी दूसरी खेप बोकारो जिला से रामलला का दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा।

वही बोकारो थर्मल के रेलवे स्टेशन में अयोध्या से राम लला के दर्शन कर पहुंचे भक्तों को अशोक साव ने फूलमाल पहनाकर एवं समाज सेवी सीमा देवी ने ढोल-बाजे के साथ स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं का कहना है कि हम बहुत ही खुशनसीब और भाग्यवान थे जो इतनी सुख-सुविधा के साथ रामलला का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आज भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं यू पी मुख्यमंत्री योगीजी के सौजन्य से आज समस्त भारत देश व विदेश के रामभक्तों को रामलला दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रही है।

## ओरिएंटल कोचिंग सेंटर में विदाई समारोह का आयोजन



**गढ़वा।** प्रखंड के हरैया स्थित ओरिएंटल कोचिंग सेंटर में गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में दसवीं वर्ग के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए शिक्षक पवन कुमार गिरि ने बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने और परीक्षा में बेहतर अंक लाने की बात कही। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी कोचिंग का रिजल्ट शत प्रतिशत रहेगा। उन्होंने कोचिंग परिवार की तरफ से विधार्थियों को उपहार भी प्रदान किये। साथ ही कोचिंग के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर आयुष वर्मा, लव कुमार, राखी कुमारी, खुशी कुमारी, शिवम सिंह, साक्षी कुमारी, प्रिति कुमारी, राहुल कुमार, प्रीतम कुमार, रोहित कुमार समेत अन्य छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## विधायक भानु ने किया तीन योजनाओं का शिलान्यास



शिलान्यास करते विधायक।

**केतार।** विधायक भानु प्रताप शाही ने गुरुवार को केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर स्थित गोरेया बाबा का पूजा अर्चना के पश्चात कांडी मुख्य पथ से पंडा नदी तक पीसीसी पथ का भूमि पूजन, परसोडीह के बांसडीह कला में नल जल योजना का भूमि पूजन एवं ग्राम सिंहपुर में पंडा नदी पर पांच करोड़ के लागत से बनने वाले पुल का शिलान्यास स्थानीय बुजुर्ग के हाथों अपने उपस्थिति में नारियल तोड़कर किया। सिंहपुर बस्ती में विधायक ने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने मुकुंदपुर पंचायत के किसी गांव में विकास नहीं किया बल्कि सिर्फ यहां के लोगों का वोट लेकर लूटने का कार्य किया। सिंहपुर गांव आने जाने का कोई रास्ता नहीं था, तो मेरे द्वारा राजघाटी से लेकर सिंहपुर बस्ती होते हुए ताली तक कालीकरण सड़क बनवाने का कार्य किया गया। साथ ही क्षेत्र के किसानों को बिजली, पीने के लिए स्वच्छ पानी भी उपलब्ध कराने का कार्य किया। जबकि इस गांव के पंडा नदी पर पुल नहीं होने के कारण बरसात के समय इस गांव के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि मेरे रहते इस क्षेत्र की जनता को मूलभूत समस्याओं से कभी जूझना नहीं पड़ेगा।

## दुघर्टना का मुख्य केंद्र बिंदु पेड़ को काट कर हटाया गया

**बेरमो।** बृहस्पतिवार को बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह के अनुसंशा पर बोकारो उपायुक्त के पहल से जरीडीह प्रखंड अंतर्गत खुटरी पंचायत स्तिथ ठाकुरटाँड़ रोड किनारे पेड़ को काट कर हटाया गया, आये दिन यहाँ इस पेड़ के वजह से काफी सड़क दुर्घटना होती थी। जिससे लोगों को अब निजात मिला।

## सीएमपीएफ घोटाला को लेकर सीसीएल सीकेएस की बैठक सम्पन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** बृहस्पतिवार को भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी द्वारा कोयला कर्मचारियों के सीएमपीएफ में हुए घोटाले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर सीसीएल सीकेएस ढोरी द्वारा आज बैठक की गई बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप तथा संचालन क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह के द्वारा किया गया बैठक में मुख्य रूप से सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र कुमार मिश्रा उपस्थित रहे वहीं मिश्रा ने कहा कि अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार सीसीएल सीकेएस आगामी 12 फरवरी तथा 15 फरवरी 2024 को सीएमपीएफ हुए 7.27 करोड़ के घोटाले को सीबीआई जांच की मांग को लेकर सीसीएल सीकेएस ढोरी द्वारा सैकड़ों के तादाद में कार्यकर्ता एक दिवसीय धरना प्रदर्शन तथा आंदोलन में भाग लेंगे और रांची तथा धनबाद जाएंगे इससे पुर्व 11 जनवरी 2024 को संगठन द्वारा महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर प्रबंधन के माध्यम से भारत सरकार कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी एवं कोयला सचिव अमृतलाल मीणा भारत सरकार को ज्ञापन सौंपने का कार्य भारतीय मजदूर संघ ढोरी क्षेत्र के द्वारा किया गया था रवींद्र कुमार मिश्रा ने कहा की 12 फरवरी तथा 15 फरवरी को पुरे देश मे भारतीय मजदूर संघ द्वारा कोल इंडिया स्तर पर सीएमपीएफ में हुए घोटाला की सीबीआई जांच की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन तथा आंदोलन की जाएगी क्योंकि हमारे कोल उद्योग प्रभारी के० लक्ष्मा रेड्डी तथा अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के महामंत्री सुधीर घुरडे ने भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले सरकार से आर-पार की लड़ाई लड़ने की ठानी है अभी हाल में ही भारतवर्ष के सांसदों को सीएमपीएफ घोटाले में सीबीआई जांच को लेकर ज्ञापन सौंपने का कार्य भारतीय मजदूर संघ की ओर से किया गया था और हमलोग भी सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को 26 दिसंबर 2023 को मांग पत्र सौंपने का कार्य संगठन द्वारा किये थे क्योंकि कोयला कर्मियों की मेहनत की कमाई 1.5 लाख करोड रुपये का भविष्य निधि और पेंशन फंड धनबाद स्थित सीएमपीएफ द्वारा घोटाला किया गया है साथ ही दीवान हाउसिंग लिमिटेड कंपनी में 7.27 करोड़ बिना सोचे समझे इन्वेस्टमेंट किया गया उसी पैसा की वापसी की लड़ाई भारतीय मजदूर संघ लड़ रही है और हमारा संगठन का मांग है कि जल्द ही उसे पैसे की वसूली कर सीएमपीएफ में जमा कराया जाए और दोषियों को दंडित किया जाए हमारा संगठन ऐसा मानता है कि सीएमपीएफ भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है और सीएमपीएफ घोटाले की जांच सीबीआई द्वारा कराया जाए। वही क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह ने कहा की आज की बैठक सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ढोरी क्षेत्र के सभी परियोजना से रांची तथा धनबाद हमारे कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में उक्त आंदोलन में भाग लेंगे ताकी हम सभी कोयला कर्मियों की मेहनत से कमाई जो घोटाला हुई है उपरोक्त राशी वापस हमलोग अपने कामगारों को वापस दिला सके। उक्त मौके पर नुनुचंद महतो, हीरालाल रविदास, अजय सिंह, फुली गोप, बुधन प्रसाद नोनिया, प्रमोद कुमार शर्मा, बिरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, राजेश पासवान, सुबीर मुखर्जी, भुनेश्वर, मिथलेश चौहान, शरद कुमार, कोमल, गणेश, प्रेमलता देवी, आदि उपस्थित रहे।

## पेज 3 का शेष

### श्वेत पत्र : घोटाला, महंगाई, बैंकिंग...

**बैंकिंग क्राइसिस यूपीए की देन :** श्वेत पत्र में कहा गया कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में बैंकिंग क्राइसिस खड़ा हो गया। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार जब सत्ता से हटी तो ग्रॉस एनपीए 7.8 फीसदी थी दो सितंबर 2013 तक बढ़कर 12.3 फीसदी पर जा पहुंची थी। सरकारी बैंकों से दिये जाने वाले लोन में राजनीतिक हस्तक्षेप बढ़ गया था। खराब पॉलिसी प्लानिंग के चलते कई सामाजिक कल्याण के स्कीमों में आवंटित पैसा खर्च नहीं किया जा सका था। सीएजी रिपोर्ट के मुताबिक 1.76 लाख करोड़ का 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन घोटाला, कोयला घोटाला और कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाले से भारत की छवि को धक्का लगा था। साल 2009 और 2014 के बीच मुद्रा स्फीति बढ़ी और कैसे इसका नुकसान आम आदमी को उठाना पड़ा। उच्च राजकोषीय घाटे ने आम और गरीब परिवार पर संकट का ढेर लगा दिया। **10 सालों में 15 घोटाले, ममता-लालू पर भी निशाना :** यूपीए सरकार के 10 सालों में 15 घोटालों का आरोप लगाया गया है। श्वेत पत्र में नौकरी के बदले जमीन घोटाले को भी शामिल किया गया है, जिसमें लालू यादव और उनके परिवार के खिलाफ जांच चल रही है। श्वेत पत्र में शारदा चिटफंड स्कैम, राष्ट्रमंडल खेल घोटाला, एयरसेल-मैक्सिस और आईएनएक्स मीडिया केस का भी जिक्र किया गया है। गुरुग्राम और पंचकूला में लैंड डील, एंट्रीक्स देवास डील जैसे घोटालों का भी इस श्वेत पत्र में विस्तार से जिक्र है। श्वेत पत्र में आदर्श हाउसिंग सोसायटी घोटाला और अगस्ता वेस्टलैंड चॉपर डील का भी जिक्र हुआ है।

### कंपनियां रुचि नहीं ले रही...

**बालू आसानी व उचित दाम में मिले :** मुख्यमंत्री ने बालू घाट नीलामी की भी जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को बालू आसानी और उचित कीमत पर प्राप्त हो सके। इसके लिए विभाग निरंतर मॉनिटरिंग करे। बालूघाट के टेंडर प्रक्रिया में कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो उसका निराकरण जल्द कर लें। बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, खनन विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी, उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, निदेशक शशि रंजन सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कांग्रेस सांसद से पूछताछ...

इसी मामले में बुधवार को कोलकाता में भी दो ठिकानों पर तलाशी ली गयी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 6 दिसंबर 2023 में इनकम टैक्स विभाग ने कांग्रेस नेता व सासंद धीरज साहू के झारखंड के रांची स्थित आवास सहित ओड़िशा और पश्चिम बंगाल के नौ ठिकानों पर रेड की थी। आईटी ने रेड में 351 करोड़ रुपये कैश और बेहिसाब अकूत संपत्ति को जब्त की गयी थी। 10 दिनों तक चली इस छापेमारी में 40 नोट गिनने की मशीनो का इस्तेमाल हुआ था।

### राहत : रेपो रेट यथावत...

उन्होंने कहा कि भारतीय रुपये मजबूत अमेरिकी डॉलर और ऊंचे अमेरिकी ट्रेजरी पैदावार के बावजूद इसकी हालिया स्थिरता भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत और स्थिरता को दर्शाती है। उनका कहना है कि 2024 में रुपये में सबसे कम अस्थिरता देखी गयी। उन्होंने कहा कि अनिश्चितताओं के बीच, मौद्रिक नीति को सतर्क रहना होगा और डिफ्लेशन के अंतिम पड़ाव को पार करना होगा। **खाद्य कीमतों पर निगरानी :** आरबीआइ गवर्नर ने कहा कि एमपीसी खाद्य कीमतों के दबाव के सामान्यीकरण की सावधानीपूर्वक निगरानी करेगी। एमपीसी खाद्य मूल्य दबावों के सामान्यीकरण की सावधानीपूर्वक निगरानी करेगी जो मुख्य मुद्रास्फीति में कमी के लाभ को बर्बाद कर सकती है। मुद्रास्फीति को टिकाऊ आधार पर 4 फीसदी के लक्ष्य पर लाने के लिए मौद्रिक नीति को सक्रिय रूप से डिफ्लेनेशरी बने रहना चाहिए। एमपीसी इस प्रतिबद्धता पर दृढ़ रहेगी। भारत सरकार राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर चल रही है। उनकी टिप्पणी वित्त मंत्री द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 5.1 फीसदी राजकोषीय घाटे का लक्ष्य निर्धारित करने के कुछ दिनों बाद आयी है। वैश्विक वित्तीय बाजार अस्थिर हैं क्योंकि बाजार सहभागी प्रमुख केंद्रीय बैंकों द्वारा दर में कटौती के समय पर अपनी अपेक्षाओं को समायोजित करते हैं।

### हिंदी बेल्ट के दस राज्यों से...

**झारखंड में सीटें वहीं वोट शेयर में इजाफा :** सर्वे के मुताबिक झारखंड में एनडीए 2024 लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। हालांकि, 2019 में हुए लोकसभा चुनावों में भी एनडीए को 12 सीटें मिली थीं। सर्वे के मुताबिक, इस बार उसकी सीटों में कोई बदलाव होता हुआ नहीं दिख रहा है, लेकिन वोट शेयर बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। ताजा सर्वे में झारखंड में एनडीए को 14 में से 12 सीटें मिलने की भविष्यवाणी की गयी है। सर्वे के अनुसार, एनडीए के वोट शेयर में भी बढ़त मिल सकती है। झारखंड की 14 लोकसभा सीटों को लेकर भी सर्वे सामने आया है। इंडिया टुडे और सीवोटर द्वारा किए गए सर्वे के मुताबिक झारखंड में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को 14 में से 12 सीटों पर जीत मिल सकती है। वहीं इंडिया गठबंधन को इन चुनावों में 2 सीटें मिल सकती हैं। सर्वे के मुताबिक झारखंड में एनडीए 2024 लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। सर्वे के अनुसार, 2024 लोकसभा चुनाव में एनडीए को 56 प्रतिशत वोट शेयर मिल सकता है। गठबंधन को वोट शेयर में नुकसान होता हुआ दिखाई दे रहा है। इसके अलावा दूसरी पार्टियों को 14 प्रतिशत वोट मिल सकता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस के साथ दूसरी पार्टियों ने मिलकर गठबंधन सरकार चल रही है। **राम मंदिर का असर :** सर्वे के मुताबिक राम मंदिर वाले राज्य उत्तर प्रदेश में भाजपा एक बार फिर से जलवा दिखा सकती है। यहां उसका वोट शेयर भी 50 फीसदी के करीब रहेगा और करीब 70 सीटें अकेले ही पा सकती है। वहीं उसकी सहयोगी 'अपना दल' को भी 2 सीट मिलने का अनुमान है। सपा के खाते में महज 7 और कांग्रेस को 2 सीटें मिल सकती हैं। **बिहार में एनडीए को फायदा :** वहीं टाइम्स नाउ चैनल के सर्वे में बिहार में नीतीश कुमार के पालाबदल से एनडीए को बड़ा फायदा मिलेगा, लेकिन 2019 से आंकड़ा थोड़ा कम रहेगा। सर्वे में अनुमान जताया गया है कि एनडीए को बिहार में 35 सीटें मिल जाएंगी। वहीं राजद, कांग्रेस और वामदलों के गठजोड़ को 5 सीटें ही मिलेंगी। राज्य में कुल 40 लोकसभा सीटें हैं। गुजरात, महाराष्ट्र में भी भाजपा की अच्छी स्थिति है। गुजरात में 2019 में भी उसने क्लीन स्वीप किया था और यहां कांग्रेस पहले से भी कमजोर दिख रही है।

# देश की समृद्धि के लिए काला टीका जरूरी

## राज्यसभा में विदाई समारोह में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के ब्लैक पेपर का किया स्वागत, कहा- बच्चों को बुरी नजर से बचाने को लगाया जाता है काला टीका

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को देश के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरक उदाहरण बताया और कहा कि जब भी लोकतंत्र की चर्चा होगी तो उनके योगदान को याद किया जाएगा। राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों की विदाई के अवसर पर उच्च सदन को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस की ओर से केंद्र सरकार के खिलाफ ब्लैक पेपर जारी किए जाने का स्वागत भी किया और विपक्षी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश की समृद्धि को नजर ना लगे, इसके लिए काला टीका बहुत जरूरी होता है।

मोदी ने इस अवसर पर कांग्रेस की ओर से केंद्र सरकार के खिलाफ ब्लैक पेपर जारी किए जाने का स्वागत किया और विपक्षी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश की समृद्धि को नजर ना लगे, इसके लिए काला टीका बहुत जरूरी होता है। प्रधानमंत्री ने शारीरिक अस्वस्थता के बावजूद सदन की

### डॉ. मनमोहन सिंह ने 1991 से 1996 तक वित्त मंत्री के रूप में काम किया, स्वतंत्र भारत के आर्थिक इतिहास में एक निर्णायक समय था : मोदी

कार्यवाही में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मनमोहन सिंह की सराहना की और उनके दीर्घायु होने की भी कामना की। मनमोहन सिंह सहित उच्च सदन के 68 सदस्य फरवरी से मई महीने के बीच सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वह उच्च सदन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं विशेष रूप से मनमोहन सिंह जी का स्मरण करना चाहूंगा। छह बार इस सदन में वो अपने मूल्यवान विचारों से और नेता के रूप में भी और प्रतिपक्ष में भी नेता के रूप में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। मोदी ने कहा कि वैचारिक मतभेदों के कारण कभी बहस के दौरान छींटाकशी हो जाती है लेकिन वह बहुत अल्पकालीन होता है। उन्होंने कहा कि लेकिन इतने लंबे अरसे तक जिस प्रकार से उन्होंने इस सदन का मार्गदर्शन किया है, देश



का मार्गदर्शन किया है, वो हमेशा-हमेशा जब भी हमारे लोकतंत्र की चर्चा होगी... कुछ सदस्यों की जो चर्चा होगी, उसमें डॉ. मनमोहन सिंह की योगदान की चर्चा जरूर होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो भी सदस्य इस सदन में आता है, वह चाहे किसी भी दल का क्यों न हो, अपने कार्यकाल के दौरान वह अपनी प्रतिभा और व्यवहार के दर्शन जरूर कराता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सदस्यों के कार्यकाल से मार्गदर्शक के रूप में सीखने का प्रयास होना चाहिए। सदन और विभिन्न समितियों में मतदान के अवसर पर मनमोहन सिंह की भागीदारी को याद करते हुए मोदी ने कहा कि वह इन अवसरों पर भी व्हीलचेयर पर आए और लोकतंत्र के प्रति भागीदारी सुनिश्चित की। ऐसी ही एक घटना को याद करते हुए उन्होंने कहा कि सभी को पता था कि विजय सत्ताधारी पक्ष की होने वाली है लेकिन डॉक्टर मनमोहन सिंह जी व्हीलचेयर में आए और उन्होंने मतदान किया। उन्होंने कहा कि एक सांसद अपने दायित्व के लिए कितना सजग है, इसका वो उदाहरण थे। वो प्रेरक उदाहरण था। इतना ही नहीं मैं देख रहा था कभी समिति या समिति के सदस्यों चुनाव हुए, वह व्हीलचेयर पर वोट देने आए। उन्होंने कहा कि सवाल ये नहीं है कि वह किसको ताकत देने के लिए आए थे... मैं मानता हूं वो लोकतंत्र को ताकत देने आए थे। उन्होंने मनमोहन सिंह के दीर्घायु होने की कामना की और कहा कि वह निरंतर हमारा मार्गदर्शन करते रहें और हमें प्रेरणा देते रहें। मनमोहन सिंह देश के चौदहवें प्रधानमंत्री थे। वर्ष 2004 से 2014 तक वह देश के प्रधानमंत्री रहे। मनमोहन सिंह ने 1991 से 1996 तक भारत के वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया जो स्वतंत्र भारत के आर्थिक इतिहास में एक निर्णायक समय था।

### 10 साल में नए-नए शिखर पर पहुंच रहा है भारत, टीका लगाने का हुआ प्रयास

प्रधानमंत्री ने विरोध के तौर पर सदन में विपक्षी सदस्यों द्वारा पहने जाने वाले काले कपड़ों का भी जिक्र किया और कहा कि हमने राज्यसभा में फैशन परेड भी देखी जिसमें कुछ सदस्य काले कपड़ों में आए। बच्चों को बुरी नजर से बचाने के लिए परिवार के सदस्यों की ओर से अक्सर उसे काला टीका लगाए जाने के प्रचलन का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि आज देश पिछले 10 साल में समृद्धि के नए-नए शिखर पर पहुंच रहा है। एक भव्य-दिव्य वातावरण बना है, उसको नजर न लग जाए... इसलिए काला टीका करने (लगाने) का एक प्रयास हुआ है। उन्होंने कहा कि लेकिन मैं उसका भी स्वागत करता हूं। क्योंकि जब भी अच्छी बात होती है, नजर न लग जाए, इसलिए काला टीका बहुत जरूरी होता है। और उस पवित्र काम को और आपकी (खड़गे) उम्र के व्यक्ति से हो तो जरा अच्छा रहता है। तो मैं इसके लिए भी आपका आभार व्यक्त करता हूं।

# जन्म से ओबीसी नहीं है मोदी : राहुल गांधी

एजेंसी



**झारसुगुड़ा (ओडिशा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जाति को लेकर सवाल उठाया और तीखे अंदाज में देश की जनता को बताया कि श्री मोदी ओबीसी नहीं हैं। श्री गांधी ने कहा कि श्री मोदी जाति से ओबीसी नहीं हैं बल्कि भाजपा की गुजरात इकाई ने उन्हें ओबीसी बनाया है इसलिए वह पिछड़ों के हितों के काम नहीं कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सच सुनो। मोदी जन्म से ओबीसी नहीं हैं, उन्हें ओबीसी गुजरात की भाजपा सरकार ने बनाया है। वह कभी पिछड़ों के हक और हिस्सेदारी के साथ न्याय नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि जातिगत गिनती कांग्रेस ही करके दिखाएगी।

### पिछड़ी जाति के खिलाफ रहा है गांधी परिवार : मालवीय

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए गांधी परिवार को पिछड़ी जाति का विरोधी बताया है। पार्टी ने राहुल के उस बयान को झूठा बताया, जिसमें उन्होंने कहा था कि गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जाति को ओबीसी के रूप में अधिसूचित किया था। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि मोदी की जाति को गुजरात का मुख्यमंत्री बनने से पूरे 2 साल पहले 27 अक्टूबर, 1999 को ओबीसी के रूप में अधिसूचित किया गया था। मालवीय ने गजट नोटिफिकेशन की कॉपी को भी पोस्ट करते हुए कहा कि जवाहरलाल नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक पूरा गांधी परिवार ओबीसी के खिलाफ रहा है।

## आज होगा चांद का सुपर न्यू मून

**भोपाल।** खगोलविज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए माघ कृष्ण अमावस्या पर शुक्रवार शाम आसमान में रोमांचक घटना होने जा रही है। इस दौरान अमावस्या का चांद सुपर न्यू मून होगा। इस दौरान चंद्रमा पृथ्वी के सबसे करीब होगा, लेकिन वह दिखाई नहीं देगा। सुपर न्यू मून नाम आते ही हमारे मन में कल्पना होती है कि चंद्रमा अन्य दिनों के मुकाबले बड़ा और चमकदार दिखाई देगा, लेकिन अगर कहा जाए कि शुक्रवार को सुपर न्यू मून है और वह दिखेगा नहीं तो यह अनेक लोगों के लिए नई बात हो सकती है। यह बात नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने गुरुवार को कही। सारिका ने बताया कि शुक्रवार शाम आसमान में सुपर न्यूमून की घटना होने जा रही है। इसमें चंद्रमा पृथ्वी के पास आकर मात्र तीन लाख 58 हजार 304 किलोमीटर दूरी पर होगा, लेकिन अमावस्या की स्थिति होने के कारण यह दिनभर चमकदार सूर्य के साथ रहेगा।

# भारत ब्रांड खाद्य पदार्थों की बिक्री से महंगाई में आयी कमी : सीतारमण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि सरकारी पूंजी निवेश से न:न सिर्फ अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है बल्कि रोजगार भी सृजित हो रहा है और भारत ब्रांड के तहत खाद्य पदार्थों की बिक्री किये जाने से महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिली है। वित्त मंत्री ने विनियोग लेखानुदान विधयेक 2024, विनियोग विधेयक 2024, जम्मू-कश्मीर विनियोग संख्याक 2 विधेयक 2024 और जम्मू कश्मीर विनियोग विधेयक 2024 तथा वित्त विधेयक 2024 पर एक साथ हुयी चर्चा का जबाव देते हुये कहा कि सरकारी पूंजी निवेश में बढ़ोतरी की गयी है। किसी भी बड़ी परियोजना की राशि में कमी नहीं की गयी है बल्कि हर योजना में वृद्धि की गयी है। राज्यसभा ने इन विधेयकों को

### आटा, चावल, दाल और प्याज की हो रही है बिक्री : वित्त मंत्री



एक एक कर ध्वनिमत से पारित करके लोकसभा को लौटा दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि आवास, जनजाति कल्याण, महिला एवं बाल विकास जैसे विभागों के आवंटन में कमी नहीं बल्कि बढ़ोतरी की गयी है। पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम आवास ग्रामीण और शहरी के लिए आवंटन में वृद्धि की गयी है। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना के तहत अब तीन करोड़ महिलाओं को लाने की बात कही गयी है और इससे उन स्व सहायता समूहों को बहुत बल मिल रहा है जो अपने उत्पाद बनाकर बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल में वर्षों में सरकार द्वारा किये गये पूंजी निवेश से रोजगार सृजित होने के कारण अब ग्रामीण बेरोजगारी दर में कमी आयी है। वर्ष 2017-18 में यह दर 5.3 प्रतिशत थी जो 2021-22 में कम होकर 2.8 प्रतिशत पर आ गयी। श्रमबल में महिला कामगारों की भागीदारी भी बढ़ी और यह अब बढ़कर 37 प्रतिशत हो गया है।सीतारमण ने कहा कि भारत ब्रांड के तहत आटा, चावल, दाल और प्याज की अभी बिक्री की जा रही है। इसके तहत आटा 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम, दाल 60 रुपये किलोग्राम, चावल 29 रुपये प्रति किलोग्राम और प्याज 25 रुपये प्रति किलो की दर से बिक्री की जा रही है। उन्होंने कहा कि दालों का आयात किया जा रहा है और अभी यह निशुल्क है।

# भारत और फ्रांस के बीच समुद्री सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना और फ्रांसीसी नौसेना के बीच 17वीं स्टाफ वार्ता 6-7 फरवरी को नई दिल्ली में हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारतीय नौसेना स्टाफ के सहायक प्रमुख (विदेशी सहयोग और खुफिया) रियल एडमिरल निर्भय बापना और फ्रांसीसी नौसेना के निदेशक इंटरनेशनल एंगेजमेंट्स रियल एडमिरल जीन मार्क दुरंडौ ने की। इस वार्ता में दोनों पक्षों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। प्रमुख वार्ताओं में परिचालन, प्रशिक्षण, एसएमई आदान-प्रदान आदि शामिल रहे। दोनों पक्षों ने दोनों नौसेनाओं के बीच बढ़ते सहयोग



को भी स्वीकार किया और समुद्री क्षेत्र में सहयोग और अंतरसंचालनीयता बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की। रियल एडमिरल जीन मार्क दुरंडौ ने 7 फरवरी को नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख वाइस एडमिरल तरुण सोबती से मुलाकात की और दोनों नौसेनाओं के बीच उच्च स्तर के समन्वय और अंतरसंचालनीयता पर जोर दिया। उन्होंने समुद्री सुरक्षा पर काम करने वाले सूचना संलयन केंद्र-हिंद महासागर क्षेत्र का 6 फरवरी को दौरा किया।

## उपग्रह इनसैट-3 डीएस 17 फरवरी को होगा लांच

**नयी दिल्ली।** मौसम संबंधी उपग्रह इनसैट-3 डीएस को जीएसएलवी एफ14 पर श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 17 फरवरी को लॉन्च किया जाएगा। गुरुवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि मौसम संबंधी उपग्रह इनसैट-3डीएस मिशन का प्रक्षेपण 17 फरवरी को साढ़े पांच बजे निर्धारित है। इस उपग्रह को श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया जाएगा। इसरो के मुताबिक उपग्रह को मौसम संबंधी पूर्वानुमान और आपदा चेतावनी के लिए उन्नत मौसम संबंधी अवलोकन और भूमि- महासागर सतहों की निगरानी के लिए डिजाइन किया गया है।

# पवन सिंह की फिल्म जियो मेरी जान का मोशन पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह की आने वाली फिल्म जियो मेरी जान का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। जेपी स्टार पिक्चर्स प्रस्तुत फिल्म जियो मेरी जान के मोशन पोस्टर को जेपी स्टार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज भी किया गया है।मोशन पोस्टर के अंत में पवन सिंह का लुक भी आउट होता है, जिसमें उनके चेहरे पर कट्स और माथे पर खून लगा हुआ नजर आ रहा है। मोशन पोस्टर जारी होने के बाद फिल्म को लेकर पवन सिंह ने कहा कि यह फिल्म बेहद धमाकेदार होने वाली है। हमने इस फिल्म में शानदार काम किया है, लेकिन अंतिम फैसला दर्शकों का



होगा। फिर भी हम इस बात का दावा करते हैं कि इस फिल्म में जो एक्शन देखने को मिलेगा। वह अब तक किसी भी भोजपुरी फिल्म में देखने को नहीं मिला है फिल्म में मेरा किरदार दर्शकों को बेहद पसंद आएगा।

# नवाज होंगे पाकिस्तान के वजीर-ए-आजम

## विदेशी मीडिया का आकलन : चौथी बार देश की बागडोर संभालेंगे पूर्व पीएम नवाज शरीफ

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मीडिया आउटलेट्स और थिंक टैंक्स ने अनुमान जताया है कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) सुप्रीमो एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ 2024 के आम चुनाव में चौथी बार देश की बागडोर संभालेंगे। श्री शरीफ के फिर से पाकिस्तान के वजीर-ए-आजम बनने का आकलन करने वाले विदेशी मीडिया आउटलेट्स में वाशिंगटन पोस्ट , ब्लूमबर्ग , सीएनएन , एपी , स्पूतनिक और टेलीग्राफ शामिल हैं। वाशिंगटन पोस्ट लिखता है कि यह आश्चर्य की बात होगी कि गुरुवार को जब पाकिस्तानी आम चुनाव में हिस्सा लेंगे तो नवाज शरीफ सत्ता में नहीं आ सकेंगे। चौथी बार सत्ता में आने के बाद उनके पास उन आरोपों से



खुद को मुक्त करने का मौका होगा जिनके कारण उन्हें 2017 में प्रधानमंत्री पद खोना पड़ा था। प्रधानमंत्री होने के नाते नवाज शरीफ को पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान के अस्थिर समर्थकों का सामना करना पड़ेगा।

अमेरिकी टेलीविजन ब्लूमबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि पिछले हफ्ते कराची में पाकिस्तान के व्यापारिक अभिजात वर्ग की सभा में शामिल कई लोगों ने त्रिशंकु

### प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बिलावल भुट्टो जरदारी से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा

संसद और फिर कमजोर गठबंधन सरकार की भविष्यवाणी की थी , हालांकि ज्यादातर लोगों को उम्मीद है कि इसका नेतृत्व शरीफ या उनके भाई पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ करेंगे।सीएनएन का कहना है कि इमरान खान के लंबे समय से दुश्मन रहे नवाज शरीफ ही प्रचार में स्पष्ट रूप से सबसे आगे हैं। अनुभवी शरीफ को हालांकि पहली बार प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बिलावल भुट्टो जरदारी से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जो दिवंगत पूर्व नेता बेनजीर भुट्टो के बेटे हैं। एसोसिएटेड प्रेस ( एपी) ने रिपोर्ट में कहा है कि पिछले अक्टूबर में स्वदेश लौटने के बाद अदालतों द्वारा शरीफ की दोषसिद्धि और जेल की सजा को पलटने के बाद उनके पास चौथे कार्यकाल के लिए स्पष्ट रास्ता है। अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी श्री खान के अब जेल में होने के कारण 2018 के उस चुनाव परिणाम को पलटने का मंच तैयार दिखाई दे रहा है, जब श्री शरीफ कानूनी मामलों से जूझ रहे थे और श्री खान प्रधानमंत्री बने थे। स्पूतनिक ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि चुनाव के बाद नये नेता को देश के सबसे खराब आर्थिक संकटों में से एक और बढ़ती आतंकवाद की समस्या से निपटना होगा। ये घरेलू मुद्दे पाकिस्तान की विदेश नीति, विशेषकर उसके पड़ोसियों व अंतरराष्ट्रीय आर्थिक भागीदारों के साथ संबंधों को प्रभावित कर सकते हैं। टेलीग्राफ लिखता है कि पूर्व प्रधानमंत्री करीबी लड़ाई के बजाय ताजपोशी की उम्मीद करते दिख रहे हैं क्योंकि उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी इमरान खान आपराधिक दोषसिद्धि के मामलों से जूझ रहे हैं। अमेरिकी थिंक टैंक ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूट का कहना है कि भविष्यवाणी यही है कि नवाज शरीफ और उनके पीएमएलएन के सत्ता जीतने की संभावना है। ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन में विदेश नीति फेलो मदीहा अफजल के अनुसार अगर शरीफ प्रधानमंत्री के रूप में लौटते हैं, तो उन्हें दो चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा जिसमें पहला और प्रमुख पहला पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं, विशेषकर बढ़ती मुद्रास्फीति का प्रबंधन करना है।

## सेंसेक्स और निफ्टी एक फीसदी लुढ़का

**मुंबई।** आरबीआई के नीतिगत दरों को लगातार छठी बार यथावत रखने के फैसले से निराश निवेशकों की चौतरफा बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स और निफ्टी लगभग एक फीसदी तक लुढ़क गए। सेंसेक्स 723.57 अंक का गोता लगाकर 71,428.43 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 212.55 अंक की गिरावट लेकर 21,717.95 अंक रह गया। हालांकि बीएसई का मिडकैप 0.08 प्रतिशत की बढ़त लेकर 39,895.42 अंक हो गया जबकि स्मॉलकैप 0.44 प्रतिशत लुढ़ककर 46,279.83 अंक पर आ गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3945 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2204 में बिकवाली जबकि 1636 में लिवाली हुई वहीं 105 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## एक नजर में

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान विस्फोट में दो सुरक्षा कर्मियों की मौत और आठ घायल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में गुरुवार को हुए विस्फोट में दो सुरक्षा कर्मियों की जान चली गयी और अन्य आठ घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रांत के खारन जिले के लिज्जय इलाके के पास अर्धसैनिक बलों के एक वाहन पर निशाना बनाकर हमला किया गया। वाहन में सवार जवान आम चुनावों के लिए जिले के एक मतदान केंद्र की सुरक्षा में तैनाती के लिए जा रहे थे। हमले के बाद बचाव दल, पुलिस और सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। स्थानीय पुलिस ने कहा कि सड़क किनारे शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण लगाया गया था जिसे रिमोट कंट्रोल से विस्फोट गया था। इस हमले की किसी भी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

### पख्तूनख्वा में पुलिस वाहन पर हमला, पांच मरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए गुरुवार को हो रहे मतदान के बीच उत्तर पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में पुलिसकर्मियों के वाहन पर हुए हमले में पांच कर्मियों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये। प्रांत के आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10 :55 बजे हुई, जहां पुलिस का वाहन एक शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण से टकरा गया। सूत्रों ने बताया कि विस्फोट के बाद पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी भी की गयी।

### रूस का यूक्रेन पर हमला, तीन की मौत

कीव। रूस ने बुधवार सुबह अपनी मिसाइल और ड्रोन हमलों से पूरे यूक्रेन को थर्रा दिया। पूरे यूक्रेन में रूस क्रूज, बैलिस्टिक मिसाइलों और शहीद ड्रोन से हमला किया। इसमें कम से कम तीन नागरिकों की मौत हो गई और एक गर्भवती महिला सहित 10 अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, हमलों में राजधानी कीव सहित कम से कम तीन प्रमुख शहरों को निशाना बनाया गया, जहां यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक जोसेप बोरेल यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता और वित्तीय सहायता पर चर्चा कर रहे थे। यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने दावा किया कि उन्होंने बुधवार सुबह के हमले में लॉन्च किए गए 64 में से 44 ड्रोन और मिसाइलों को रोक दिया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि कीव में दो लोगों की जान ले ली। क्षेत्रीय गवर्नर विटाली किम ने कहा कि हमले में दक्षिणी यूक्रेन के शहर मायकोलाइव में एक व्यक्ति की भी मौत हो गई, जहां लगभग 20 आवासीय इमारतें और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा कीव में 13 लोग घायल हुए हैं। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि पूर्वोत्तर यूक्रेन के खार्कीव में एस-300 मिसाइल हमले में 52 वर्षीय महिला मामूली रूप से घायल हो गई।

### फिलीपींस में भूस्खलन से सात की मौत

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपींस प्रांत में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में दो बस सहित उसमें सवार 38 लोगों के दबने से सात लोगों की मौत हो गयी। यह जानकारी डॉन समाचारपत्र ने आपदा अधिकारियों के हवाले से दी। खनन ऑपरेटर एपेक्स माइनिंग ने एक आज एक बयान में कहा कि भूस्खलन मंगलवार रात दावाओ डी ओरो प्रांत के मैको शहर में एक सोने की खदान के बाहर हुआ, जहां बसें में कर्मचारी थे।

### दिल्ली में पुलिस सब-इंस्पेक्टर रिश्वत लेते धराया

**नयी दिल्ली।** सीबीआइ ने गुरुवार को दिल्ली पुलिस के एक सब-इंस्पेक्टर विजय कुमार भाटिया को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपित एक मामले में जांच अधिकारी था और शिकायतकर्ता से उसके और अन्य लोगों के खिलाफ मामले को कमजोर करने और उसकी नौकरानी व गार्ड को गिरफ्तार न करने के लिए 50 हजार रुपये की मांग की गई थी। शिकायतकर्ता से रिश्वत मांगने के आरोप में दिल्ली पुलिस के इस उप-निरीक्षक के खिलाफ जामिया नगर पुलिस स्टेशन, दिल्ली में एक मामला दर्ज किया गया था। इसी क्रम में सीबीआई ने जाल बिछाया और 45 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।









# देश से बाहर पढ़ने का बढ़ता क्रेज



प्रशांत झा

पिछले कुछ समय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेश जाने वाले भारतीय छात्रों की कुल संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। भारतीय छात्रों के लिए विदेश में सबसे लोकप्रिय स्टडी प्लेस अमरीका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप और सिंगापुर है। यदि आप विदेश से उच्च शिक्षा लेना चाहते हैं तो इन प्लेटफॉर्म्स की मदद ले सकते हैं-



## ईयूगेटवे

ईयूगेटवे विदेश में अध्ययन परामर्श फर्म है, जो यूरोपीय देशों में शिक्षा के लिए परामर्श देने के साथ लैंग्वेज ट्रेनिंग प्रोग्राम भी करवाती है। ि४ँ३ी६८.ल्ल पर यूनिवर्सिटी एवं कोर्स की पहचान कर सकत है। इसके साथ ही यह भी समझने का मार्गदर्शन मिलेगा कि प्रवेश प्रक्रिया क्या है, वीजा के लिए कैसे आवेदन किया जा सकता है।

## आइडीपी कंसल्टेंसी

यह कंपनी एक इंटरनेशनल एजुकेशनल ऑर्गेनाइजेशन है, जो दुनियाभर में छात्रों को प्लेसमेंट की सुविधा देती है। यहां आस्ट्रेलिया, अमरीका, यूके, न्यूजीलैंड, आयरलैंड और कनाडा में स्टडी का मार्गदर्शन मिलेगा। इस प्लेटफॉर्म पर पाठ?क्रम की सलाह के साथ आईएलटीएस की तैयारी, वीजा, आवास, स्वास्थ्य कवर की जानकारी मिलेगी।

## एडवाइस

इस प्लेटफॉर्म की मदद से भी आप सही विदेशी शैक्षणिक संस्थान का चुनाव कर सकते हैं। यहां यूके, यूएसए, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, आयरलैंड, फ्रांस, जर्मनी, दुबई, स्विट्जरलैंड, मलेशिया आदि देशों में स्टडी की जानकारी ले सकते हैं।

## स्टडी एंड वर्क अब्रॉड

यह प्लेटफॉर्म उन लोगों के लिए उपयोगी है जो विदेश जाना चाहते हैं, फिर चाहे वजह स्टडी हो या फिर नौकरी। पर जाकर आप अपनी रुचि और आवश्यकता के अनुसार मार्गदर्शन ले सकते हैं। यहां सही मार्गदर्शन करने के लिए आपको विदेशी सलाहकारों की मदद मिलेगी।

## लिवरेज एडु

यह प्लेटफॉर्म छात्रों को अपनी अब तक यात्रा को नेविगेट करने और उसका आकलन करने में मदद करता है। उन्हें पर्सनल एडवाइजर्स से मदद मिलती है। यहां छात्रों को रोजगार के नजरिए से यह समझने में मदद मिलती है कि किस के कोर्स वर्तमान एवं भविष्य के लिए उपयोगी होंगे। इसकी भारत एवं विदेश में 35 से अधिक साइट्स है।

## द वर्ल्डग्रेड

इस प्लेटफॉर्म की शुरूआत कोरोना के दौरान विदेश में पढ़ाई की चुनौतियों का समाधान करना है। विदेश में स्टडी करने के लिए आवेदन करने वाले छात्र अपना पहला सेमेस्टर या पूरा एक साल ऑनलाइन स्टडी कर सकते हैं। बाकी सेमेस्टर ऑफलाइन एवं कैंपस में पूरा कर सकते हैं। इस तरह एक साल अपने विदेश में रहने के खर्चे को बचा सकता है। वीजा आवेदन प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शन अंग्रेजी भाषा की कक्षाओं की सुविधा भी मिलेगी।

## ईएसएस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड

ईएसएस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड उन छात्रों के लिए बहुत उपयोग है, तो विदेश में अध्ययन करना चाहते हैं। वर्ष 2001 से संचालित यह फर्म मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप, न्यूजीलैंड आदि देशों में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं कॉलेज में स्टडी का मार्गदर्शन करती है। इस कंपनी की 12 शाखाएं हैं और अब तक ऑस्ट्रेलिया के लिए 3,450, कनाडा के लिए 1150 और यूरोप के लिए 1200 स्टडी वीजा उपलब्ध करवा चुकी है।

(लेखक ब्रदर्स एकेडमी के सेंटर मैनेजर और करियर काउंसलर हैं।)

# क्षमता की पहचान से सफलता की राह

डॉ. नीना

एक पैरेंट-टीचर मीटिंग का माहौल याद आ रहा है- इम्तिहान के रिजल्ट आये हैं, लगभग सभी बच्चे पास हैं, खुश हैं। वहीं उनमें से कुछ बच्चे डरे-सहमे से मां के पास चिपके खड़े हैं। टीचर बता रही हैं, यह बच्चा जरा कम सीरियस है कभी होम वर्क नहीं करता तो कभी क्लास में झगड़े-लड़ाईङ्ख पढ़ाई में मन कम लगता है। बच्चे के अभिभावक सहमति में सिर हिला रहे थे, ऐसे जैसे कि अपने जमाने में वे खुद बड़े पढ़ाकू रहे हों। बदलते हुए समय के साथ प्रत्येक बच्चे में बेहतर पढ़ाई की क्षमता रहे, इसके लिये बहुत सी बातों की आवश्यकता रहती है जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। बच्चे अपनी क्षमता के हिसाब से मेहनत करते हैं, पढ़ते हैं, लेकिन टीचर और अभिभावक दोनों की ज़िम्मेदारी होती है कि अपने बच्चों की क्षमता को पहचानें। बात समीचीन बन जाती है कि अभिभावक स्कूल में पढ़ रहे अपने बच्चे से कैसे व्यवहार करें, क्या खिलायें- पिलायें कि उसका स्वास्थ्य अच्छा रहे, मन लगे पढ़ाई में लगे, फोकस सही रहे।

यकीन करें और दिलाएं भी

सबसे पहले अपने बच्चे पर भरोसा करें, उसे यह अहसास करायें कि मेहनत करके वह सफलता हासिल कर सकता है।

बच्चे को कॉन्फिडेंस में लें और पता करें उसे क्या पसंद है व क्या नहीं। उसे क्या-क्या अड़चनें आती हैं पढ़ाई में? कौनसे विषय आसान लगते हैं?

लिखकर याद करने के फायदे

लिख-लिख कर याद करना एक उपयोगी आदत है। इससे किसी टॉपिक को याद रखना ज्यादा आसान होता है। हालांकि अपने सब्जेक्ट को समझना



ज्यादा जरूरी है, उसे रटने की जरूरत नहीं।

तुलना तो कभी नहीं

किसी दूसरे बच्चे से कभी भी अपने बच्चे की तुलना न करें। हर बच्चा अलग है, सभी की अपनी-अपनी क्षमता और गुण हैं। बच्चे की दोस्त बनें। उसकी खुशी सेलिब्रेट करें वहीं किसी नाकामी की स्थिति में उसकी मदद के लिए तैयार रहें।

खान-पान पर भी ध्यान

उसके खान-पान पर भी ध्यान दें। बात करते रहें कि उसे क्या पसंद है व क्या नहीं। उसके खाने में स्वाद का ध्यान रखें व पौष्टिकता का भी। मौसमी फल जैसे अनार , सेब , स्ट्रॉबेरी, बादाम , अखरोट व खजूर इत्यादि भोजन के आनंद को कई गुणा बढ़ाते हैं, साथ ही पोषण व शक्ति प्रदान करते हैं। यकीनी बनाएं कि मौसम के अनुसार वह दही , दलिया , लस्सी, हरी सब्ज़ियां व दूध आदि का सेवन करे। इससे उसका मन पढ़ाई में भी लगा रहेगा। दूध में मिश्री मिला कर बच्चे को पिला सकते हैं।

मौसम के अनुकूल खुराक

गर्मियों में ब्राह्मी, खस , बेल व गुलाब आदि कुछ शर्बत दूध में मिक्स करके बना कर दिए जा सकते हैं, आजकल बाजार में बने-बनाए शर्बत भी उपलब्ध हैं। सर्दियों में सूखे मेवे बादाम,किशमिस व अखरोट दे सकते हैं। चार-छह बादाम, किशमिस व एक चम्मच सौंप रात में पानी में भिगोकर रख दें, या पीस-छान कर दें। उसकी याद्दाश्त पर सकारात्मक असर रहेगा। जंक फूड से बचें हालांकि पिज्जा, बर्गर वीकेंड पर बनाया जा सकता है।

पर्याप्त नींद

पढ़ाई के लिए सुबह का समय चुनें तो अच्छा रहेगा। जल्दी उठना अच्छी आदत है, लेकिन छह से आठ घंटे सोना भी जरूरी है।

व्यायाम व ध्यान

बच्चा यदि प्रतिदिन व्यायाम करे तो शारीरिक-मानसिक रूप से बेहतर रहता है। योग आसन, प्राणायाम व मेडिटेशन करना भी अच्छी आदत है, जो बच्चे अपने बड़ों के साथ सीख सकते हैं। इससे बच्चे हर इम्तिहान में सफल होने की क्षमता प्राप्त कर सकते हैं।

# सफलता के लिये एकाग्रता और समझ बढ़ायें

## स्कॉट इंटरनेशनल स्कूल हरमू रांची में ब्लेसिंग डे और मोटिवेशनल काउंसलिंग का आयोजन

**सफलता** के लिये बुद्धिमान होना आवश्यक है। सृष्टि के निमार्ण के बाद जो सबसे बड़ा अविष्कार हुआ वह गुरुकुल यानी विद्यालय का ही हुआ। व्यक्ति जंगलों से सभ्यता की ओर चला। स्कॉट इंटरनेशलन स्कूल हरमू राची में आयोजित ब्लेसिंग डे के अवसर पर आयोजित मोटिवेशलन कार्यक्रम में एनके मुरलीधर ने बच्चों को संबोधित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अवसरों की कमी नहीं होगी क्योंकि यह परिवर्तन का दौर है। प्रतियोगिता के अनुकूल अपने मन और विचार को बनाना अतिआवश्यक है। हम क्या करते हैं और हम क्या कर सकते हैं इन दो प्रश्नों के बीच जिंदगी की सफलता सुनिश्चित हो जाती है।

इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य सदान आलम ने कहा कि आने वाले दिनों में आपकी परीक्षा और आप तनाव महसूस कर रहे होंगे। लेकिन तनाव तब नहीं होता अगर आप हर दिन अभ्यास करते रहते। उन्होंने कई उदाहरण के साथ बच्चों को संबोधित किया। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर कुणाल कश्यप ने कहा कि हम स्कूल के बच्चों को उनकी सफलता पर लैट टॉप का पुरस्कार देने वाले हैं। दसवी में 95 प्रतिशत लाने वाले और 12 वीं में 90 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्रों को लैपटाप दिया जाएगा। उन्होंने अपने अनुभव शेयर करते हुए कहा कि हमारे बच्चे उस आर्थिक पृष्ट भूमि से आते हैं जिन्हें माता-पिता या धर में कोई व्यक्ति शैक्षणिक सहयोग नहीं कर पाता है। ऐसे में हमारा काम और अधिक चुनौती वाला हो जाता है। अभिभावक से संवाद के क्रम में कई बार ऐसा अवसर आता है जब हम उनसे बच्चों के शिक्षा पर ध्यान देने को कहते हैं तब माता-पिता या अभिभावक यह कहते हैं कि सर हम कुछ पढ़ें लिखे नहीं है किस प्रकार बच्चे की कॉपी देख सकते हैं। लेकिन उनमें से एक ऐसी मां भी मिली जो बोली कि मैं पढ़ी लिखी नहीं हूं सर लेकिन सही और गलत के चिन्ह को पहचान कर अपने बच्चों की हर गलतियों पर पूछ ताछ करती हूं। आज स्कूल से राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिभा सामने आ रही है और हमें अपने छात्रों पर जो अधिकांश सामान्य परिवार के हैं उनकी सफलता पर गर्व है।









# देश में 2030 तक 1.1 अरब लोगों के पास होगा इंटरनेट, एक करोड़ जॉब की संभावना

**अल्फा बेटा** कंपनी के एक सर्वे के अनुसार देश में मौजूदा कुल कर्मचारियों में 2 करोड़ 7 लाख कर्मचारियों को अगले वर्ष तक नौकरी जारी रखने के लिए डिजिटल स्किल सीखने की जरूरत है। ऐसे में आप भी डिजिटल स्किल हासिल कर भविष्य की नौकरियों के योग्य बन सकते हैं।

एस एंड पी ग्लोबल द्वारा जारी एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार भारत में चल रहे डिजिटल परिवर्तन से आने वाले वर्षों में ई कॉमर्स सेक्टर के विकास में और तेजी आएगी। क्योंकि टेक्नोलॉजी के बढ़ते चलन और सस्ते इंटरनेट के कारण लगातार इंटरनेट इस्तेमाल करने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। मौजूदा समय में देश में 69 करोड़ लोग इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिसमें जनवरी 2023 के एक आंकड़े के अनुसार 46 करोड़ से अधिक युवा सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे हैं। एस एंड पी ग्लोबल के ताजा सर्वे में ये सामने आया है कि अगर इसी तरह भारत डिजिटल सेक्टर में प्रगति करता रहा तो 2030 तक 1.1 अरब भारतीयों के पास इंटरनेट होगा। जबकि 2020 में देश में इंटरनेट इस्तेमाल करने वालों की संख्या केवल 50 करोड़ थी। अब युवाओं के लिए काम की खबर ये है कि 2030 तक भारत में 9 करोड़ से अधिक नौकरियां निकलेंगी। जिसमें कंस्ट्रक्शन सेक्टर, आईटी



इंडस्ट्री और डिजिटल सेक्टर प्रमुख होंगे। ई कॉमर्स सेगमेंट बढ़ने से अकेले डिजिटल सेक्टर में करोड़ों नौकरियां होंगी। मैंकिंजी ग्लोबल इंस्टीट्यूट के अनुसार आने वाले वर्षों में जॉब में बने रहने के लिए दुनियां में 7 करोड़ से लेकर 37 करोड़ तक युवाओं को नई स्किल्स सीखनी होंगी। ऐसे में ये तय है कि आने वाले वर्षों में केवल उन्हीं युवाओं को नौकरियां मिलेंगी जिन्होंने कुछ न कुछ स्किल हासिल कर रखी होगी। अगर आप भी अनस्किल्ड हैं और रोजगार की आपको तलाश है तो रअऋअछळअ के एडवांस सर्टिफिकेशन इन डिजिटल मार्केटिंग प्रोग्राम का हिस्सा बनिये और पाइये 3 महीने का ऑनलाइन प्रोग्राम। जिसमें आप 20 से ज्यादा टूल्स और मॉड्यूल्स सीखेंगे। इसके बाद 2 महीने की ऑन जॉब ट्रेनिंग का मौका। इस ट्रेनिंग से आपको पता चलेगा कि कैसे कॉरपोरेट सेक्टर में आप काम करेंगे।

## प्रोफेशनल डिजिटल मार्केटिंग क्या कहता है सर्वे

एमेजन वेब सर्विसेज और अल्फा बेटा के एक सर्वे के अनुसार देश में मौजूदा कुल कर्मचारियों में 2 करोड़ 7 लाख कर्मचारियों को अगले वर्ष तक नौकरी जारी रखने के लिए डिजिटल स्किल सीखने की जरूरत है। यानी तेजी से बदलते डिजिटल परिवेश के कारण नौकरियों का ढांचा बदल रहा है। यानि आने वाले समय में नौकरियों के ढांचे बदल रहे हैं

**100 फीसद प्लेसमेंट असिस्टेंस**
**100 घंटे लाइव इंटरेक्टिव क्लासेस**
**20 से ज्यादा लर्निंग टूल्स**
**8+ लाइव प्रोजेक्ट्स**
**गूगल सर्टिफाइड अनुभवी फैकल्टी द्वारा प्रशिक्षण**
**साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन**
**एक्सपर्ट्स के साथ मास्टर क्लास**
**कम्प्लीमेंट्री कोर्स-सॉफ्ट स्किल्स**

## आपको क्यों सीखनी चाहिए डिजिटल मार्केटिंग

भारी डिमांड : आज के समय में डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र में स्किल्ड युवाओं की भारी डिमांड है। लिंक्डइन के अनुसार ऑनलाइन मार्केटिंग सेक्टर 2023 में लाखों युवाओं के लिए नौकरी के दरवाजे खोल रहा है। क्योंकि हर कंपनी, हर ब्रांड ऑनलाइन मार्केटिंग पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है।

हाई पेइंग जॉब्स : डिजिटल मार्केटिंग फील्ड में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण इस फील्ड में करिअर बना रहे युवाओं को आकर्षक सैलरी पर नौकरी दी जा रही है।

फास्ट ग्रोइंग इंडस्ट्री : डिजिटल मार्केटिंग इंडस्ट्री इस समय सबसे तेजी से ग्रोथ कर रही है। आने वाले 4 सालों में इस इंडस्ट्री के 75 हजार करोड़ के बनने के आसार हैं।

बेटर जॉब सिक्यूरिटी : इस क्षेत्र में काम करने जा रहे युवाओं को नौकरी की चिंता करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि अब ऑनलाइन टिकटिंग से लेकर, कपड़ा, इलेक्ट्रिक सामान व राशन डिलीवरी तक अधिकांश काम ऑनलाइन ही रहे हैं।

मल्टीपल स्किल ओरिएंटेड जॉब : डिजिटल मार्केटिंग स्किल्ड युवा को नौकरी की कमी नहीं रहेगी क्योंकि वह इस स्किल के अंदर एसईओ, सोशल मीडिया मैनेजर, एसईएम एक्सपर्ट्स, एनालिटिक्स मैनेजर, कंटेंट मार्केटिंग मैनेजर आदि स्किल्स को हासिल कर लेता है।

डिजिटल मार्केटिंग मॉक टेस्ट

## सफलता के साथ बनाएं अपना करियर

देश की जानी - मानी ऐडटेक कंपनी सफलता ने युवाओं की मदद के लिए कई प्रोफेशनल और स्किल ओरिएंटेड शॉर्ट और लॉन्ग टर्म कोर्सेज की शुरूआत की है जहां से आप घर बैठे खुद को एक किसी फील्ड का प्रोफेशनल बना सकते हैं। यहां डिजिटल मार्केटिंग के अलावा भी कई कोर्स मौजूद हैं। इतना ही नहीं सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए भी सफलता पर लगभग सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोर्सेज हैं।

यहां से पढ़कर सैकड़ों युवाओं ने सरकारी और प्राइवेट सेक्टर में शानदार नौकरियां हासिल की हैं। तो फिर देर किस बात की आज ही सफलता से जुड़ें और अपना शानदार करियर बनाएं। आप अपने फोन में डाउनलोड करके भी इन कोर्सेज से जुड़ सकते हैं।

## स्पीड न्यूज

### हाथियों का उत्पात जारी फसल रौंदा, पानी पंप तोड़ा



**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड में जंगली हाथियों का उत्पात निरंतर जारी है। इस बार जंगली हाथी केंदु गांव में घुस आए हाथियों के झुंड ने गांव के गुंजरी देवी के खेत को निशाना बनाया। हाथियों ने उसके लगभग डेढ़ एकड़ में लगे गेहूं और राई के फसल को रौंद डाला। इस क्रम में हाथियों ने फसल की सिंचाई के लिए लगाए गए पानी पंप को भी छोड़ डाला। भुक्तभोगी ने बताया कि देर रात हाथियों का झुंड गांव में घुस आया और खेतों को रौंदना शुरू कर दिया। काफी देर खेतों में उत्पात मचाने के बाद हाथी जंगल की ओर चले गए। भुक्तभोगी ने वन विभाग से हाथियों को नियंत्रित करने और नष्ट किए गए फसल के मुआवजे की मांग की है।

### दशकर्म में पहुंचे प्रदेश प्रवक्ता

**इटखोरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सह सिमरिया विधानसभा नेता जीतम राम ने गुरुवार को टखोरी प्रखंड के करणी पंचायत के बागमुंडी गांव निवासी स्वर्गीय चेत लाल राणा के दसक्रम में पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश राम, लक्ष्मी ठाकुर, डोमन राना ,सीताराम दांगी, लक्ष्मी ठाकुर, वासुदेव साव सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### दो दिवसीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न



**कोडरमा।** राजकीय पॉलिटेक्निक के ऑडिटोरियम में स्वीप कोषांग के तत्वावधान में पंचायतों के मुखिया और बीएलओ के लिए आयोजित दो दिवसीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि मताधिकार सबका अधिकार है, यह लोकतंत्र की मजबूती के लिए अतिआवश्यक है, उन्होंने सभी बीएलओ को अपने-अपने मतदान केंद्रों में बूथ अवेयरनेस ग्रुप का गठन कर अधिक से अधिक लोगों को इसका सदस्य बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने समेत सूची में जिस प्रकार की त्रुटियां हो उसे जल्द से जल्द दूर करें, बूथ अवेयरनेस ग्रुप का गठन करते हुए बूथ आइकॉन बनाये, 80 वर्ष या उससे आकि उम्र वाले वोटरों का नाम सूची में दर्ज करने, दिव्यांग मतदाताओं का सर्वे कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने व छूटे हुए बिरहोरों का भी नाम जोड़ने आदि का निर्देश दिया। स्वीप कोषांग के वरीय पदाकिारी सह डीएफओ सूरज कुमार सिंह ने कहा कि छूटे हुए लोगों का नाम सूची में दर्ज करें, जिन मतदान केंद्रों में पिछले चुनावों में कम मतदान हुआ हो ऐसे केंद्रों को चिन्हित करते हुए विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाएं।

### ट्रांसजेंडर, उभयलिंगी व्यक्तियों के अधिकार पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न



**कोडरमा।** राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान स्थित ऑडिटोरियम में जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्रांसजेंडर, उभयलिंगी व्यक्तियों के अधिकारों पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला गुरुवार को सम्पन्न हुआ। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि ट्रांसजेंडर, उभयलिंगी व्यक्ति भी समाज का हिस्सा है। इन्हें समाज के मुख्यधारा से जोड़ने का हरसम्भव प्रयास करें, ताकि अन्य लोगों की तरह इनलोगों का भी सर्वांगीण विकास हो सके। वहीं उपायुक्त ने ट्रांसजेंडर, उभयलिंगी व्यक्तियों के अधिकारों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि स्थानीय मुखिया, आंगनबाड़ी सेविकाओं अपने अपने क्षेत्रों में ट्रांसजेंडर और उभयलिंगी व्यक्तियों को चिन्हित करें और उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज करें, योजनाओं का लाभ दें। इसके पूर्व डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा ने ट्रांसजेंडर, उभयलिंगी व्यक्तियों के अधिकारों, ट्रांसजेंडर की परिभाषा, पहचान-पत्र जारी करने की पद्धति आदि पर विस्तृत जानकारी दिया। मौके पर डीएफओ सूरज कुमार सिंह, एसडीओ रिया सिंह, जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनन्दन बड़ाइक आदि मौजूद थे।

### बहुचर्चित 8 वर्षीय बालक हत्या कांड के अभियुक्त रिजवान का बेल न्यायालय ने किया खारिज़

**कोडरमा।** थानाक्षेत्रअंतर्गत जलवाबाद में गत सितंबर माह में हुये 8 वर्षीय बालक अब्दुस समद उर्फ अलसमद को अगवा कर निर्मम हत्या के बहुचर्चित मामले में एडीजे 1 गुलाम हैदर की अदालत ने केस की गंभीरता को देखते हुये हत्यारोपी व साजिशकर्ता रिजवान अहमद उर्फ सिंटू कसाई का एंटीसेप्टिक बेल गुरुवार को ख़ारिज कर दिया। इंफोर्मेन्ट की ओर से सिनियर अधिवक्ता अनवर हुसैन और अधिवक्ता रिजवान अहमद ने मामले की गंभीरता को बड़ी बारीकी से न्यायालय के समक्ष रखा। ज्ञात हो कि गत 14 सितंबर को मामा की दुश्मनी में जलवाबाद निवासी रिजवान अहमद उर्फ सिंटू कसाई के पुत्र अबुबसर उर्फ राहिल और इरशाद आलम के पुत्र के द्वारा 8 वर्षीय बालक अलसमद का अपहरण कर गला दबा कर निर्मम हत्या कर शव को छुपा दिया था। ततपश्चात बच्चे का शव तीन दिनों के उपरांत पुलिस ने एक बंद घर से बरामद किया था।

# घर में आग लगने से शादी के लिए रखी सामग्री व नगदी जलकर राख

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 7 निवासी मालती देवी पति स्व. त्रिवेणी राम के घर में गुरुवार की सुबह अचानक आग लग गयी। खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। वहीं पीड़ित परिवार से मालती देवी ने बताया कि



दोनों पुत्र अपने काम पर गए हुए थे और हम दोनों मां बेटी कुआं पर नहाने के लिए बगल में गए हुए थे, जब वापस आकर देखा तो पूरा घर जल रहा था, हल्ला करने पर अगल-बगल के लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। वहीं उन्होंने बताया कि बेटी की शादी अगले माह मार्च में होनी है, घर में रखी शादी की सामग्री और नगदी रुपये सब जल गये। मौके पर डोमचांच थाना प्रभारी भी अपने दल बल के साथ पहुंचकर जांच में जुट गये है।

### राज्य सरकारों को गैर संवैधानिक तरीके से गिराने की साजिश के खिलाफ

# माकपा ने केरल एक जुटता दिवस मनाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** संविधान और संघीय ढांचे पर हमले कर मोदी सरकार के द्वारा केरल, महाराष्ट्र और झारखंड सहित अन्य राज्यों की सरकारों को गैर संवैधानिक तरीके से गिराने की निरंतर साजिश के खिलाफ दिल्ली में जंतर मंतर पर केरल के मुख्यमंत्री पिनरयी विजयन अपने सभी मंत्री, सांसद व विधायकों एवं वहां की जनता के साथ गुरूवार को दे रहे धरना के समर्थन में देशव्यापी आह्वान पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला समाहरणालय से सदर अस्पताल तक विरोध मार्च निकाल कचहरी के पास नुक्कड़ सभा आयोजित कर केरल एकजुटता दिवस मनाया। जुलूस में संविधान और लोकतंत्र पर हमला बंद करो, विपक्षी सरकारों को परेशान करना बंद करो, राज्यों के संघीय ढांचे पर हमला बंद करो, विपक्षी सरकारों के साथ सौतेला व्यवहार बंद करो, राज्य के हिस्से का फण्ड रोकना बंद करो आदि नारे लगाए जा रहे थे। वहीं रमेश प्रजापति की अध्यक्षता में हुई सभा को संबोधित




करते हुए माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने कहा कि भारत के संविधान में उल्लेखित राज्यों के अधिकारों को केंद्र की मोदी सरकार द्वारा हनन किया जा रहा है।

विशेष कर वैसे राज्य सरकारों को जहां विपक्ष की निर्वाचित सरकार अपने जन पक्षीय एजेंडे को आगे बढ़ाने का गंभीर प्रयास कर रही है और अपने राजस्व का एक बड़ा हिस्सा इस पर खर्च कर रही है। लेकिन केंद्र सरकार विभिन्न टैक्सों में राज्य सरकार का जो वाजिब हिस्सा बनता है वह भी अपनी विरोधी राज्य सरकारों को देने से इंकार कर रही है। जिसका सबसे बड़ा उदाहरण केरल राज्य है। इसके अलावा झारखंड और कर्नाटक समेत अन्य राज्यों को उनको अपना वाजिब हिस्सा नहीं मिलने से ये राज्य अपने विकास के लिए आर्थिक अवरोधों का सामना कर रहें हैं। जीएसटी लागू होने के बाद सभी पैसे केंद्र के पास चले जाते हैं इससे राज्यों को आर्थिक न्याय नहीं मिलता है।

भाजपा सरकार संविधान और लोकतंत्र को रौंदकर विपक्ष को खत्म करना चाहती है। सारे विपक्षी नेताओं के पिछे केन्द्रीय एजेंसियों को लगाकर उन्हें जेल में डाल रही है। देश फांसीवादी रास्ते पर बढ़ रहा है। हेमंत सोरेन ने जेल जाना मंजूर किया, लेकिन ऑपरेशन लोटस को फेल कर दिया। आने वाले लोकसभा चुनाव में देश की जनता जवाब देगी और इस संविाान विरोधी सरकार को उखाड़ फेकेगी।

### एमडीए कार्यक्रम को लेकर सीएस ने किया प्रेस वार्ता

**कोडरमा।** सिविल सर्जन कार्यालय स्थित सभागार में राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार द्वारा जानकारी दी गई की 10 फरवरी से 25 फरवरी के बीच मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम निर्धारित है, जिसमें जिले के सभी सीएचसी अंतर्गत फाइलेरिया रोधी दवा सर्वजन को सेवन कराया जाना है। जिसका कुल लक्षित आबादी 702701 है। इस कार्यक्रम में कुल 751 बूथ बनाए गए हैं, दवा प्रशासकों की कुल संख्या 1502 तथा दवा निरीक्षकों की कुल संख्या 133 है। इन सभी के द्वारा सर्वजन को दवा का सेवन कराया जाना है। वहीं उन्होंने बताया कि दवा का सेवन उम्र के अनुसार किया जाना है, जिसमें दो तरह के दवा डीइसी टैबलेट एवं एल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाया जाएगा। इस दवा को 1 से 2 वर्ष के बच्चों को डीइसी टैबलेट नहीं देना है तथा एल्बेंडाजोल की आधी गोली देना है। वहीं 2 वर्ष से 5 वर्ष के बच्चों को एक गोली डीइसी तथा एक गोली एल्बेंडाजोल दिया जाना है। 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों को दो गोली डीइसी एवं एक गोली एल्बेंडाजोल दिया जाना है। वहीं 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को तीन गोली डीइसी और एक गोली एल्बेंडाजोल खिलाया जाना है।

### एक साईबर अपराधी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी



**सतगावां (कोडरमा)।** थाना अंतर्गत कांड सं 13/2024, 419/420 भादवि एवं 66सी/66डी आईटी एक्ट के आलोक में एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर त्वरित उद्भेदन हेतु पुलिस उपाधीक्षक सह थाना प्रभारी सतगावां के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में सम्मलित एक साईबर अपराधी सुरज कुमार को गिरफ्तार किया गया एवं अन्य अपराधियों की पहचान कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। वहीं गिरफ्तार साईबर अपराधी 22 वर्षीय सुरज कुमार उर्फ दीपक कुमार पिता अशोक महतो ग्राम घाट कुसंभा थाना बाउघाट जिला शेखपुरा बिहार निवासी है। छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक सह थाना प्रभारी सतगावां दिवाकर कुमार, पुअनि सतीश कुमार, उमानाथ सिंह, विकास पासवान, निशात अहमद एवं सतगावां थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

### ट्रांसजेंडर होना कलंक नहीं पर कार्यशाला का आयोजन

# ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति सहानुभूति व सहयोग की भावना रखें : उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** डीआरडीए प्रशिक्षण भवन हॉल में जिला समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में ट्रांसजेंडर (उभयलिंगी) होना कलंक नहीं पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चतरा ने किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त अबु इमरान एवं विशिष्ट अतिथि ट्रांसजेंडर सपना कुमारी, अमरजीत, पीयूष देवगन, आनंदी उपस्थित थे। कार्यशाल का उद्घाटन विधिवत रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि समाज में ट्रांसजेंडर समुदाय को अभी भी भेदभाव का सामना करना पड़ता है। जो चिंतनीय है। समाज में अभी भी उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने में मशक्कत करनी पड़ रही है। ट्रांसजेंडर समुदाय आम लोगों की भांति ही है। लोगों से ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति सहानुभुति एवं सहयोग की भावना रखने की अपील की। साथ ही उक्त समुदाय के लिए सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चतरा ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि आज भी उक्त समुदाय के लिए समाज में भ्रांतिया है। जिसे हम सभी का दायित्व है कि आम जनों के प्रति जागरूकता फैलाते हुए ट्रांसजेंडरों के प्रति समाज में फैले कु-प्रथाओं को दूर करें एवं समाज में उनके प्रति भेदभाव, भय, दुर्भावना को दूर करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं, उनके कौशल विकास कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा समाज के मुख्यधारा पर लाने पर बल दिए जाने की बात कही गई। चतरा बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने कहा कि समाज में फैले भ्रांतियों के बीच इनका जन्म लेना और विषम परिस्थिति में अपने आप को पहचान स्थापित करना एक कठिन चुनौती है। उक्त समुदाय के लोग जागरूकता व अशिक्षा के अभाव में अपना बेहतर जीवन यापन नहीं कर पाते है परिणाम स्वरूप गलत रास्ते अपना लेते है। ऐसे में हम सभी की जिम्मेवारी बनती है कि इन्हें समानता की दृष्टिकोण से आगे बढ़ने में सहयोग करे। कार्यशाला में उपस्थित ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को मोमेंटो व शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के डीपीएम, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य सिमरिया पश्चिमी एवं उत्तरी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सिमरिया, पत्थलगडा जिप सदस्य, जिले के विभिन्न पंचायतों के मुखिया, महिला पर्यवेक्षिका, सेविका एवं कार्यालय कर्मी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। प्रतिभागियों के द्वारा भी ट्रांसजेंडर (उभयलिंगी) होना कलंक नहीं विषय पर अपने विचार व्यक्त किया गया।

# चतरा में शहीद जवानों को डीजीपी ने दी श्रद्धांजलि

### कहा- जवानों की कुर्बानी नहीं जाने देंगे बेकार, एक-एक का लिया जाएगा बदला

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो जवानों के शहीद होने के बाद गुरुवार को शहीद जवानों को श्रद्धांजलि श्रद्धांजलि देने के लिए झारखंड डीजीपी अजय कुमार सिंह, एडीजी संजय राव लाटकर, आईजी माईकल राज, आईजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार, डीआईजी सुनील भास्कर, सीआरपीएफ बोकारो जोन के डीआईजी बृजेश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी चतरा पहुंचे। पुलिस लाइन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उन्होंने शहीद सिकेंद्र सिंह और सुकन राम को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर चतरा एसपी राकेश रंजन और डीसी अबु इमरान के अलावा जिला के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान एक-एक करके सभी पदाधिकारी ने शहीद



सिकेन्द्र सिंह व सुकन राम को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर दोनों शहीद जवानों के परिजन मौजूद थे।

**डीजीपी ने परिजनों को हर संभव मदद का दिया भरोसा :** डीजीपी ने शहीदों के परिजनों से मुलाकात की और परिजनों को सहायता राशि सौंपने के साथ परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस दौरान डीजीपी अजय कुमार सिंह ने नक्सलियों को चेताते हुए कहा कि नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में हमारे दो जाबांज जवान शहीद हुए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों जवानों की शहादत को बेकार नहीं जाने दिया जाएगा। पुलिस की टीम के द्वारा इलाके की घेराबंदी कर लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक-एक करके नक्सलियों से बदला लिया जाएगा।

**अफीम की खेती को नष्ट कर लौटने के क्रम में हुआ था मुठभेड़ :** गौरतलब है कि अफीम विनिष्टीकरण अभियान में निकली सदर थाना पुलिस की टीम पर सदर थाना और जोरी थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके वनभूमि में लगे अफीम की खेती को नष्ट कर लौटने के क्रम में बैरियों-गम्हारतरी जंगल में पहले घात लगाए बैठे टीएसपीसी के सबजोनल कमांडर हरेंद्र गंझु के दस्ते के साथ मुठभेड़ हुई थी।

घटना में दो जवानों के मौके पर शहीद होने के साथ तीन अन्य जवान घायल हो गए थे। इसमें एक जवान की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए एयरलिफ्ट कर रांची जाया गया है?। वहीं दो अन्य जवानों का सदर अस्पताल में उपचार कराया जा रहा है।

## एक नजर में

### टंडवा मंडल मे गांव चलो अभियान का कार्यशाला संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** भारतीय जनता पार्टी का टंडवा मंडल गांव चलो अभियान कार्यशाला का बैठक मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी के अध्यक्षता में चुंदरु धाम टंडवा के प्रांगण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संजीव पांडे द्वारा किया गया कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी के द्वारा कार्यक्रम की सफलता पर स्थित रूप से चर्चा की गई तथा सभी उपस्थित के प्रवासी एवं बूथ के संयोजक के द्वारा कार्यक्रम को भव्यता पूर्वक संपन्न करने का संकल्प लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य अक्षय वट पांडे सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडे विधायक प्रतिनिधि शशि चौरसिया मंडल उपाध्यक्ष रामेश्वर विश्वकर्मा अजय सिंह कार्यक्रम के संयोजक शिव प्रसाद गुप्ता सहसंयोजक रामेश्वर विश्वकर्मा बबलू गुप्ता किसान मोर्चा अध्यक्ष श्याम सिंह मंडल महामंत्री संजीव पांडे सुनील चौरसिया जी हेमराज साहू जिबलाल यादव विकास कुमार महेंद्र महतो रितु महतो पारस सिंह रामदास राणा उपेन्द्र चौबे धनंजय चौबे युवा मोर्चा अध्यक्ष रितेश सिंह महिला मोर्चा अध्यक्ष बेबी देवी महामंत्री संजू देवी रूबी देवी गिरिजा देवी राजेंद्र सिंह रामचन्द्र गुप्ता रामजतन राम दिनेश्वर महतो जगदीश महतो विजय साहू सरिता देवी प्रदीप नायक सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिला मुख्यालय स्थित एएम सिद्दीकी पब्लिक स्कूल में आज 10वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह की शुरूआत पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। इस कार्यक्रम में कक्षा 9 और 8 के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्कूल प्रशासन ने फाईजा खुर्शीद को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ छात्र और हम्माद हुसैन को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ छात्र के रूप में सम्मानित किया। इस शुभ अवसर पर स्कूल प्रशासन ने 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को गुलदस्ता, शॉल, फाइल, ग्रुप फोटो और फोटो कप देकर सम्मानित किया। कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने नम आंखों से अपने अनुभवों और स्कूल में बिताए पलों के लिए आभार व्यक्त किया। मौके पर निदेशक प्रोफेसर उमर फारूक ने कहा कि स्कूली छात्रों की शिक्षा में शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उनके प्रयासों से ही ये बच्चे आज यहां तक पहुंचे हैं। स्कूल के साथियों ने भी एक-दूसरे को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा, कक्षा 2 से कक्षा 10 तक के छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय जीके ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पदक और प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक मुहम्मद मुजम्मिल इजाज अहमद, हाफिज रशीद, हाफिज अली अकबर, जकी कौसर, आरिफ हसन, मुहम्मद आमिर, सीमा, शाहीन आशियाना, साइमा, सादिया, रहमती, आरजू, मुदसरा, सिद्दीका ने भाग लिया।

### राजकीय इटखोरी महोत्सव की तैयारी जोरों पर, एसडीओ ने लिया जायजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** 19 फरवरी से आरंभ होने वाले तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव राजकीय इटखोरी की तैयारियां को लेकर गुरुवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतोष कुमार मां भद्रकाली मंदिर परिसर में पहुंचे। उनके साथ स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बांकिरा व अंचल अधिकारी राम विनय शर्मा भी थे। महोत्सव की तैयारी का जायजा लेने के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ने अस्थाई हेलीपैड, जिला परिषद के गेस्ट हाउस, शौचालय तथा मंदिर परिसर में अवस्थित भवनों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों से महोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए आने वाले कलाकारों के ठहरने की व्यवस्था पर भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात उन्होंने महोत्सव की तैयारी को लेकर मंदिर परिसर के रंग रोगन, साफ सफाई का भी अवलोकन किया। इस क्रम में उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि 15 फरवरी तक सभी तरह की तैयारियों को हर हाल में पूरा कर लिया जाए। ताकि महोत्सव के आयोजन में किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न ना हो। अनुमंडल पदाधिकारी ने हेलीपैड के लिए केबी हाई स्कूल के मैदान का भी अवलोकन किया। लेकिन मंदिर परिसर से दूरी रहने के कारण हेलीपैड मां भद्रकाली मंदिर परिसर में ही रखने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने इटखोरी महोत्सव के उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को निमंत्रण पत्र भेजा है। मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को देखते हुए हेलीपैड की व्यवस्था बनाई जा रही है।